Pw. 3 जैयकिरण शर्मा के अनुसार. जो एक पटवारी था जिसने इस्तीफा दे दिया और पं० नेहरू से मिलने गया एक ज्यादा अच्छे काम के लिए —१९६२ में श्री कामराज, मोरारजी देसाई और दूसरे खास-खास व्यक्ति बैंठे हुए थे और पं० नेहरू से बहस कर रहे थे कि नेताजी रूस की जेल से रिहा कर दिए गए थे। मगर इस व्यक्ति से पूछने पर इसने बताया कि वे सब हिन्दी में बात कर रहे थे। यह मुश्किल से मानने योग्य है कि कामराज जीको हिन्दी नहीं आती—एक जानी मानी बात है। इसके अलावा यह बहुत ही असाधारण बात है कि वह लोग यह वातचीत करेंगे अगर यह भेद वाली थी—और वह भी Pw 3 की मौजूदगी में। Pw 4 ने एक शहादत दी है इस बारे में नेताजी सुभाषचन्द्र की शादी हुई। मगर फिर भी यह मानलें कि Ex. Pw4/E और Pw4/F वह फोटोस्टैट कापियाँ हैं उन चिठ्ठियों की जो उसे मिली हों फिर भी मुझे किसी भी हालत में कोई सम्बन्ध इस प्रकार का नहीं दिखाई पड़ता कि नेताजी सुभाष बोस की शादी और इस मुकदमे में जितने इल्ज़ामात लगाए गए हैं कोई सम्बन्ध है। फिर भी मुझे ऐसा लगता है कि शिकायती अपने आम ख्यालातों को केवल हवा देना चाहता है बगैर किसी वास्तविक आधार के जैसा इस शिजायत से प्रतीत होता है।

यह बात साफ नहीं है कि शिकायती किस प्रकार से साबित करने का ख्याल रखता है यह कहकर कि मुलजिम न० ९ एक पहेली है। वरखिलाफ इसके की कि मुलजिम न० १, २ और १० से २५ हैं इस बात पर कि नेताजी जीवित हैं और ऐसा ही मुलजिम न० १, २ और १० से २५ तक। केवल इस कारण से कि मुलजिम न० ९ में बिलकुल हिम्मत नहीं है कि वह अपनी शिनाख्त साबित कर सके। इसका यह मतलब नहीं कि वह नेताजी नहीं हो सकता है अगर कोई यह एक वजह देखना चाहे केवल शिकायत के आधारों पर। किसी भी हालत में—यह एक षडयंत्र कैसे हो सकता है तमाम मुल्जिमों के बीच जबकि, जैसा ऊपर बताया गया—कि वे खिलाफ रायें बोलते हैं।

इस हालत में तमाम ब्यानों को देखते हुए मुझे मालूम होता है कि यह एक बेबुनियादें शिकायत है और कि यह खारिज कर देने योग्य है। अपनी पहली परिस्थिति में यह कोई मुकदमा धारा ४२०/१२०-B आई. पी. सी में मुल्जिम न० १ से २५ तक नहीं बनता है इस कारण मुकदमा खारिज किया जाता है।

क. सेन गुप्ता,
सब डिवीज़नल मजिस्ट्रेट
नई दिल्ली

सुनाया
१८. १. ६९

Printed & Published by I. B. Saxena, Subhash Gali No. 1 Kumar Fine Art Delhi-6

पीकिंग रेडियो से नेताजी का भाषण

Regd D. No. 169

# श्री सुभाष चन्द्र बोस का रेडियो से ऐलान

## क्रांति होगी और जरूर होगी


# विश्वनेता

साप्ताहिक — प्रति गुरुवार

अंक नं० ७५ — मूल्य १५ पैसे




(नेताजी सुभाष चन्द्र)

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दिल्ली के बहुत से सरकारी गैर सरकारी नागरिकों ने २०-२-६९ की रात को ९ बजे पीकिंग रेडियो से प्रसारित नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस के ताजे भाषण को सुना जिसकी रूपरेखा इस प्रकार है

पहले पीकिंग रेडियो से एक लड़की ने कहा :—

"अब आपके देश के एक हरदिलअज़ीज़ नेता श्री सुभाषचन्द्र बोस माइक पर हैं अब आप उन्हें सुनिये।

कुछ ही क्षणों बाद नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की आवाज़ सुनाई दी और उन्होंने कहा।

मैं सुभाषचन्द्र बोस बोल रहा हूँ।

द्वितीय महायुद्ध के बाद से जैसा कि मैं आप सबको सम्बोधित करते हुए हर बार विश्वास दिलाता रहा हूँ के मुझे पूरा यक़ीन है के भारत आज़ाद होगा और ज़रूर होगा दुनिया की कोई शक्ति नहीं कि वह हमें इस काम से रोक सके। सम्मराजवादी ताकतों ने जो हम में फूट डालने के लिए यह विभाजन किया है इससे हम पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि पाकिस्तान में रहने वाले भी तो हमारे ही भाई हैं। हमें उनके साथ अच्छे सम्बन्ध रखने चाहिए। वह किसी वकत भी फिर हमारे साथ मिल सकते हैं हमें उनको गले से लगाना ही होगा वह हमारा ही खून है फिर हम उनसे जुदा कैसे रह सकते है।

अब समय आ गया है कि जब भारत के हर नागरिक मज़दूर, किसान, राजनीतिक संस्थानों को चाहिए कि वह इस ओर देखें और अपने को आज़ाद करने के लिए उसी प्रकार कुर्बानियां दें जिनकी बेमिसाल शहादत। द्वितीय महायुद्ध के इतिहास से मिल सकती है। क्रांति होगी और अवश्य होगी। इस क्रांति में आप सबके सहयोग का होना ज़रूरी है। मैं हमेशा यही कहता रहा हूँ और आज भी पूरे विश्वास के साथ यही कहूँगा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा। आजादी आपके सामने खड़ है जो आपसे कुर्बानी चाहती कोई भी देश कुर्बानी किए बगैर आज़ाद नहीं हो सकता इसलिए यह निहायत ज़रूरी है कि हम भारतवासी अपनी भारत माता के चरणों में अपने को कुर्बानी देने के लिए प्रस्तुत कर दें।

जयहिन्द
इन्क़लाब जिन्दाबाद
आजाद हिन्द जिन्दाबाद

## हमारा अगला कदम

प्रार्थी श्री इकबाल बहादुर सक्सैना ने कुमारी सेन गुप्ता मजिस्ट्रेट के १८-१-६९ के फैसले के खिलाफ फिर तीसरा रिवीजन श्री जे० एन० वर्मा की अदालत में श्री अवनाश चन्द्र जौहरी एडवोकेट दिल्ली के द्वारा ३-३-६९ को दायर कर दिया है जिसमें पेशी १०-३-६९ की थी परन्तु फाइल नहीं आई थी जिस कारण आगामी पेशी ८-४-६९ मुकर्रिर की गई है नोट करें।

"वन्दे मातरम्"

एकता — विश्वास — बलिदान

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का सन्देश —
भारतीय सुभाषवादी जनता के द्वारा ।
मेरे देशवासियो, उठो जागो ।
मैं तुम्हारी—प्रतीक्षा में हूँ ॥
भारत ही विश्व को नवीन पथ दिखायेगा ।

—नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

मेरे देश के भाई बहनो,

भारतीय सुभाषवादी जनता आपका आह्वान करती है। उठो और जागो पहचानों उस सत्य को जो शौलमारी मैं तुम्हारे सामने प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत है।

अंग्रेजी स्वर में सत्यमेव जयते का पाठ बन्द करो मेरे भाइयो, भारतीय स्वर में सत्यमेव जयते का उद्घोष करो। असत्य अपने आप मिट जायगा। दिखा दो आज विश्व को कि विदेशी अन्न खाकर अभी हम में सत्य के लिए संघर्ष करने की क्षमता है।

काट दो उन अदृश्य बन्धनों को जो प्रत्यक्ष में हमारी व आपकी दृष्टि में नहीं हैं। युग पुरुष श्रीमद् शारदानन्द जी में उन सभी दृश्य व अदृश्य बन्धनों को काटने की पूर्ण क्षमता है। लेकिन उचित समय आने पर तभी तो उन्होंने कहे हैं ये महावाक्य :—

"जाओ घर घर में तैयार रहो।
समय आते ही तुम्हें आवाज़ दूंगा ॥"

—शारदानन्द

आओ आज चारों दिशाएँ हिल गई हैं। वह समय आ गया है कि श्री शारदानन्द वेशी श्री सुभाषचन्द्र बोस के चमत्कारी व्यक्तित्व से भारत ही नहीं समस्त विश्व को चमत्कृत होना है।

भाइयो, भारत की सरकार कहने को आजाद भारत की सरकार, कार्य रूप में अंग्रेजी की पिट्ठू सरकार, पी० एल० ४८० के चमत्कार में डूबी सरकार अरबों, खरबों के डालरों के कर्ज में डूबी सरकार तथा उसके मातहत पलने वाले प्रचार यन्त्र रेडियो व कोटा धारी अखबार अंग्रेज अमेरिका के 'दुश्मन सुभाष" (जिसका डर गोरी चमड़ी वालों के रक्त में आज भी घुला हुआ है) के जीवित होने के प्रमाणों की सत्यता को तुम तक कभी नहीं पहुँचने देंगे। हां नेताजी के विषय में गलत बयानी का अन्धकार आप तक अवश्य पहुँच जायगा। अब सुभाष वादी जनता आपको चेलेंज में साथ दिखाती है कि वह प्रकाश, जिसको तुम चाहो तो थोड़ा प्रयत्न करो और प्रत्यक्ष रूप से तुम्हारे सामने आ जाए।

मेरे देशवासियों, यदि देश और संसार का शीघ्र ही काया कल्प चाहते हो तो भारत की प्रधानमन्त्री इन्द्रा गांधी को वाध्य कर दो यह बताने के लिए कि शारदानन्द जी नेताजी नहीं तो कौन है? जबकि श्री सुरेश बोस (नेताजी के बड़े भाई) १५-३-६७ को हावड़ा में डेढ़ लाख जन समूह में घोषणा कर चुके हैं कि शौलमारी साधु ही मेरा छोटा भाई सुभाष चन्द्र बोस हैं। तब यह सत्यमेव जयते की ठेकेदार सरकार मौन क्यों है? क्यों नहीं बताती कि श्रीमद् शारदानन्द जी नेता जी सुभाषचन्द्र बोस नहीं तो कौन है?

भारत के एक खण्ड काश्मीर की जनता "पवित्र बाल" की खोज करा सकती है। किन्तु सम्पूर्ण भारत की जनता शौलमारी के सत्य को नहीं जान सकती है यह भारत में भारत का दुर्भाग्य नहीं तो क्या है?

मेरे देशवासियों, आओ अब अधिक दिन अन्धकार में रहना ठीक नहीं है। निर्णय हो ही जाना चाहिए। सत्यमेव जयते के ठेकेदारों को बाध्य करना ही पड़ेगा।

(शेष पृष्ट २ पर)

सम्पादकीय—

# भारत सरकार खामोश क्यों ?
# भारतीयों को तबाह करने की साजिश क्यों ?

आज जबकि भारत के एक क्षेत्र में जिसे नये नाम पाकिस्तान के नाम से पुकारा जा रहा है। जहाँ अय्यूब की तानाशाही से तंग आकर जनता ने अय्यूब के खिलाफ विद्रोह कर दिया है लेकिन अय्यूबखाँ उस परेशान निहत्थी जनता पर लाठी, गोली और गैस द्वारा जनता को बुरी तरह से परेशान कर रहे हैं जिस कारण सारे क्षेत्र में एक मुर्दमी फैली हुई है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब कि अय्यूबखाँ दो-चार व्यक्तियों का खून न करते हों लेकिन कथित भारत सरकार इस तमाशे को खामोशी के साथ देख रही है और कथित पाकिस्तान में रहने वाले भारतीयों का इस प्रकार खून बह रहा है परंतु अपने को भारत सरकार कहलानेवाली सरकार आज खामोश क्यों है और अय्यूबखाँ को उनके इस फैल से क्यों नहीं रोकती? वह उनको किसी प्रकार की चेतावनी क्यों नहीं देती और वह भारतीयों की कोई मदद क्यों नहीं करती? क्या वह भारतीयों का खून नहीं? क्या वह भारत का क्षेत्र नहीं? क्या वह लोग भारतीय नहीं? क्या उनकी रगों में लाल खून नहीं? क्या उन लोगों की जान की कोई कीमत नहीं? क्या उनकी रगों में हमारा खून नहीं? क्या वह लोग हमारेही यहाँ से गये हुए लोग नहीं? क्या वह हमारे भाई नहीं? क्या उनसे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं? क्या उनके रिश्तेदार भाईबंद यहाँ नहीं? क्या वह गांधी और सुभाष के बाजू नहीं? क्या उहोंन्ने स्वतंत्रता संग्राम में कोई भाग नहीं लिया था तो फिर अपने को भारत सरकार कहलाने वाली सरकार आज खामोश क्यों है? उनकी मदद क्यों नहीं करती क्या कारण है? क्या वह भारत सरकार नहीं? जिस कारण खामोश है? तथा क्या आज तक यह सरकार भारतीय जनता को भारत सरकार बताकर धोखा देती रही है। यदि नहीं तो जबकि अय्यूबखाँ तथा सारा विश्व इस सरकार को भारत सरकार के नाम से पुकारता है तथा मानता है तो फिर क्या भारत सरकार तथा विश्व की तमाम सरकारों की खामोशी से हम भारतवासी यह अन्दाजा लगायें कि यह खामोशी और यह बँटवारा भारतीय जनता पर काबू पाने तथा उनको तबाओ बरबाद करने के लिए किया गया था जिसके कारण १९४७ में हमारे भारतवासी मारे गये और हमारी माताओं बहनों की सड़कों और चौराहों पर आबरू लूटकर और लुटवाकर तथा लोगों के घरबार जमीन जायदाद व असबाव को लूटकर और लुटवाकर यह सरकारें इसी उद्देश्य के लिये बनाई गई हैं कि इस प्रकार भारतीय जनता को तबाओ बरवाद किया जा सके। जैसा कि सन् १९४७ में हुआ और आज तक होता रहा तथा आज पाकिस्तान में हो रहा है परन्तु भाई-भाई की कोई इम्दाद नहीं कर सकता और भारत सरकार की चुप्पी साफ जाहिर करती है कि यह नाटक भारतीय जनता को दमन और मरवाने के लिये रचा गया है जिससे एक दूसरे में फूट डालकर मतभेद पैदा कराकर हम शासन कर सकें। वरना कोई कारण नहीं कि अपने को भारत सरकार कहलाने वाली सरकार इस समय पर खामोश रहे और भारतीय जनता का खून बहता देखती रहे और किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप न करे यदि भारत सरकार ऐसा नहीं करती या करने में हिचकिचाती है तथा अपने को अनाथ महसूस करती है तो समझलो कि फिर यह भारत सरकार नहीं वरना भारत सरकार को भारतीय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से विश्व की कोई सरकार नहीं रोक सकती यदि कोई विश्व सरकार ऐसा करने में और भारत सरकार को अपना कर्तव्य पूरा करने से रोकती है तो समझलो कि फिर यह सब एक ढोंग और धोखा ही धोखा है जो हम भारतवासियों को तबाह व बरबाद करने के लिये विश्व की कुछ सरकारों ने अपने निजी स्वार्थ को पूरा करने के उद्देश्य से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर कुछ वर्षो से हमें धोखा दे रखा है और भारत सरकार वह सरकार है जो दोनों क्षेत्रों की सुख शान्ति के लिये कार्य करती है। वह कभी नहीं चाहती कि यह दोनों आपस में लड़ें। वह जब भी ऐसा होते देखती है लड़ाई को रुकवाती है और भाई के हाथ भाई का खून नहीं होने देती और तुरन्त अपने रेडियो से तथा सीमाओं पर इश्तहार आदि फेंककर प्रचार करती है तथा गुमराह लोगों को रोकती है जैसा कि आपने हर पाकिस्तान हिन्दुस्तान की लड़ाई के समय सुना व देखा होगा और पार्लियामेंट में इस सम्बन्ध में सवाल उठते देखे होंगे वह हैं नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस और उनकी सरकार जो भारत की प्रथम सरकार बनी इसका निर्माण २१ अक्टूबर सन् १९४३ को आपके महान् नेताओं श्री रासविहारी बोस तथा श्री सुभाषचन्द्र बोस आदि व्यक्तियों ने भारतवासियों की इच्छानुसार किया था। जिसे आज़ाद हिंद सरकार के नाम से पुकारा जाता है इसकी आजाद हिंद फौज के बहादुरों के कारनामों को देख अंग्रेज भयभीत होकर भाग खड़ा हुआ परंतु अवसरवादी तत्वों ने पदों और सीटों के लालच में फँस कर देश का विभाजन मानकर भारत माता तथा भारतीयों के साथ विश्वासघात किया और आपको धोखे पर धोखा दे रहे हैं वह भारतीय जनता को मारने व मरवाने पर तुले हैं।

लूप नसबंदी योजना चलाकर नसल को ही जड़मूल से खतम कर देना चाहते हैं, इस सजीव में कांग्रेस के मशहूर नेताओं का साथ भारत के प्रमुख समाचारपत्रों ने भी दिया है और आज भी दे रहे हैं जिन्हें हम रोजाना पढ़ते हैं। जिनके मालिक जनता का खून चूसने वाले बिड़ला, टाटा जैसे मगर मच्छ हैं, जिनका उद्देश्य यह है कि कोई गरीब या छोटा इनसान हमारे मुकाबले में न आ सके यह आपको सच्ची खबरें नहीं देते, उदाहरण के लिये क्या आपकी दृष्टि से शहादरा में हुई दो सवारी गाड़ियों के बीच टक्कर में एक ही व्यक्ति मरा होगा? यदि नहीं तो समझ लो यह समाचार पत्र जिन पर आप अपना पैसा बर्बाद करते सरकार के पिट्ठू व सरमायेदारों के हामी हैं। जो आपको कभी सही सूचनायें नहीं देते और सदा ही अंधेरे में रखते है। हाँ पत्रकारिता के क्षेत्र में कुछ साप्ताहिक तथा और छोटे पत्र का कार्य जरूर सराहनीय है ऐसी दशा में हम भारतीय हिंदू, मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई सभी भाइयों से अनुरोध करते हैं कि अब जागो बहुत सो चुके, ज्यादा बेहोश सोने से चोर चोरी कर सकता है इसलिए वास्तविकता को अनुभव करो और अपना खून व्यर्थ मत बहने दो और अपनी सरकार को आवाज दो और उससे कहो उसे विवश क रोकि यदि वास्तव में तुम भारत सरकार हो तो पाकिस्तान में रहने वाले भारतीयों की मदद करो उन्हें अय्यूब के सिकंजे से बचाओ वरना जो भारतीयों की जान बच सके उन्होंने रोटी-रोजी रोजगार, मकान कपड़ा यदि न दे सकें वह भारत सरकार नहीं धोखेबाज सरकार है। याद रखो यदि तुम किसी की मदद या किसी का साथ नहीं देते, समय पड़ने पर कोई तुम्हारा साथी या मददगार भी न होगा।

—जयहिन्द
आई० बी० सक्सेना

( पृष्ठ १ का शेष )

भारत की आजादी का यह २० वर्षीय इतिहास जो प्रवंचनाओं की नींव पर आधारित है ढह रहा है अब इसको बदलने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। भविष्य तुम्हें शीघ्र अवगत करायगा इस सत्य से, तब न कहना है कि हमें कुछ मालूम न धा।

विश्व को चकाचौंध करने के लिए काफी है जो शौलमारी से चमकेगा। वह दिन निश्चित है जब दुनिया के रंग मंच पर यह चमत्कार होने को है। यह ध्रुव सत्य है।

तो आइए कुछ हम भी करें सिर्फ इतना सरकार को बाध्य करें कि वह बताये—

(१) शाहनबाज कमीशन रिपोर्ट रद्द करके नेताजी जीवित फिर से जांच हो जो शौलमारी से शुरू हो।

(२) सरकार एक विज्ञप्ति (Notifieatioa) जारी करे कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का नाम युद्ध अपराधियों की सूची में नहीं है।

भाइयो, इस प्रकार "अत्यन्त सावधानी से शौलमारी की घटनाओं को देखो और उन पर विचार करो तब देखो कि युम्हें क्या उत्तर मिलता है।"

—शारदानन्द

भाइयो याद रखो,

सत्य कभी नहीं मरता, झूठ को मरना ही होगा और अब वह मरणासन्न है। अंग्रेजी स्वर में सत्यमेव जयते के ठेकेदारों का अब समय आ गया है उनके पापों का हिसाब किताब पूरा हो गया है सिर्फ निर्णय सुनाना बाकी है।

जाओ घर-घर में तैयार रहो।
समय आते ही मैं तुम्हें आवाज दूँगा॥

—शारदानन्द वेशी सुभाष चन्द्र

हमारा यह आवाहन पत्र समाप्त होता है किन्तु भारत के सपूतो,

तुम्हें भारत माता की कसम है कि इस पत्र की सत्यता को जानने का प्रयत्न अवश्य करना। भारतीय सुभाषवादी जनता प्रत्येक समय यथा शक्ति इस सत्य को आप तक पहुंचाने में प्रयत्नशील है।

जयहिन्द

**अखिल भारतीय सुभाषवादी जनता**
८३/२ श्रमिक बस्ती पुराना कानपुर

## ['विश्वनेता'—मांगे और पढ़े]

क्या आपको विश्वनेता पसन्द हैं? क्या आप उन आस्तीन के सांपों साम्राज्यवादी ब्रिटिश सरकार के ऐजेन्टों, पिट्ठूओं की गद्दारी देशद्रोह, विश्वासघात करने वालों को जानते हैं यदि नहीं तो विश्वनेता पढ़ें और आज ही अपने अखबार वाले से विश्वनेता मांगें।

ओ३म्

'विश्व के नाम खुला पत्र' 'वन्दे प्रभु विश्वमातरम्

# प्रभु खुदा के ईमानदार देश भक्त बन्दे अपना कसम कर्तव्य निभाओ !

"आज़ादी सबका जन्म सिद्ध अधिकार है" कर्त्तव्य के नाते ही अखंड भारत पूर्ण आज़ादी के लिए प्रभु—खुदा, मातृभूमि भारत, पवित्र कुरान, गीता, बाईबल आदि की कसम खा कर तथा खून से प्रतिज्ञा करके ही हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई आदि सभी भारतीयों ने आज़ादी की जंग में भाग लिया ! न कि उन सब कसमों से धोखा देकर भेदभाव आदि अराष्ट्रीय आधारा पर बँटवारा के लिए ? क्या यह ही देश भक्ति और कसम की में मित है ?



( बठवारे के समय )

आज़ादी की जंग में इस प्रकार के भेदभाव बंटवारा आदि का सवाल ही पैदा नहीं होता न ही किसी का अधिकार है। अपने को हिन्दू, मुस्लिम या ईसाई कहना प्रभु खुदा की पैदा की हुई जनता तथा एक मानव धर्म में भेद-भाव पैदा कर अशान्ति और बंटवारा करके जानों-मालों का नुकसान पहुँचाना अक्षम्य अपराध है। बेमज़ब प्रभु-खुदा तो सब का ही एक देश या घर है और विश्व भी सबका ही एक देश या घर है और एक ही मानव धर्म है, उसे न मान कर अनेकों जाति मज़ब आदि भेद-भाव के आधार पर बाँट कर विश्व को तो टुकड़े-टुकड़े किया ही है प्रभु-खुदा को भी टुकड़े किया और एक ही जाति या मज़ब के एक अखण्ड राष्ट्रय न होकर अपने आप का बीसियों में बंटवारा करके विश्व में अशान्ति, अस्थिरता पैदा किये हुए हैं, इसके विरुद्ध एक अखण्ड विश्व या देश के लिए संघर्ष जारी है ! वैसे ही भारत की खण्ड आज़ादी के लिए ही सबने एक होकर तिरंगे झण्डे तले कसम खायी और लाखों भारतीयों ने अनेकों प्रकार के बलिदान देकर पना कसम कर्त्तव्य निभाया और उसी चलने के लिए प्रेरणा भी दी।

अतः उन अमर शहीदों की आन के लिए आज भी जंग जारी है। शाहनिवाज़ रिपोर्ट में भी नेता जी के आदेशानुसार भी जंग जारी है। कथित भारत सरकार द्वारा नेता जी पहेली का समाधान न करने से भी जंग जारी है। नहीं तो कभी का अखंड आज़ादी प्राप्त होकर नेता जी पहेली का समाधान भी होकर जंग समाप्त हो जाती। इसीलिए ही जब तक विभाजन आक्रमण समाप्त नहीं होता और नेता जी पहेली असमाधान रहेगी तब तक जंग जारी रहेगी ! क्योंकि नेता जी का "जय हिन्द" अखण्ड आज़ादी का जंगी नारा आज भी जारी है। जिसे दुनिया में सबने ही स्वीकार किया है। अतः देश की आजादी में भेद-भाव बंटवारा आदि का सवाल पैदा करने वाले गदार थे, हैं और सदा ही कहा जायेगा।

भारत का विभाजन मानना या मानने वाले देशी या विदेशी दुनिया के कोई भी क्यों न हों वह भारत पर आक्रमण-कारी है ! और जिन देशों ने अपने देश पर ध्यान न देकर भारत विभाजन को मान्यता दी उन्होंने खुद ही अपने देश विभाजन आदि को दावत दी है !

विश्वशांति के लिए उन्हें चाहिए कि विभाजन मान्यता को वापिस लें, अभी भी मौका है नहीं तो विभाजन मान्यता सहित देश-विदेश में जाना-आना या रहना अखंड राष्ट्रीयता पर स्पष्ट आक्रमण तथा मित्रता नहीं स्पष्ट शत्रुता है माना जायेगा ! और उसकी प्रतिक्रिया जैसा सम्भव अवश्य ही होगी ! क्योंकि युद्ध काल आपत्तकाल है और देश के गद्दारों तथा दुनिया के धोखे के चक्र व्युह में फंसे हुए भी "भारत" मुरदार नहीं। करोड़ों रूप में जिन्दा हैं। यह भारत की अति प्राचीन ऐतिहाहिक प्रसिद्ध आन है। और यदा-यदा ही धर्मस्य गलानिर्भ भवति भारत···! ही नेजा जी और उनका जयहिन्द जंगी नारा दुनिया में घनघोर गरजेगा।

अतः उन करामों के विरोधी यह अराष्ट्रीय भेद-भाव हिन्दुस्तानी-पाकिस्तानी आपस में विदेशी नहीं बल्कि शुद्ध पारा की तरह एकात्मक भारतीय है ! कोई किसी प्रकार के भ्रम में न रहे।

याद रहे कि अखण्ड भारत के सैनानी नेता जी आज भी जीवित हैं। अनेकों महानुभावों के प्रमाण सहित जांच रिपोर्ट से तथा प्रत्यक्ष दर्शीयों के कथन से तथा शाहनवाज़ रिपोर्ट कहानी में भी नेता जी स्पष्ट जीवित है तथा आगे आने वाली और स्पष्ट प्रमाणों से ही घबरा कर यह हकुमत के हर अंनाकानी और अस्पष्टता ही सिद्ध करती है कि नेता जी जीवित है ! इसके बावजूद भी जिन्होंने "जीवित नेता जी को श्रद्धांजलि भेंट की है वे गलती पर हैं कृपया श्रद्धांजलि वापिस ले या प्रमाणित करे कि कथित दुर्घटना में नेता जी की मृत्यु हो गई है या "हिम्मत है तो शाहनवाज़ रिपोर्ट को ही अदालत में पेश करे" अदालत का न और महानुभव कानूनदानों का आदर करें और उनसे स्पष्ट फैसला ले कि शाहनवाज़ रिपोर्ट में नेता जी मृत या जीवित हैं।

अदालती जांच न करना ही नेता जी से स्पष्ट दुश्मनी है सिद्ध करती है। अखण्ड आज़ादी की जंग में नेता जी को उलझे हुए वह मौका देखकर ही कुछ स्वार्थी लोगों ने १९४९ में आम भारत वासियों के विरुद्ध विरोध के बावजूद भी भारत का जल्दी से वह 'मनघड़न्त' विभाजन कर निरापराध भारत और भारतीयों का बंटवारा बरबादी करने के बावजूद भी इसे विभाजित भारत न कहकर भारत के नाम से ही भारतीयों को धोखे में डाल कर विश्वासघात किया।

अगर नहीं तो कथित भारत सरकार के हकूमरानें कृपया बतायें कि १९४७ में किस देश का विभाजन किया था और अब वे किस के हुकुमराने हैं ? अखण्डित या खण्डित भारत का या और किसी का है ? इसे खंडित भारत कहने में डर किस का और हिचकिचाहट क्यों ? हकीकत को स्पष्ट न करना ही धोखा है। याद रहे अखण्ड आजादी के लिए ही लाखों ने बलिददान देकर उसकी कीमत अदा की है और आज भी कर रहे हैं !

"बीच में ही कुछ एक के द्वारा चोर डाकू बांट के लिए नहीं !" अतः यह विभाजित भारत गद्दीयाँ चोरी का माल है। १५ अगस्त १९४७ को रात के १२ बजे सोते हुए भारतीयों का ही चोरी किया हुआ वह माल अखंड भारत है। सावधान !

भेद-भावहीन अखंड भारत मंदिर के अखंड पुजारी भारत अधिकारी नेताजी के आज ७३वें शुभ जन्म दिवस के अवसर पर अखंड भारतवासियों को जयहिन्द। सम्वाद प्रदान करता हूँ और साथ ही अखण्ड भारत का झण्डा सलामी के साथ नेताजी जयहिन्द सम्वत् २६ प्रचलित करने की घोषणा करता हूँ। अतः महानुभाव जंत्रीकारों से प्रार्थना है कि वे कृपया नेताजी जयहिंद सम्वत् तिथि जंत्री (कलेंडर) बनाने का कष्ट करें। देश हित के लिए यह अति आवश्यक है, जय हिंद। जयोतु नेताजी।

आओ ! आओ ओ शेरे हिंद क्या दुश्मनी तेरे से है गुनाह हम सबका माफ कर।<br>
आओ ओ बेताज बादशाह ताज पहनाऊँ तुम्हें, बैठाऊँ दुनिया के आलीशान तख्त पर॥

ए. सी. सरकार

तिथि १० माघ २०२५ (२३-१-१९६९) टाइम्स आफ इण्डिया, नई-दिल्ली.

## फिर वही हेरा फेरी की बातें–

नेताजी का बुत नहीं अपितु स्व० पं० नेहरूजी का बुत लगेगा ?

नयी दिल्ली १४ मार्च, राज्य मंत्री श्री शुक्ला ने आज लोकसभा में श्री प्रकाशवीर शास्त्री को उत्तर में बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का बुत लगाने के लिए जो कमेटी बनायी गयी थी उस कमेटी ने लालकिले के सामने बुत लगाने की सिफ़ारिश की थी लेकिन वह जगह ठीक नहीं समझी गयी इसलिए अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है। और जगह की तलाश हो रही है। प्रकाशवीर शास्त्री ने पूछा कि क्यों यह सच है कि लालकिले पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जगह स्व० पंडित जी का बुत लगाया जा रहा है। ऐसा क्या दिल्ली नगर निगम के सुझाव पर किया जा रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि इस खबर में कोई सच्चाई नहीं। नगर निगम ने सुझाव दिया था पं० नेहरू का बुत रामलीला मैदान में लगाया जाय। श्री कुँवरलाल गुप्ता को बतलाया गया कि बुत लगाने की सिफारिश करने वाली पहली कमेटी की मियाद समाप्त हो चुकी है। अब नयी कमेटी बनायी जा रही है। प्रोफेसर रंगा ने कहा कि बुत लगाने का यह झगड़ा खत्म क्यों नहीं किया जाता क्योंकि पं० नेहरू या श्री सुभाष चन्द्र बोस के बुतों पर झगड़ा क्यों है जबकि दोनों को ही जनता सम्मान की दृष्टि से देखती है। इसका जल्द फैसला क्यों नहीं किया जाता। श्री शुक्ला ने कहा कि इसीलिए तो कमेटी की सलाह ली गयी है।

### फिर स्पष्टीकरण नहीं

नयी दिल्ली १४ मार्च लोकसभा में श्री देवेन सैन के इस सवाल का कोई जवाब न मिले कि क्या सरकार नेताजी की मृत्यु में पूरा यकीन रखती है। क्या ये ठीक नहीं कि एक रहस्यमय भेष में व्यक्ति कभी-कभी कलकत्ते में दिखायी देता है इस प्रश्न का कोई स्पष्टीकरण नहीं किया गया। दूसरा प्रश्न श्री कंवरलाल गुप्ता का एक सुझाव था जिसका भी कोई उत्तर नहीं मिला कि क्या श्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी और छत्रपति शिवाजी के बुत लगाने का भी कोई फैसला किया जायगा।

# "विश्व सेवक संघ" की घोषणा बी० गिरि द्वारा

For the prevention of China attack, for the cause of united India, For the cause of one world goverament, in other words. To serve for the Readrers of misery and suffering of the man kind for the entire world.

१—विश्व बन्धुत्व माध्यम द्वारा सम्पूर्ण विश्व में शान्ति के लिए जीवन पर्यन्त चेष्टा करना।

२—विश्व के समस्त राष्ट्रों के नरनारी को अपने-२ देश में रहकर शांतिपूर्वक विश्व की उन्नति के लिए कामना कराना।

३—यदि कोई राष्ट्र किसी दूसरे राष्ट्र के ऊपर अनाधिकार प्रवेश करे तो विश्व के राष्ट्र मिलकर उस अत्याचारी राष्ट्र का दमन करें।

४—विश्व बन्धुत्व मातृ-प्रेम माध्यम द्वारा सारे राष्ट्रों को एक-दूसरे राष्ट्र में आवागमन की सुविधा प्रदान कराना।

५—वर्तमान समय में हर राष्ट्र में अलग-अलग सरकार चल रही है। इस प्रकार भिन्न सरकार द्वारा राष्ट्रों का शासन न करके विश्व के समस्त राष्ट्रों को मिलाकर विश्व सरकार का गठन करना तथा विश्व के समस्त राष्ट्रों के नरनारी मिलकर विश्व सरकार के लिए प्रतिनिधि निर्वाचन करना। जिसकी बात सब लोग मानें। वह प्रतिनिधि विश्व के समस्त राष्ट्रों को संयुक्त करके समस्त विश्व की शांति के लिए चेष्टा करें।

६—विश्व बन्धुत्व व विश्व के प्राणी मात्र के कल्याण के लिए नई योजना बनाना जिससे शीघ्र विश्व में शांति स्थापित हो सके।

७—विश्व के न्याय के लिए एकमात्र एक कानून के अनुसार विश्व न्यायालय का गठन करना एवं हर प्रकार के अन्याय के लिये सम्पूर्ण विश्व में फैसला दिया जाय वह सब राष्ट्रों में एक हो। जिसे सब लोग मानें।

८—सभी धर्मावलम्बी एकत्र होकर अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई करें एवं न्याय के मर्यादा की वृद्धि करें। जाति, वर्ग व धर्म तथा मतों को लेकर आपसी प्रतिद्वन्दिता को बन्द करना।

९—सर्वप्रथम हिन्दुस्तान व पाकिस्तान को पुन: अखंड भारत करने का प्रयत्न करना। जिससे विश्व की शांति में गड़बड़ी न हो।

१०—हमारा उद्देश्य संसार के कुछ मनुष्यों का संगठन करना है जो सभी धर्मावलम्बी जनता में मतभेद को दूर करके सम्बन्ध स्थापित करें एवं विश्व की एक मात्र विश्व सरकार संगठन में सहयोग दें।

११—हम लोग समस्त प्रकार के धर्म व विचारों का अनुसंधान करेंगे तथा किसी भी देश जाति धर्म व पार्टी के द्वन्द पूर्ण विचारों को समाधान करने में अग्रसर होंगे।

१२—भारत राष्ट्र की खाद्य समस्या तथा बेकारी को हल करने की सफल चेष्टा तथा जो नागरिक किसी भी देश के निवासी हो गये हैं उनके स्थाई रूप से वहाँ पर रहने देने की चेष्टा कराना।

१३—भारतराष्ट्र की सभी राजनैतिक पार्टियों को तोड़कर सबको एकत्र करके देश के शासन संचालन की व्यवस्था कराना तथा देश के उन्नति की व्यवस्था कराना।

१४—आज पर्यन्त जो हो गया सो हो गया, वह मानव जाति का शैशवकाल था। अब समस्त विश्व को एक परिवार युक्त करने की चेष्टा करेंगे। इससे समस्त पृथ्वी पर प्रेम राज्य स्थापित होगा क्योंकि लार्ड एटली व नेहरूजी तथा विलियम वी. सीयर्स न्यूयार्क एवं वर्तमान उपराष्ट्रपति के मतानुसार बिना सरकार के मानव जीवन सम्भव नहीं है।

१५—इस विज्ञापन के प्राप्त होने के साथ ही साथ आप सभी लोग संगठित होकर इस सत्कार्य में सहयोग दें एवं अग्रसर होकर देश विदेश के नर नारियों को एकत्रित करें।

१६—विश्व के समस्त नर नारियों को इस संघ के सदस्य होने के लिए आह्वान कर रहा हूँ। सर्व सम्मति द्वारा विश्व की शांति व सुरक्षा के लिए प्रस्ताव ग्रहण किया जावेगा एवं सारे विश्व में वह चालू किया जावेगा।

१७—सत्कार्य व देश सेवा हेतु देश की कुछ वीरांगनाओं की आवश्यकता है जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रजिया बेगम दुर्गावती व पद्मावती जैसी चरित्रवान व साहसी तथा देश प्रेमी हों।

१८—संघ के संचालनार्थ सरकार एवं विदेशी सरकार द्वारा जो कुछ भी दान के रूप में आयेगा उसे आंतरिकता से सधन्यवाद स्वीकार किया जावेगा। सर्वप्रथम भारत से इसमें अतुलनीय सहायता के लिए आवेदन किया जा रहा है।

१९—विश्व के समस्त राजनैतिक दलों के नरनारी व सरकारी कर्मचारी इस संघ के सदस्य हो सकते हैं। किन्तु इसमें आने के बाद वे विश्व सेवक संघ के ही सदस्य घोषित होंगे।

२०—न्याय, सत्यता, त्याग व परसेवा ही संघ का स्थाई धन है तथा शांति ही इसका सुरक्षा कोष है।

२१—नियम शृंखला भंग करने पर संघ के किसी भी आफिसर व मेम्बर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

भवदीय
बी० गिरी सेक्रेट्री
**विश्व सेवक संघ**
कैंथी वाराणसी यू० पी०

## NETAJI SUBHAS CHANDER BORE

PUBLIC PLEA FOR COMMITTEE OF INQUIRY WITH SUPREME COURT JUDGE & DR. GOPE GURBAX, DR. S. N. SINHA & MR. THEBER

*Letter to the Editor*

I CONGRATULATE you on your leader under the captation "New Frobe Wanted" (Dec. 29-30) supporting the demand of 350 M.P.s (barring the Communists) for a fresh prob into the Netaji episode.

Incidentally we may recollect the sensational revelations made in a series of articles by Dr S. N. Sinha, S.S.P. leader from Bihar published in successixe issues of your Sunday magazine together with the occasional public utterances of Mr. Gurubax Singh (Ds. Gope Gurbax Managing Editor, AMBASSADOR) and Mr. Thebar on Netaji.

It is, therefore, only meet and proper that in a future committee of inquiry headed by some Supreme Court Judge and assisted by some three or four responsible leaders, the above three, too, should be included, who claim to possess many clues on the subject,

It is regrettable that on filmsy grounds like language etc. we are burning trams and buses, holding meetings and processions but no one appears to be sincerely eager to have a thorough inquiry into the mystery about Netaji save and except intermittent and momentary emotional outbursts at convenient times and places, forgetting that we are enjoying the fruits of freedom won from the British through the unique sacrifices and unparalleled lead given by him howsoever interested politician may try to ignore him.

—P. K. BANERJEE,
Jharia (Dhanbad

*Courtsey*: **"Hindustan Standard"** *4-1-1968*

Printed & Published by I. B. Saxena, Subhash Gali, Gorakh Park No 1 & Princd at Kumar Fine Art Delhi

**सरकार का षडयंत्र बे नकाब अदालत का फैसला** Regd B. No. 169

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जीवित हैं

## शौलमारी बाबा नेता जी हो सकते हैं

**शाहनिवाज कमीशन रिपोर्ट एक फराड साबित हुई**
**नेताजी की मृत्यु कि कहानी एक धोका निकली**
**अदालत ने नेताजी को जीवित साबित कर दिया**


विश्वनेता

सम्पादक—आई. सी. सक्सैना
गोरख पार्क सुभाष गली नं० १
शाहदरा दिल्ली-३२

अंक ७६
मूल्य १५ पैसे

साप्ताहिक—
प्रति गुरुवार


## भस्मी नेताजी की नहीं हैं

### जो भस्मी रनकौजी मंदिर में रखी है

आजाद हिन्द दल के नेता लेफ्टीनेंट श्री रामगोपाल जी ने बम्बई में अपनेभाषण में कहा कि नेता जी अभी जीवित हैं। किन्तु सुरक्षा सम्बन्धी कारणों से यह भेद खोला नहीं जा सकता कि वे कहाँ हैं। और उनकी क्या गति विधियाँ चल रही हैं।

श्री रामगोपाल ने आगे कहा कि यह समाचार गलत है कि टोकियों के एक मन्दिर में एक सन्दूक में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की अस्थियाँ रखी हुई है। उन्होंने कहा कि टोकियों के उस मन्दिर में रखी अस्थियाँ नेता जी की नहीं।

नेताजी अपनी योजना बनाने में व्यस्त है।

---





(बाबाजी नेताजी)

**जैसा कि हम आपको पहले बता चुके हैं कि श्री इक़बाल बहादुर सक्सैना ने एक केस धारा ४२० बी० इंडियन पैनेल कोर्ट के के अंतर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सम्बन्ध में नई दिल्ली न्यायालय के अन्दर श्री उत्तमचन्द मलहोत्रा, श्री हीरालाल दीक्षित तथा श्रीमती इंदिरा गांधी, मुरारजी देसाई, वाई० बी० चौहान, सरदार स्वर्ण सिंह, श्री पी० सी० सेन, श्री एस० निजलिंगअप्पा, शाहनिवाजखाँ और अन्य १६ व्यक्तियों के विरुद्ध चला रखा है।**

**जिसका १८-१-६६ को अदालत ने फैसला किया जिसके खास खास अंश आपके सामने प्रस्तुत हैं।**

**मुकदमा—इकबालबहादुर बनाम उत्तमचन्द मल्होतरा वगैरा**

**धारा ४२०/१२० बी आई० पी. सी**

**हुकुम—**

एक शिकायत श्री इकबाल बहादुर सक्सैना ने धारा ४२०/१२०बी. आई. पीं. सी. उत्तमचंद मल्होतरा और २४ दूसरे मुलजिमों के विरुद्ध दायर की है। ये शिकायत इस तरह से है कि सन् १९५४ के बाद जब नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को एक वायुयान दुर्घटना में मरा हुआ घोषित किया गया था। पंडित नेहरू को दवाब डाला गया कि वह एक कमीशन की घोषणा करें। जिसके कि सर्वेसर्वा मुलजिम न० १४ शाह नवाज़खाँ नियुक्त किये गए। जिन्होंने सन् १९६४ में अपनी रिपोर्ट पेश की। यह कहते हुए के नेताजी सुभाष बोस वास्तव में मर चुके हैं। शिकायत के अनुसार यह झूठी रिपोर्ट थी। जिसको के लोगों की आँखों मेंधूल झोंकनेके लिए बनाई गई थी। नेताजी के एक भाई जो इस कमीशन के एक सदस्य थे—ने भी एक किताब इस रिपोर्ट को चुनौती देते हुए छपवाई थी। मुलज़िम न० १ और २ ने १९६२ के आसपास एक संस्था सुभाषवादी जनता के नाम से बनाई थी। यह कहते हुए कि जिला कूच बिहार में स्थित शौलमारी आश्रम के बाबा शारदानन्द जी नेताजी ही बोस हैं। और न० १५ से २५ तक के मुलज़िमों ने उनका साथ दिया और शिकायत करने वाले ने २५१ रु० चन्दा के रूप में मुलजिम न० एक को इस बहाने से दिया। मुलजिम न० १३ को एक जनसभा में यह घोषणा करते हुए सुना गया। के नेताजी अब भी जिन्दा हैं। बाबाजी मुलजिम न० ९ हैं। उसके बाद १९६४ में मुलजिम न० ११ और १२ ने शिकायत करने वाले को आश्रम में बुलाया और मुलजिम न० ९ को दिखाते हुए कहा के वह नेताजी बोस हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वे एक किताब छपवा रहे हैं और इसके लिए देहली से २२ रु० शिकायत करने वाले ने भेजें। मगर किताबें नहीं छापी गई थीं। शिकायत करने वाले ने सदस्य बनने के लिए भी। रुपया सुभाष वादी जनता को दिया मगर नेताजी बोस नहीं प्रकट हुए और मुलजिम न० ९ ने अपनी पहचान नहीं साबित की। सन् १९६५ में नेताजी के दो भतीजों ने अपने चचा के जिन्दा होने की बात को इन्कार किया और कहा के बाबा एक नकली आदमी हैं। साथ-ही-साथ उन्होंने ये भी कहा के बाबा बहुत सा कठिनाइयाँ पैदा करेगा ठीक उस समय पर जब असली नेताजीजाहिर होंगे जब के वास्तविक नेताजी आयेंगे। मुलजिम न० ४, ५, ६ और ७—यानी इन्दिरा गांधी, मोरारजी देसाई, वाई. बी. चौहान और स्वर्णसिंह ये सब मिलकर के एक पार्टी बनी कुछ षडयंत्र रचा जिसमें के ये बात जनता में फैलाई जाए के नेताजी बोस की मृत्यु हो चुकी जैसा कि पं० जवाहरलाल नेहरू ने पहले ही घोषणा कर दी थी। मुलजिम न० १ व २ और ९ से २५ तक ने एक षडयंत्र बना डाला। और इस प्रकार से भारत में लाखों लोगों को धोखा दिया।

शिकायती को कलकत्ता कार्यालय में जाने पर यह बताया गया के मुलजिम न० १ को संस्था के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कारण के उसने इकट्ठी की हुई रकम को नहीं भेजा था। शिकायती ने अपने साप्ताहिक समाचार पत्र विश्व नेता द्वारा गवर्नमेंट को सावधान किया। इन मुलजिमों के विरुद्ध मुलजिम न० ४ से ७ ने कोई कार्यवाही नहीं की। मुलजिम न० ३ श्री पी. सी. सेन, बंगाल के मुख्यमन्त्री थे ने भी मुलजिम न० ९ को पकड़ने से इंकार कर दिया था। और उनको यानी मुलजिम न० ९ को कलकत्ता और झालावाड़ में समन दिए जाने पर भी लाया नहीं गया। तत्पश्चात इस षडयन्त्र में पी सी सेन भी हुए संसद में एक प्रस्ताव के पेश किये जाने पर भी मुलजिम न० ४ से लेकर ७ तक ने इसको खत्म कर दिया। यह प्रस्ताव नेताजी की उपस्थिति को ठीक-ठीक पता लगाने के लिए यह प्रस्ताव था। इसलिए यह बात दिखाती है के मुलजिम न० ३ से लेकर ७ तक दूसरे मुलजिमों के साथ मिले हुए थे। मुलजिम न० ८ श्री एस निजलिंगप्पा कांग्रेस के अध्यक्ष हैं ने भी एक विशेष जाँच कराने के लिए असमर्थ रहे। जो इस षडयंत्र में एक सदस्य भी हैं। एक लेखक जिनका नाम सत्य-नारायण सिन्हा हैं—ने भी कहा है कि नेताजी सायबेरिया की जेल में थे। लेकिन इस पर भी मुलजिम न० ४ से लेकर ८ तक ने इस मामले में विचार करने से इंकार कर दिया मुलजिम नेताजी बोस का इस तरह से बाईकाट कर रहे हैं जैसे के कोई समझौता अंग्रेजी सरकार से किया गया हो के नेताजी को युद्ध अपराधी के रूप में वापस किया जायगा। ये बात १५ से लेकर १७ तक के मुलजिमों ने कही है। शिकायती ये बात कहते हैं के मुलजिम न० १ ने मुलजिम न० ४ से ८ तक के प्रचार प्रसार को खंडित किया। वह ये सम्बन्ध में है। के नेताजी बोस का विवाह मिसेज शंकल से हुआ था।

मैंने बहुत सावधानी से शिकायती का ब्यान और पी. डब्लूज़ के ब्यान पढ़े हैं।

यह बात साफ नहीं है कि शिकायती किस प्रकार से साबित करने का ख्याल रखता है यह कहकर कि मुलजिम न० ९ एक पहेली है। बरखिलाफ इसके की कि मुलजिम न० १, २ और १० से २५ हैं इस बात पर कि नेताजी जीवित हैं केवल इस कारण से कि मुलजिम न० ९ में बिलकुल हिम्मत नहीं है कि वह अपनी शिनाख्त साबित कर सके। इसका यह मतलब नहीं कि वह नेताजी नहीं हो सकता है।

इस हालत में तमाम ब्यानों को देखते हुए मुझे मालूम होता है कि यह एक बेबुनियादें शिकायत है और कि यह खारिज कर देने योग्य है। अपनी पहली परिस्थिति में यह कोई मुकदमा धारा ४२०/१२०-B आई. पी. सी में मुल्जिम न० १ से २५ तक नहीं बनता है इस कारण मुकदमा ख़ारिज किया जाता है।

क. सेन गुप्ता,
सब डिवीज़नल मजिस्ट्रेट
नई दिल्ली

सुनाया
१८. १. ६९

## सम्पादकीय— प्रत्यक्षं..........किं..............प्रमाणं

श्राज विश्वनेता को यह जानकर श्रति प्रसन्नता हो रही है कि उसके पाठकों को श्रपने देश तथा देशभक्त श्री नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के बारे में जो ब्रिटिश सरकार के इशारों पर कांग्रेस ने और कुछ जापानी श्रफसरों ने भ्रम पैदा कर दिया था कि नेताजी इस दुनियाँ में नहीं रहे। इस भ्रम का निवारण विश्वनेता द्वारा हुआ इस बात को जनता स्वीकार कर रही है। हम जनता के आभारी हैं। यह विषय विश्वनेता के मत से कोई गम्भीर विषय नहीं था परन्तु इसके गम्भीर बन जाने के दो मुख्य कारण हैं।

१—नेताजी के दुश्मन विरोधियों के लिए तो ऐसा करना स्वाभाविक ही था वह इसका स्पष्टीकरण क्यों करते या क्यूँ करें परन्तु प्रश्न यह पैदा होता है कि नेताजी के हामियों तथा उनके परिवारियों ने भी इस प्रश्न को हल नहीं किया और जनसाधारण को यह क्यों नहीं बताया कि नेताजी कहाँ हैं ?

जबकि देश के श्रनेकों राजनीतिक, सामाजिक, तथा नेताजी के परिवार के सदस्यों ने यह तो सदा कहा है कि नेताजी जीवित हैं, परन्तु यह बताने का उनमें साहस क्यों न हुआ कि नेता जी कहाँ हैं ? यदि हम इस विषय पर गम्भीरता के साथ सोचें कि क्या उनको इस बात का पता नहीं था कि नेताजी कहाँ हैं ? या कहाँ हो सकते हैं ? तो यह बात गलत है कि इन सब को पता न था क्योंकि बगैर पता हुए कोई भी यह गारण्टी कैसे कर सकता था कि नेताजी जीवित हैं जिसे कुछ प्रमुख व्यक्तियों ने दी मिसाल के तौर पर स्वर्गीय सर्वश्री—डॉ० राधा विनोदपाल, लाला शकंरलाल जी, श्री सरतचन्द्र, बोस, श्री यू० एन० थेवर, नागा नेता श्री फिज़ो, सम्पादक हिन्दुस्तान टाइम्स, श्री सुरेशचन्द्र बोस श्रौर कुछ श्राज़ाद हिन्द फौज़ के अफसरों और जवानों तक ने भी दी जिससे यह कदापि स्पष्ट है कि यह सब कुछ जानते थे श्रौर जानते हैं। परन्तु जानबूझ कर इस बात को इन्होंने जनता से छिपाया जिस कारण जनता भ्रमिक हो गई और जीवित होते हुए भी उसके नेताजी मृतक सिद्ध होते रहे।

यहाँ एक प्रश्न भी पैदा होता है कि आज़ाद हिन्द फौज़ के अफसरों श्रौर जवानों ने भी इसका स्पष्टीकरण क्यों नहीं किया ? दर श्रसल में भारतवासी—आज़ाद हिन्द फौज के जवानों को जिस सम्मान की दृष्टि से देखते हैं वह नेताजी की बदौलत है न कि व्यक्तिगत उन सब में वह खूबी है। क्योंकि श्राज़ाद हिन्द फौज के इतिहास व जवानों की Confidential Report यानी हिस्ट्री को बहुत ही ऐसे कम लोग हैं जो जानते हैं, अधिकतर लोग यही जानते हैं कि यह नेताजी की फौज के लोग हैं। इसी लिए उन्हें बहुत सम्मान की नज़र से देखते हैं इस प्रकार उन्हें नेताजी की बदौलत ही ऐसा सम्मान प्राप्त है ना के सारे आज़ाद हिन्द फौज के अफसर व जवान हक़दार हैं। क्योंकि श्राज़ाद हिन्द फौज में ४ प्रकार के लोग सम्मिलित हैं—

१—वह लोग हैं जिन्हें ब्रिटिश-जापानियों द्वारा गिरफ्तार कर लेने पर छोड़कर चला आया था श्रौर जापान की कैद में थे जिन्हें श्रपने छूटने की कोई श्रास न थी परन्तु नेताजी के जापान पहुँच जाने पर श्रौर समझाने पर कि आप लोगों को यदि मरना ही है तो क़ैद में मत मरो। श्रपने देश के लिए मरो यदि श्राप इस बात के लिए तैयार हैं तो श्राजाद हिन्द फौज में भर्ती हो सकते हैं, श्रौर मैं श्रापको जापान की क़ैद से छुड़ा सकता हूँ—मरता क्या न करता—उन्होंने इस बात को स्वीकार किया श्रौर मौक़े से फायदा उठाया श्रतः श्राज़ाद हिन्द फौज में भर्ती हो गये।

२—वह लोग हैं जिन्होंने ब्रिटिश की श्रोर से लड़ते-लड़ते हथियार डाल दिए थे श्रौर श्राज़ाद हिन्द फौज में शामिल हो गये थे।

३—वह लोग हैं जो ब्रिटिश के इशारे पर श्राज़ाद हिन्द फौज में तोड़फोड़ करने श्रौर बगावत फ़ैलाने के लिए हथियार डालकर आज़ाद हिन्द फौज में घुस गये थे। इन तीनों ही प्रकार के लोगों ने लड़ाई रुक जाने के बाद, जब भारत वापस श्राये, तो श्रधिकतर ने ब्रिटिश सरकार से माफी मांग ली श्रौर जिन्हें फिर ब्रिटिश फौज में रख लिया गया। जिनको ही अवसर-वादी कहा जा सकता है।

४—वह लोग हैं जो बाहर से नये भर्ती हुए थे जिन्होंने नेताजी के तथा देश के वफादार रहने की शपथ ग्रहण की थी जिनका ब्रिटिश से कोई सरोकार नहीं था। जिनकी संख्या बहुत कम है। परन्तु यह लोग उस समय भी वफादार थे श्रौर श्राज भी हैं। जिनको श्राज़ाद हिन्द फौज के रिकार्ड बग़ैर खोजना कठिन है। श्रौर इस नक़्क़ारखाने में उनकी श्रावाज़ कहाँ सुनाई दे सकती है ऐसी दशा में उनसे यह उम्मीद करना और इन पर विश्वास करना सम्भव नहीं।

नेताजी को मारने की जितनी ज़िम्मेदारी नेताजी के विरोधियों की है उससे कम उनके हामियों की भी नहीं, कारण स्पष्ट है कि यदि वह यह बता देते कि नेताजी फलां स्थान पर हैं क्यूँकि जनता और नेताजी के बीच सम्पर्क टूट जाना ही भारत के लिए घातक सिद्ध हुश्रा। इन लोगों ने ऐसा क्यों किया इसका केवल एक ही कारण नज़र श्राता है और वह यह कि इन सब लोगों के मस्तिष्क में एक बात थी कि यदि हम यह बतायेंगे कि नेताजी कहाँ हैं तो इनके दुश्मनों यानी (Allied Powers)—बर्तानिया, श्रमरीका इत्यादि को जब यह बात पता चलेगी तो नेताजी की सुरक्षा में बाधा पड़ेगी व उनका जीवन खतरे में पड़ जायेगा जो कि नेताजी के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

ऐसा प्रतीत है कि नेताजी के हामियों ने केवल (Allied Powers) से छिपाने के लिए यह बात की जो कि विश्वनेता के दृष्टिकोण से बुद्धिमानता की बात सिद्ध नहीं होती कारण यह कि (Allied Powers) (यानी ब्रिटेन और श्रमरीका इत्यादि) की इंटेलीजेन्स और सी० आई० डी० इतनी कमजोर नहीं थी कि वह पता न लगा पाती कि नेताजी की मृत्यु की कहानी झूठी है और वह जीवित हैं, और वह हैं कहाँ ? श्रौर ऐसा हुश्रा भी कि ब्रिटिश को Allied Gommanders Report सी० आई० डी० श्रौर इंटेलीजेन्स तथा जापानी अधिकारियों श्रादि की सभी सूचनाओं से यह मालूम हो गया था कि नेताजी जापानी गुप्तचर विभाग के श्रधिकारियों की मदद से मंचूरिया पहुँच गये और यह सभी रिपोर्ट श्राज भी मौजूद हैं, श्रौर जिनका हवाला नेताजी के सभी हामी नेताजी को जीवित सिद्ध करने के लिए श्रपनी किताबों, लेखों इत्यादि में खुद देते रहे हैं। ऐसी दशा में विश्वनेता यह पूछना चाहता है इन लोगों से कि क्या श्राप लोगों के दृष्टिकोण से कांग्रेस, ब्रिटिश, अमरीका इत्यादि—नेताज़ी के शत्रुश्रों से यह बात छुपी है कि नेताजी जापानियों की गुप्तचर विभाग की मदद से मंचुरिया पहुँचे—या Indo-China में हैं श्रौर मंचूरिया पर सन् १९४५ से उनका श्रधिपत चल रहा है। इस बात को सिद्ध करने के लिए चन्द मोटी-मोटी बातें आप के समक्ष—विश्वनेता पेश करता है।

जैसा कि श्रापको याद होगा कि १९६५ में हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के बीच रेडियो न्यूज़ में बताया गया था कि मंचूरिया के एक दूत ने एक श्रत्यन्त गुप्त पत्र प्रधानमन्त्री स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री को दिया परन्तु उस दिन से लेकर श्राजतक जनता जर्नादन को यह कदापि न बताया गया कि वह पत्र किसका था ? श्रौर उसमें क्या लिखा था ?

दूसरे श्राप की देहली में सम्भवतया सभी देशों के दूतावास मौजूद हैं परन्तु मंचूरिया का दूतावास क्यों नहीं है ? क्या कारण है ?

तीसरे सही प्रकार से सन् १९४५ से यह पता नहीं चल पाती कि श्रब मंचूरिया किसके श्रधिकार में है ? चीन के, रूसके, या ज़ापान के अधिकार में क्या ? यदि इन तीनों के श्रधिकार में भी नहीं तो फिर मंचूरिया पर श्रधिपत किसका है ? इस बात के सबूत में जैसा कि श्रापको याद भी होगा कि १९४५ में मंचूरिया पर जापान का अधि-कार समाप्त हो गया था। और श्राज मंचूरिया के ऊपर चीन श्रौर रूस के बीच यदा-कदा कुछ विवाद उठ खड़ा होता है इससे स्पष्ट है कि मंचूरिया पर चीन या रूस का भी श्रधिकार नहीं है तब प्रश्न यह पैदा होता है कि मंचूरिया किस के अधिकार में है ? इस बात को सिद्ध करने के लिए एक ज़बरदस्त प्रमाण भी है श्रौर वह यह कि इंडियन पार्लियामेंट में कभी-कभी एक रूसी रेडियो का विवाद छिड़ जाया करता है। और संसद सदस्यों के मजबूर करने पर जब सरकार रूस से मालूम करती है तो रूस का यह उत्तर होता है कि यह रेडियो हमारा नहीं—एक स्वतन्त्र रेडियो है, इस उत्तर से भी यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मंचूरिया स्वतन्त्र है, जिसका वह रेडियो है और नेताजी के अधिकार में है। श्रौर रूस व चीन के बीच जो विवाद है उसके केन्द्रीभूत नेताजी ही हैं। ऐसी सूचनाएँ भी प्राप्त हुई हैं।

जयहिन्द

श्राई० बी० सक्सैना

---

नई दिल्ली। (ए० सी० सरकार की कलम से)

प्रभु सत्ता ही श्रखण्ड शान्ति श्रौर विश्व ही सबका श्रन्तिम राष्ट्र है। प्राचीन काल से ही एकात्मक राष्ट्रीयता के प्रतीक पवित्र होली के उत्सव पर विश्व को शुभ सन्देश। प्राचीन काल से ही यह होली उत्सव एकता तथा राष्ट्रीयता के प्रतीक प्रमाणित है। पवित्र राष्ट्रीय होली रंग में रणजीत होना ही श्रखण्ड राष्ट्रीय भक्ति का परिचय है। रंग का छींटा न लगे प्रवृत्ति ही भारत, भारतीय संस्कृति श्रौर श्रखण्डता के विरुद्ध है। अगर भारत और भारतीय संस्कृति कमज़ोर या अपवित्र, नापाक होती तो कोई भी भारत में नहीं श्राते बल्कि कथित विदेशियों ने परवाने की तरह पुण्यभूमि, मातृभूमि, देवभूमि, चन्द्र सूर्यनमा, सभा में श्राये। श्रौर फक्र से यहाँ खाये पिये, फले-फूले तथा सैंकड़ों वर्ष तक हकूमत भी की है। उस वक्त तक यह भारत पाक, साफ पवित्र कैसे रही ? श्रौर कब से नापाक हुश्रा ? क्या कारण है कि अखण्ड श्राजादी के दौरान में विशेषतः १९४७ के श्रासपास ही भारत नापाक कैसे हो गया श्रौर उसमें ही छेद करने को क्यों सूझी ? क्या यही इंसानियत श्रौर प्रभु, खुदा श्रौर देश भक्ति का परिचय है ? श्राज भी भारत भण्डारा सबको ही हार्दिक स्वागत करती है।

मातृभूमि भारत कब किस तरह नापाक हुई ? श्राम से बबूल कैसे ? श्रगर भारत नापाक है तो नापाक से पवित्र पाक कैसे ? अगर नापाक से पाक पैदा हुई तो पाक भी नापाक का ही है। भारत सोना सदा ही पवित्र है। किसी भी हालात में श्रपवित्र नहीं होती। न ही कोई कर सकता है। जैसा का तैसा सदा ही रहता है।

प्रभु भक्ति में लीन अपने को भूले हुए महा काल शिव बजरंग बली वीर हनुमान जी आदि को कमज़ोर श्रौर हीन शक्ति समझकर जैसा प्राचीन युग में रामायण श्रादि में उद्धृत है कि बड़े-बड़े श्रहंकारियों ने सत्य यज्ञ को भ्रष्ट करने के लिए छल, बल श्रौर कपट से महा शक्तिशाली श्री रामचन्द्र जी, लक्ष्मणादि तथा महाबली पाण्डवों को अपने देश में शरणार्थी बनाकर फुठबाल जैसा व्यवहार किया, जिसका परिणाम रामायण, महाभारत श्रादि प्रत्यक्ष प्रमाण है। ठीक वैसा ही आज भी पवित्र भारत यज्ञ-भण्डारा को श्रविपत्र तथा पाकिस्तान आदि नाम से क्रमशः संकुचित कर समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। जो सिद्ध करती है कि भारत अति प्रशस्त्र महाभारत था जैसा इतिहास आदि तथा पाठ्य-पुस्तकों में भी पढ़ाया गया। वैसा ही क्रमशः अधिकार कर पुनः महाभारत ही होगा। यस सुनिश्चित है।" प्राचीन काल में भी भारत विश्व शान्ति और श्रखण्ड श्राजादी के श्रग्रदूत थे श्रौर है।

(शेष पृष्ठ ४ पर)

# डा० ज़ाकिर हुसैन को खुला पत्र और उनका उत्तर !

## यूनियन अध्यक्ष के नाम खुला पत्र

(आई० बी० सक्सेना की कलम से)

**विषयः— चैलेंज २० मास में सारी समस्यायें समाप्त न कर दूँ तो मुझे गोली से उड़ा दिया जाय ।**

जनाब राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन जी ४-११-११६८

जय हिन्द ।

गुज़ारिश है कि यह मेरा पहला मौक़ा है कि मैं आपकी खिदमत में यह जानते हुए भी ख़त लिख रहा हूँ कि आप पर इस ख़त का शायद ही कोई असर हो फिर भी मैं अपने फर्ज का पालन कर रहा हूँ । मैं नहीं जानता कि आप को यह बात मालूम है कि नहीं कि इससे पहले मेरी ख़तोकिताबत डा० राधाकृष्णनन जी से थी और शायद उसका ही नतीजा यह हुआ कि मेरी राय से इत्तफाक़ करते हुए उन्होंने अपना इस्तीफा पेश कर दिया और अपने आप को बदनामी से बचा लिया क्योंकि पिछले २० सालों में मँहगाई, भ्रष्टाचार, ब्लैकमार्केट, मिलावटखोरी, चोरबाज़ारी बजाय घटने के बढ़ी ही है और हमारा मोरेल करेक्टर वऐजुकेशन और खुराक डाउन हुई है न कि बढ़ी है और आज जनता के सामने बड़ी-बड़ी समस्याएँ, मसले हैं जो कि ब्रिटिश राज्य में नहीं थे इससे जाहिर है कि यह समस्याएँ थीं नहीं बल्कि जान-बूझकर उत्पन्न की गई हैं। इन सबका इलाज है लेकिन किया नहीं जाता क्योंकि कोई करना नहीं चाहता । इसीलिए कभी राशन बन्द, कभी चालू होता रहता है और इसका कोई ठोस इलाज नहीं किया जाता। जबकि किया जा सकता है इसी तरह हर समस्या का हाल है। आज जनता बेहद दुःखी और परेशान है । इन सब बातों के उत्पन्न होने का अगर कोई कारण है तो वह है कांग्रेसियों यानी सत्ताधारियों का निजी स्वार्थ और पद का लोभ, जिसे वह आज भी छोड़ने को तैयार नहीं चाहे जनता भूखी मर जाय या देश टुकड़े-टुकड़े हो जाय इन्हें इससे कोई ग़र्ज़ नहीं ।

दूसरा इसका एक और भी कारण है कि जिन लोगों के हाथ में देश की बागडोर है वह सभी अनट्रेन्ड हैं और थियोरी पर चलते हैं जिन्हें प्रैक्टीकल का कोई ज्ञान नहीं । वह अपने एयर-कन्डीशन कमरों में बैठकर ही तमाम मसलों को सुलझाना चाहते हैं और सुलझाते हैं इसी कारण उन्हें यह पता ही नहीं होता कि जिस मसले को हम सुलझाना चाहते हैं उसकी शुरूआत कहाँ से हुई है यानी जड़ को नहीं पकड़ पाते । इसीलिए उस समस्या का बीजनाश नहीं हो पाता और अन्दरूनी बैरूनी तमाम मसले वैसे के वैसे पड़े हैं और आज जनता को कांग्रेसियों की सूरत से और कांग्रेस के नाम से नफ़रत हो गई है। इसी वजह से इलेक्शन में कांग्रेस पार्टी की हार हुई और जनता आज लाखों अमर शहीदों के उस तिरंगे झंडे की छत्रछाया से निकलकर दूसरे झंडे बना रही, उठा रही और जा रही है। इसी कारण फिर देश में १९४२ का कहीं-कहीं हमें नज़ारा देखने को मिल रहा है और नेताओं के ऊपर पथराव व उनका घिराव जनता कर रही है। इसे देखकर मुझे बहुत दुख हो रहा है कि आज उस कांग्रेस पार्टी का और झंडे का नामोनिशान मिटने जा रहा है जिसकी शान को बढ़ाने के लिये हमारे लाखों नेताओं ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया परन्तु उसकी शान को कभी कम नहीं होने दिया ।

इसलिये मैं आप से प्रार्थना करता हूँ कि इन लोगों से कहें और इन्हें समझायें कि यह ख़ुदा का ख़ौफ करें और उसकी नज़ाकत को पहचानें कि आख़िर वह क्या चाहता है और अपने गुनाहों की उससे मांफी मांगें वरना वह दिन दूर नहीं जब जनता इनकी लीडरी और गरूर को खत्म कर देगी और कांग्रेस का नामोनिशान भारत से ख़त्म हो जायेगा क्योंकि कुदरत इन लोगों के ख़िलाफ है इस बात का सबूत यह है कि अगर ख़ुदा किसी के किसी काम से खुश होता है तो वह उसके उस काम की सराहना करता है और उसकी हर मुश्किल आसान और मंजिल नजदीक हो जाती है लेकिन जिस काम से खुदा खुश नहीं होता वह उस इंसान के उस काम में विघ्न डालता है और मुशिक्लात पैदा करता है। ठीक इसी प्रकार जब सन् १९६५ में श्रीमती इन्द्रा गांधी जी ने पहली बार लाल किले पर झंडा लहराने जा रही थीं तो उनके झण्डे के हाथ लगाते ही भूचाल आया और नई सड़क, दिल्ली में एक मकान के गिर जाने से कई लोग दबकर मरगये। ऐसा क्यों हुआ। इससे साफ जाहिर है कि कुदरत को उनका यह काम जिसे वह करने जा रही थीं पसन्द नहीं था। वह किसी और का हक़ था। जिसके हक़ को मारा जा रहा था और यह बात क़तई दुरुस्त और सही है कि मौजूदा नेताओं ने एक महान् देशभक्त, ब्रह्मचारी, योद्धा, सन्यासी के हक़ को मार रखा है, जिसकी तपस्या के सामने कुदरत को भी झुकना पड़ा और पड़ता है। मेरा दावा है कि जब तक उसका हक़ उसको नहीं मिल जाता या आप लोग नहीं दे देते—आप कामयाब नहीं हो सकते और यह देश खुशहाल नहीं बन सकता। यह कुदरत का प्रकोप है जोकि पड़ रहा है और उस वक्त तक पड़ता रहेगा यदि आपको विश्वास नहीं तो मेरी इस भविष्यवाणी को पढ़कर देख लें जो मैंने की थी और इस ख़त के साथ नत्थी कर रहा हूँ कि इसकी कौन-सी बात गलत साबित हुई और न हो सकती है। यह दूसरी बात है कि कोई इंसान अपनी ताक़त के नशे में उसको न माने लेकिन उसका नशा थोड़े ही दिन रह सकता है। एक न एक दिन उसे मेरी बात को मानना ही पड़ेगा। फ़र्क़ इतना है कि जो कुछ होने वाला है वह अवश्य होगा ही परन्तु मैं उस सब नुक़सान से आपको और राष्ट्र को बचाना चाहता हूँ क्योंकि हर चीज का उपाय भी होता है और इन तमाम समस्याओं का उपाय भी होता है और इन तमाम समस्याओं का उपाय भी है जिसे सत्ताधारी वर्ग के लोग २० साल में न कर पाये परन्तु यदि वे चाहें तो मैं २० मास के अन्दर इन तमाम समस्याओं को गारन्टी के साथ खत्म कर सकता हूँ।

ऐसी स्थिति मैं हूँ और यह देश एक खुशहाल देश बन सकता है जनता सुखी हो सकती है। अन्दरूनी, बैरूनी तमाम समस्याएँ खत्म हो सकती हैं। हमारा देश आत्म-निर्भर हो सकता है। गांधी जी के रामराज्य का ख्वाब पूरा हो सकता है। हर आदमी स्वतंत्रता को अनुभव कर उसका भोग कर सकता है। मंहगाई, भ्रष्टाचार, ब्लैकमार्केट, चोरबाज़ारी, मिलावटखोरी, रिश्वतखोरी को जड़ से खत्म कर सकता हूँ। लोगों का करेक्टर, मोरेल, एजूकेशन और खुराक को ऊँचा उठा सकता हूँ। कांग्रेस का नाम और झंडा बुलन्द हो सकता है और यदि दिये हुये समय के अन्दर ऐसा न कर पाऊँ तो चांदनी चौक के चौराहे पर लटकाकर गोली से उड़ाया जा सकता हूँ बशर्ते कि सत्ताधारी लोग मेरी योजना पर अमल करें और मेरा साथ दें यानी मुझे पावर देने को तैयार हों तो मेरी योजना कोई थियोरीटिकल या लिखी योजना नहीं, जिसे मैं किसी को बता दूं या सिखा दूं। मेरी योजना मेरे दिमाग़ में है जिसे मैं ही रूप दे सकता हूँ और प्रैक्टीकल में करके दिखा सकता हूँ क्योंकि मैं थियोरी पर विश्वास नहीं करता—प्रैक्टीकल पर विश्वास करता हूँ कारण थियोरी—हमेशा प्रैक्टीकल के बाद बनी और बनती है यह मैं जानता हूँ कि मैं आप से वह सब कुछ मांग रहा हूँ जिसे आप किसी क़ीमत पर नहीं दे सकते लेकिन इस देश का नागरिक होने के नाते मैं देश के प्रति अपना फर्ज पूरा कर रहा हूँ चाहे मुझे आपका कोई उत्तर मिले या न मिले। इसी आशा और विश्वास के साथ आपका

शुभ चिन्तक

आई० बी० सक्सेना।

---

राष्ट्रपति सचिवालय

| | |
|---|---|
| राष्ट्रपति भवन | PRESIDEN'T SECRETARIAT |
| नई दिल्ली-४ | Rastrapati Bhawan |
| No 1388—68 | New Delhi-4 |

**मुवर्ख़ा १४ नवम्बर सन् ६८,**

श्रीमान जी नमस्ते।

आपका ख़त मुवर्ख़ा ३ नवम्बर राष्ट्रपति जी के नाम मिला।
शुक्रिया। इतिलान अर्ज़ है।

न्याज़मन्द

हस्ताक्षरः...........

(एम० अकरम)

परसनल असिसटेण्ट,

श्री आई० बी० सक्सैना
'विश्वनेता" सुभाष गली
गोरख पार्क—दिल्ली-३२

## बदलते बयान—बदलते चेहरे —शाहनिवाज खां के

कलकत्ता २३ जनवरी १९४८ स्थानीय विक्टोरीया मेमोरियल के मैदान में नेताजी सुभाष चन्द्र की ५१ वर्ष गाठ के अवसर पर श्री शाहनवाज़ खां अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लाखों जनता के समारोह सर्वोक्रृष्ट बताया आपने अपना विश्वास प्रकट करते हुए यह रहस्योद्घाटन किया की नेता जी मेरे समझ में अभी भी जीवित हैं और यथा शीघ्र ही वे हमारे बीच जल्दी ही आयेगें। सम्भवतः वे ऐसे स्थान में हैं जहाँ से वे अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थिति की विषमता के कारण अपनी मात्रभूमि को वापस नहीं आ सकते।

परिस्थिति अनुकूल होते ही पुनः यहाँ आयेंगे और देश की वास्तविक स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिये छेड़े जाने वाले अन्तिम संघर्ष का नेतृत्व करेंगे। बहादुरी अद्भुत साहसिकता एवं साम्प्रदायिक एकता की करामतों को देश वासी कभी भूल नहीं सकते अतः मेरी अपील है की जनता वास्तविक स्वतन्त्रता की प्राप्ति के लिए नेता जी के बताये हुए रास्तों पर चलें।

यह १९४८ का शाहनवाज खां का भाषण है देश भक्त का खून बोल रहा था। जब वह पं० नेहरू की गुलामी में नहीं थे जब शाहनवाज जी को रेलवे मंत्री बना दिया गया तब उन्होंने वह काम किया जो उनकी आत्मा नहीं चाहती थी।

अयोध्याप्रसाद प्रेसीडेन्ट
उड़ीसाराज फारवर्ड ब्लाक
खलियार रोड

---

## शुल्क जो शेष है ?

क्या आपको ध्यान है कि आपने 'विश्वनेता' का शुल्क भेज दिया है यदि नहीं तो आज ही इस पत्रिका का शुल्क भेजने की कृपा करें।

# अखिल भारतीय आदर्श महिला मंडल का महिलाओं को आवाहन तथा वार्षिक रिपोर्ट १९६८

अखिल भारतीय आदर्श महिला मंडल अखंड भारत सभा की नारी समाज को एक देन है जिसका संचालन डा० प्रकाशवती धनोता कर रही हैं। अखंड भारत सभा की इस सत्य कार्य व देश सेवा हेतू देश की कुछ वीरांगनाओं की आवश्यकता है। जो झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, रज़िया बेगम, दुर्गावती व पद्ममावती जैसी चरित्रवान, साहसी तथा देश प्रेमी हों जिन्हें चाहिए कि तुरन्त अपने इस मंडल की सदस्यता डा० प्रकाशवती द्वारा ग्रहण कर समाज सेवा के कार्य हेतू अपना सर्वस्व दें।



(डा० प्रकाशवती धनोत्य)

इस मंडल ने जो उन्नति तथा सफलता प्राप्त की है उसकी रिपोर्ट आपके सन्मुख है।

आज हमें अपनी वार्षिक रिपोर्ट को आपके सामने रखने में बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस अखिल भारतीय आदर्श महिला मंडल ने जो विभिन्न दशाओं में प्रगति की है, उसका पूरा-पूरा विवरण यदि दिया जाय तो एक बहुत लम्बी बात होगी, जिससे आपका बहुमूल्य समय नष्ट होगा। समय और परिस्थिति के अनुकूल हम अपनी रिपोर्ट संक्षिप्त रूप में आपकी जानकारी के लिए रख रहे हैं—

हमारे इस मंडल का परम उद्देश्य नारी के जीवन में क्रान्ति लाने का है। क्रान्ति से तात्पर्य यह है कि उन सुसुप्त नारी जाति को सजग करना, जो कि अभी तक गर्त में पड़ी हुई हैं जिन्हें यह भी पता नहीं कि हमको जीना कैसे है? क्या हमारे अधिकार हैं? क्या हमारे कर्त्तव्य हैं? इन सभी बातों में रुचि और बोध को कराना ही मंडल का काम है। इस मंडल ने अनेक प्रान्तों में पर्यटन करके इस कार्य को बड़े ही साहस, धैर्य और स्वस्थता के साथ किया है। उदाहरणार्थ—प्रयाग में अनेक वैश्याओं को उनके अधिकार और कर्तव्यों से बोध कराकर उनको देश और समाज की एक सदस्या मानकर इस कुवृत्ति से दूर कर दिया एक स्वस्थ वातावरण में रखकर उनको इस समाज सुधार की ओर प्रेरित किया।

भ्रष्टाचार और गर्हित कार्य से मुक्त करने के लिए हमारे मंडल ने एक ठोस कदम उठाया। हमारी बहनों ने एक व्रत धारण लिया है कि जब तक हम यह सुधार न कर लेंगे। चैन से नहीं बैठेंगे। परिणामस्वरूप अनेक टोलियाँ बनीं नित्यप्रति का नियम बना लिया गया कि हमको इतने क्षेत्र में जाना है। उस क्षेत्र में अधिक से अधिक मात्रा में अपनी बहिनों को अन्धकार के गर्त में से निकालकर प्रकाश में लाया गया। और उन्हें उनके आचरण, शक्ति, सौम्य आदि गुणों से परिचित कराया है। जोकि राष्ट्र उन्नति के लिए अत्यन्त उपादेय हैं।

सहकारिता के आधार पर उद्योग धन्धों को बढ़ाना भी हमारा एक उद्देश्य है। प्रत्येक घर-घर में दस्तकारी कार्य को बढ़ावा देना जिससे प्रत्येक नारी व्यर्थ में अपना समय नष्ट न कर सके। और समय की मूल्यता को समझ सके। इन सब चीजों से केवल हमारी ही बहनों ने सुसुप्त बहनों को जागृत करके उन्हें अनेक प्रकार के कसीदा, सिलाई तथा उद्योगों से परिचित कराया।

यह भी सत्य है कि शिक्षा का होना उतना ही आवश्यक है जितना मानव के लिए भोजन अशिक्षित रहकर कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता। शिक्षा की जागृति और प्रचार करने के लिए बहनों ने गाँव-गाँव में पर्यटन करके अनेक निरक्षर बहनों को साक्षर बनाकर उनके अन्दर यह भावना भरी कि हमारे लिए एक अति आवश्यक चीज बालक-बालकाओं के लिए उत्तम आचरण, व्यवहारों और सुशिक्षा के लिए अनेक बाल मन्दिरों की स्थापना की है। इन मन्दिरों में केवल शिक्षा ही नहीं दिलाई जाती है। वरन्, आचरण, व्यवहार-कुशलता, सादगी के साथ रहने, पर भी काफी जोर दिया जाता है।

भारतीय संस्कृति का महान अध्यन करके अपनी जीवन गाड़ी को स्वदेश उन्नति के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है। हम अपनी प्राचीन संस्कृत में अनेक प्रकार के गुणों को लेकर आगे बढ़ें हैं। अपने जीवन का आधार स्वाभाविक प्रेम को रखा है जिससे कभी भी ऐसा अवसर न आ सके कि दूसरों का अहित हो।

भिक्षावृत्ति, कुरीति निवारण और पिछड़े वर्ग में शिक्षा प्रसार के आन्दोलनों को भी इस मण्डल ने जन्म दिया। परिणाम-स्वरूप अनेक पिछड़े वर्ग में उन सभी कुरीतियों का बहिष्कार कर दिया गया और एक स्वस्थ सुन्दर और सौम्य धारा ने हमारा यह मण्डल पुनः प्रवाहित होने लगा।

हम नित्य प्रति अपने उद्देश्यों को लेकर जीवन के अन्दर एक ठोस कदम उठा रहे हैं जिससे नारी जाति में सभी सगुण आ सकें और वे सब एक होकर अपनी इस छितरी और बिखरी हुई शक्ति को एकत्र करके देशान्मुख हो सकें।

इस समय हमारे ३ शिक्षा केन्द्र खुले हुए हैं।

१. प्रताप बाग में जो केन्द्र काम कर रहा है। उसमें बालक-बालिकाओं के लिये केवल शिक्षा का प्रबंध ही नहीं है। परन्तु, सिलाई और कढ़ाई की शिक्षा का भी प्रबंध है वहाँ बालिकाओं के अतिरिक्त प्रौढ़ महिलाएँ भी काम सीख रही है। कुल संख्या मिलाकर २५ होती है।

२. भारत नगर के शुरू की आबादी में वह झोपड़ियों की ही बस्ती है वहाँ की जमीन ऊँची नीची और झोपड़ियें भी बिखरी हुई आगे पीछे बनी हुई है कुछ घराने वहाँ ऐसे आबाद है जिनके पास अब भी धनराशि है। उनका काम भी तिजारत और दस्तकारी है किंतु अधिकतर लोग ऐसे है जिनको यदि हम गरीब न भी कहें तो भी वह धन संपत्ति की ओर से सोच रहित नहीं कहे जा सकते और बहुत से घरानों का रहन-सहन ऐसा है जो पिछड़ी हुई बहनों का होता है उनकी दशा को सुधारने के लिए हमने भरपूर कोशिश की और जागृति भी पैदा की उन्हीं के आग्रह से हमने वहाँ स्कूल खोला जिसमें अब लगभग ५० बालिकायें पड़ती है वहाँ श्री ईश्वर सिंह जी जैसे—

उदारचित्त पुरुषों को हम पा सके हैं इन्होंने अपने उस जगह के बच्चों में पढ़ाई की रुचि पैदा करने के लिए सब बच्चों को अपनी ओर से एक-एक पोशाक दी है जो कि यह पहने हुए आपके सम्मुख मौजूद हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस क्षेत्र को हम बहुत शीघ्र ही उभार पायेंगे और अपने ही परिश्रम से आने जाने का रास्ता भी टीक करायेंगे और इनके रहन सहन में एक ऐसा परिवर्तन लायेंगे जिससे कि स्वास्थ्य की दृष्टि कोण से सफाई के नाते से और अपने जीवन को एक आदर्शमय बनाने में यह कम से कम पुरानी देहली में रहने वाली जनता से किसी प्रकार भी पीछे न समझे जावें। इससे केवल इन्हीं लोगों का जीवन स्तर ऊँचा न होगा बल्कि एक तरह से हम देहली नगर निगम के कार्य में अच्छा हाथ बँटाने में सफल होंगे। हम यह भी सोच रहे हैं कि यहाँ किसी होम्योपैथ चिकित्सक का ऐसा प्रबंध कर दिया जाय जिससे वहाँ के नर-नारियों को अपने परिवार के हेतु पूर्ण सुविधा प्राप्त हो सके। और कम से कम साधारण बीमारियों के लिग देहली के दूर क्षेत्रों में औषधि के लिए न जाना पड़े।

विस्तृत क्षेत्रों में हमने अपने सिद्धान्त को फैलाने का भरसक प्रयत्न किया। राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में अच्छा काम हुआ और गरीबों में अच्छी जागृति आई जिसकी सराहना वहाँ के मुख्य-प्रमुख्य पत्र-पत्रिकाओं में भी हुई है। सैकड़ों महिलाओं के जीवन सुधार देने के अतिरिक्त वैश्याओं के जीवन में भी एक खास परिवर्तन पैदा किया जिससे उन्होंने अपने घृणित कार्य को त्यागकर अच्छे मार्ग को अपनाया। और आज के दिन उनका जीवन एक अच्छे नागरिक का जीवन बन रहा है। और सभी को जीवन का आनन्द तथा सुख मिल रहा है। व समाज में आदर सत्कार की पात्र बन गई है।

हमने अपने इस छोटे से उत्सव में बाहर से भिन्न-भिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया था समय के अभाव के कारण ज्ञात होता है वह आने में असमर्थ रहे। उज्जैन से जो पत्र बहन उर्मिलादेवी का प्राप्त हुआ है वह हम आपके सम्मुख रख रहे हैं—पत्र—देखें

उद्देश्य और सिद्धान्त को सामने रखकर अभी तक इस मण्डल ने जिस सुचारु रूप से काम किया है उसमें उसी जगह की आय को उसी जगह की उन्नति में व्यय करने का एक संकल्प जो रखा उसी वहाँ के मनुष्य मात्र के जीवन में एक सच्चा प्रभाव घर कर गया है। यह एक ऐसी बात है कि रुपये के जोर से पैदा नहीं की जा सकती। यह बात है त्याग और निस्वार्थ प्रेम की जो अपना सिरमौर बनाने में प्राप्त हो सकती। ऐसी स्थिति में यह तो मानी हुई बात है कि मण्डल के कोष में धनराशि का होना एक असम्भव सी बात है। किन्तु जिस प्रकार से हम कदम बढ़ा रहे हैं और जिस तरीके को अपनाकर हम चल रहे हैं हम अपने अनुभव से यह कह सकते हैं कि संस्था के लिए कोष का होना अत्यंत आवश्यक है। और आगामी वर्ष में हमें आशा है कि इसमें हम सफलता भी प्राप्त कर सकेंगे। बच्चों की फीस से यह होना असम्भव है क्योंकि देहली जैसी जगह में जहाँ किसी क्षेत्र में भी एक छोटे से कमरे का किराया ४०) ५०) मासिक से कम नहीं है। वहाँकी देशसेवा भाव वाली महिलाओं की सेवा प्राप्त करके और उन्हें निर्वाह भत्ता प्रदान करके भी हम यह नहीं देखते कि बच्चों की फीस से यह सब पूरा हो सकेगा। फीस हमने बहुत मामूली रखी है जो कि १) और ३) के अन्दर है और सिलाई के छात्राओं के लिए ४) मासिक है फीस रखी गई है जिससे अधिक से अधिक छात्राएँ लाभान्वित हो सके। इसलिए इसमें सर्व साधारण जनता के सहयोग की बहुत ही आवश्यकता है तब ही संस्था में जीवन का संचार हो सकता है इसके लिए भी अब पूरा-पूरा उद्योग करने की योजनायें बनायी जा रही हैं।

हम अपने आगामी जीवन में पूर्ण आशा करते हैं कि हमें जनता से तो सहयोग प्राप्त होगा ही। परन्तु देहली निगम के भिन्न-भिन्न भाग-यथा शिक्षा स्वास्थ्य, सफाई इत्यादि की भी हमें पूर्ण सहायता मिल सकेगी जिससे कि हमें अपने उद्देश्य पिकार्य क्रमों को तीव्र प्रगति देने में सफलता प्राप्त हो सकेगी।

---

आत्मबली भारत सदा ही अजेय है। सत्य पर विजय पाना असम्भव है। कोई कितना ही खिचड़ी पाकाये या कुछ करे, विश्व शान्ति हेतु भारत अखण्ड आजादी के लिए संघर्ष जारी रखेगा। भारत को किसी भी रूप में अपमानित कर फुटबॉल की तरह खिलवाड़ करना अज्ञानता है। यह भारत फुट बॉल ही सही निशाना में जाकर विजय और विश्व शान्ति का पथ-प्रदर्शक होगा, इसलिए ही विश्व के अनेकों महानुभावों ने भारत को सुनाम गुणों से विभूषित कर कहा, "अगर फिरदौस वरुये जमी अस्त·········है। जयहिन्द।" अगर होली रंग-छींटे से अपवित्र या अपराध होती है तो वर्तमान काल के कथित राष्ट्रीय नाच, गाना, बजाना, सुनाना या सुनना भी अपराध है।

Printed & Published by I. B. Saxena, Subhash Gali No. 1 Kumar Fine Art Delhi-6

## मद्रास असैम्बली के सदस्य श्री यू० एन० थेवर की नेताजी से मुलाकात

Regd D. No. 169

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का बयान

विश्वनेता

सम्पादक—आई. बी. सक्सैना
गोरख पार्क सुभाष गली नं० १
शाहदरा दिल्ली-३२

अंक ७७
मूल्य १५ पैसे

साप्ताहिक—
प्रति गुरुवार

## नेताजी कब और कैसे आयेंगे

विश्वस्त सूत्रों द्वारा प्राप्त सूचनाओं के अनुसार द्वितीय महायुद्ध समाप्त हो जाने के बाद नेता जी श्री सुभाष चन्द्र बोस के बड़े भाई श्री शरत चन्द्र बोस तथा लाला शंकरलाल आदि ने मद्रास ऐसम्बली के एक़ सदस्य श्री यू एन थेवर को सीमा पार एक स्थान पर नेताजी से मुलाकात करने के लिए भेजा। वापस भारत आने पर श्री थेवर ने शरत बाबू को रिपोर्ट दी कि नेताजी ऐशीयन लवरेशिन आरमी के नाम से एक सेना का विशाल गठन कर रहे हैं जिसकी संख्या इस समय पैंतालीस लाख के लगभग है तथा उसके अन्दर तमाम एशिया के लोग सम्मिलित है और नेताजी भारत को पूर्ण स्वतन्त्र कराने के लिए तृतीय विश्व युद्ध की तैयारियों में व्यस्त है।

श्री थेवर ने एक प्रश्न के उत्तर में शरत बाबू को यह भी बताया कि जब मैंने नेताजी से मालूम किया कि आप भारत वापिस क्यों नहीं आते तो नेताजी ने उत्तर दिया कि मेरा रास्ता कुछ और है और भारत किसी और रास्ते पर जा रहा है ऐसी हालत में मेरा आना बेकार है।

आगे श्री थेवर ने नेताजी से जब यह पूछा कि फिर आप भारत में कैसे आएँगे इस प्रश्न के उत्तर में नेताजी ने कहा प्रथम मित्रता के साथ नहीं तो आक्रमण के साथ।

इसी कारण श्री थेवर ने अनेकों बार कहा कि नेताजी जीवित हैं और उन का सम्बन्ध कायम है उन्होंने यह भी कहा कि मैं बिना पासपोर्ट के विदेश गया इस सत्त को सरकार अच्छी तरह जानती है।

किन्तु सरकार ने न उन्हें रोका और न ही उनके इस प्रकार विदेश जाने पर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही की। उहोंने आगे कहा यदि श्री राधा विनोद पाल की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई जाए तो मैं अपने बयान देने के लिए तैयार हूं। यह समाचार शरत बाबू के नेशन नाम के अखबार के अतिरिक्त उस समय के बहुत से प्रमुख पत्रों में भी प्रकाशित हुआ और इसकी वास्तविकता के बारे में यदि किसी को कोई शंशय हो तो वह सज्जन सरकार द्वारा प्रकाशित नेताजी इनक्वारी कमेटी रिपोर्ट जिसे शाह निवाज़ कमीशन के नाम से भी पुकारा जाता है को एक रुपये में खरीद कर पढ़ सकते हैं यह तो सत्य है कि पंडित जी इस बारे में सब कुछ भली-भाँति जानते थे परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने जान बूझकर देश तथा देशवासियो से इस सत्त को छिपाया और इस विषय में जनता को धोखा दिया।

## एक खुशी तो एक दुःख

काफी लम्बे समय के बाद बाल नरमांड केन्द्र दिल्ली का पत्र प्राप्त होने से पता चला कि जगजीत बहादुर इस बच्चों बाली जेल में बन्द हैं जिस पर श्री सक्सैना जी ने जाकर कहा अधिकारियों से मालुम किया जाय कि यह लड़का किस जुर्म में बन्द है तो उन्होंने जबाब दिया कि जुर्म तो कोई नहीं है यह सड़क पर घूम रहा था पुलिस ने इसे आवारा समझ कर बन्द कर के यहाँ भेजा है फिर श्री सक्सैना ने मालुम किया कि आपको मेरा पता किसने बताया उत्तर मिला कि आपके लड़के ने फिर सक्सेना ने कहा जब लड़के ने घर का पता बता दिया था तो उसको घर न भेज कर यहाँ क्यों भेजा गया। उत्तर मिला यह पुलिस से मालुम करो, अब अगर आप इस लड़के को घर ले जाना चाहते हो तो रु५०० का मुचलका दे कर ले जा सकते हो जिस पर सक्सैना ने उत्तर दिया कि मैं कोई मुचलका भरने को तैयार नही मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि इस लड़के को मेरे दिमाग का तवाजन खराब करने के लिए जान-बूझ कर वन्द कराया गया है। जिस पर अदालत ने सारी बात-चीत सुनने के बाद कहा कि आप हमें परसों तक का समय सोचने के लिए दें कि हमें क्या करना चाहिए आप परसों आजायें जब सक्सैना दुबारा गए तो अदालत ने जगजीत को छोड़ दिया और वह घर ठीक-ठाक है। पाठक चिन्ता नकरें आप सब की सहानुभूति के लिए हम सब आप सब का धण्यबाद करते हैं।—आई० बी० सक्सैना

## सेशन में पेशी

दिल्ली ८ अप्रैल

जैसा के आप जानते है श्री इक़बाल बहादुर सक्सेना एक केस धारा ४२०—१२० बी. आई. पी. सी. के अन्तर्गत नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस के सम्बन्ध में नई दिल्ली न्यायालय के अन्दर श्री उत्तम चन्द मलहोत्रा, श्री हीरालाल दीक्षित तथा श्रीमती इन्द्रा गांधी प्रधान मंत्री, मुरारजी देसाई, वाई० बी० चौहान, सरदार स्वर्णसिंह, श्री पी० सी० सेन, श्री एस० निजलिंगप्पा, शाहनिवाज़ खां तथा अन्य कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध चला रखा है जिसका रिवीज़न श्री ज्वाला नाथ वरया सेशन जज के यहाँ दायर हुआ है जिसकी आज पेशी थी परन्तु मिसल के न आने के कारण अदालत ने आगामी ८-५-६९ की पेशी डाल दी है।

## नोटिस

जनता की इच्छानुसार विश्वनेता का अंग्रेजी में प्रकाशन बन्दकर दिया गया है तथा जिन ग्राहकों की ओर विश्वनेता की धनशाशि शेष है और बार-बार आग्रह पर भी नहीं भेजी है। उनको पत्रिका अंक ७३ से भेजना बन्द कर दिया गया है। नोट करें

## चन्द शेखर द्वारा कांग्रेस को चेतावनी

नई दिल्ली ५ अप्रैल।

"युवा" तुर्क नेता श्री चन्द्र शेखर ने आज यहाँ समाचार पत्रों से अपील की कि वे चन्द्र शेखर मोरारजी विवाद को अधिक महत्व न दें तथा बड़े औद्योगिक गृहों द्वारा आर्थिक सत्त केन्द्रित करने के अनुचित एवं गुप्त उपायों के वास्तविक प्रश्न से जनता को अवगत कराएँ।

उन्होंने एक सम्वादगोष्ठी में कहा कि जब राष्ट्रीय भविष्य से सम्बन्धित नीतियों का प्रश्न हो तो व्यक्तियों का अधिक महत्व नहीं होता कांग्रेस दल द्वारा सरकार सम्बन्धी निर्णय के बारे में पूछे जाने पर श्री चन्द्र शेखर ने कहा कि सरकार किसी व्यक्ति को जनता की दृष्टि में अपमानित करने के लिये होती है। यदि मैं अपने कृत्य से जन दृष्टि में अपमानित नहीं हुआ तो सरकार का कोई अर्थ नहीं।

श्री चन्द्रशेखर ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस ने १० सूची कार्यक्रम लागू न किया तो कोई अन्य शक्ति आकर इसे लागू करेगी।

## ऊषा फ्री डिस्पैंसरी

(हमारे सम्वाद दाता द्वारा)

दिल्ली १३ अप्रैल ऊषा फ्री डिस्पैन्सरी गीता कालोनी गाँधी नगर झील के मैम्बरों की एक बैठक नेहरु कोलिज नई सड़क में हुई जिसका संचालन श्रीमती फूल-कुमारी भठनागर दिल्ली की प्रसिद्ध शोसल वर्कर अखंड भारत सभा की इच्छा अनुसार पिछले ८ वर्षों से कर रही हैं। आपने फ्री सेवा करने में दिल्ली तथा आस-पास के देहातों की जनता के दिलों को जीत रखा है। ने अपने भाषण में कहा, मैं चाहती हूं कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ऊषा फ्री डिसपैंसरीं की वर्ष गाँठ धूम-धाम के साथ मनाई जाये। जिसके लिये आप लोग दिल खोल कर धन दें और इस प्रस्ताव को सर्व सम्मति ने पास किया। इसके पश्चात् श्री सत्य गुरु धनवन्तरी ब्रह्मचारीणी श्रीमती कस्तूरी देवी, डा० प्रकाशवती धनोत्रा, कु० कोश्यल्या रानी, ऊषा किरण भटनागर, विद्यावति, डोली रानी, दुर्गा देवी नर्स, हफीजन बानो, ने अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में श्रीमती केशरदेवी ने अपना अर्घ्यक्षीय भाषण में सर्व माताओं-बहनों का धन्यवाद करते हुए कार्यवाही को सम्पन्न किया।

## आजाद हिंद सरकार का राष्ट्रीय गीत

शुभ सुख चैन की बरसा बरसे, भारत भाग है जागा।
पंजाब-सिन्ध-गुजरात - मराठा - द्राबिड़ - उत्कल - बंगा।
चंचल सागर बिन्ध्य - हिमालय, नीला यमुना गंगा।
तेरे नित गुण गायें, तुझसे जीवन पाये सब तन पायें आशा।
सूरज बनकर जग पर चमके भारत नाम सुभागा।
जय हो—जय हो—जय हो, जय—जय—जय—जय हो।
भारत नाम सुभागा ॥१॥

सुबह सबेरे पंख पखेरू, तेरे ही गुण गाये।
बास भरी भर पूर हवायें, जीवन में रुख लायें।
सब मिलकर हिन्द पुकारे, जय आजाद हिन्द के नारे।
प्यारा देश हमारा।
सूरज बनकर जग पर चमके भारत नाम सुभागा।
जय हो—जय हो—जय हो, जय—जय—जय—जय हो।
भारत नाम सुभागा ॥ २ ॥

सबके दिल में प्रीति बसाये तेरी मीठी वाणी।
हर सूबे के रहने वाले, हर मजहब के प्राणी।
सब भेदों का फर्क मिटा कर, सब गोद में तेरी आके।
गूँथे प्रेम की माला।
सूरज बनकर जग पर चमके भारत नाम सुभागा।
जय हो—जय हो—जय हो जय—जय—जय—जय हो।
भारत नाम सुभागा ॥ ३ ॥

जय हिन्द ! इन्कलाब जिन्दाबाद ! —सुभाषचन्द्र बोस

यह वह राज है जो आज तक किसी की समझ में नहीं आया कि सन् १९६२ में आखिर चीन ने हमला किया या नहीं और अगर किया तो क्यों किया और फिर अपने ही आप बगैर किसी के जोर या दबाव के खुदबाखुद ही वापस क्यों चला गया। जब हम इस तथ्य की खोज करते हैं तो यह बात तो मालूम नहीं हो पाती कि आखिर यह हमला पहले किस की ओर से हुआ और हमलावर कौन था। लेकिन एक बात आकर हमारे सामने जरूर खड़ी हो जाती है कि इस लड़ाई में चीन की तरफ से नेताजी का नाम क्यों इस्तेमाल किया गया। नेताजी का इस हमले से क्या वास्ता हो सकता है और अगर वास्ता था तो क्या था और क्यों था, नेताजी का चीन से क्या सम्बन्ध है, और यदि था तो इस बात को हमारी सरकार ने क्यों छुपाया क्योंकि इस दौरान में संसद सदस्यो ने संसद में कुछ पोस्टर इस्तहार आदि जो कि सीमा पर चीन की तरफ से बाँटे गये थे को लाकर पेश किया था जिनमें लिखा था—

हिन्दी चीनी भाई-भाई हम तुमसे लड़ना नहीं चाहते अपने हथियार डाल दो यह नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सेना है जो तुम्हें आजाद कराने आ रही है और ऐसा ही प्रचार सीमा पर लगे सैकड़ों की संख्या में लाउड स्पीकर भी कर रहे थे जिन्हें चीनियों ने लगाया था यानी बिल्कुल वही एक नजारा था जो आजाद हिन्द फौज जब आगे बढ़ा करती थी तब होता था। परन्तु पंडित जी ने इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि यह सब धोखा है और चीन हमें नेताजी का नाम लेकर धोखा देना चाहता है और भारत को हड़पना चाहता है। नेताजी जब इस दुनिया में ही नहीं तो आ कहाँ से सकते हैं। इस बात में कोई सच्चाई नहीं है इस कारण ऐसे बेबुनियाद प्रश्न उठाना और उन पर गौर करना ही बेकार है।

पंडित जी के इस उत्तर से संसद सदस्यों को तो संतोष आ गया परन्तु विश्व नेता को नहीं। इसी कारण वह आज फिर इस प्रश्न को जनता की खुली अदालत में उठा रहा है जिससे जनता इस तरफ ध्यान दे। क्योंकि विश्व नेता यह भली भाँति जानता है कि पंडित जी ने जानते-पूछते हुये नेताजी की उपस्थिति को जनता से छुपाया केवल पद लोभ में फंसकर और जनता को धोखा दिया कि नेताजी अब नहीं रहे इसी कारण विश्वनेता के मत से पंडित जी का यह उत्तर भी एक धोखा ही था। इसलिए चलिये अब हम इस खोज में चलें कि नेताजी का चीन से क्या सरोकार है और क्या यह हमला नेताजी का हमला हो सकता है। इस बात को जानने के लिए फिर हमें द्वितीय महा युद्ध से यानी संन १९४५ से अब तक का इतिहास टटोलना होगा जिस पर पाठकों का ध्यान ले जाते हैं—

शायद आपको याद होगा कि चीन से चाँगकाई शेख को अमेरिका, ब्रिटेन मदद दे रहे थे। फिर उसे पराजित करने वाला कौन था और चीन को उससे स्वतन्त्र कराने वाला कौन था यह वही ल्यू पोचिन था जिसे मदद के लिए बुलाया गया था और जिसने जल थल और वायु सेना की एक अपार शक्ति से चांगकाई शेख को चीन से खदेड़ कर फारमुसा में ला छोड़ा था हर जनरल ल्यू पोचिन के कार्य और शक्ति को मान गया था अंग्रेज और अमरिकन भी उसका लोहा मान गये थे जिसका चित्र निचे दिया जा रहा है।

अगर आपके ख्याल में यह जनरल ल्यूपोचिग नहीं बल्कि नेताजी हैं तो समझ लीजिए कि चीन को आजाद कराने वाले भी नेता जी ही हैं। यह बात पाठकों के लिए एक नई बात हो सकती है परन्तु हमारी सरकार के लिए यह बात नई नहीं क्योंकि उसके पास ऐसे बहुत से सबूत पहुँच चुके हैं और अनेकों बार संसद में ऐसे प्रश्न भी उठ चुके हैं जिससे यह सिद्ध हो जाता है कि नेताजी का चीन में अच्छा प्रभाव है और वह चीन में थे भी।



(जरनल ल्यू पोचिन)

ऐसी हालत में विश्वनेता यह कैसे स्वीकार कर ले कि सन १९६२ का हमला नेताजी का हमला नहीं हो सकता जबकि वह यह बात अच्छी तरह से जानता है कि नेताजी के आने के केवल दो ही रास्ते हो सकते हैं। पहला मित्रता के साथ यदि सरकार उन्हें बुलाना चाहे तो, और ऐसा करने के लिए कांग्रेस सरकार को पहले एंगलो अमरीकन बिलाक से अपना नाता तोड़ना होगा, जिसे वह किसी भी कीमत पर तोड़ नहीं सकती और कामन वैल्थ को छोड़ नहीं सकती फिर दूसरा रास्ता नेताजी के फिर भारत में आने का एक ही बाकी रह जाता है और वह है हमला। इसी से भारत को पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त हो सकती है अंग्रेजी अमरिकन बिलाक से नाता टुट सकता है। कामनवेल्थ की कैद से भारत छूट सकता है। यह बटवारा समाप्त हो सकता है। और अखंड भारत हो सकता है।




## —सम्पादकीय

## आक्रमण



(राष्ट्रपति भवन पर स्थिर झंडा)

सं० १९९९ तक का समझौता टूट सकता है और राष्ट्रपति भवन पर भारत का झण्डा लग सकता है। तभी नेताजी तथा उनके साथी आज़ाद हो सकते हैं। अथवा कुछ भी नहीं इसलिए विश्वनेता के मत से वह हमला नेताजी का हमला नहीं था बल्कि देश को आजाद और अखण्ड बनाने की एक योजना थी। परन्तु कांग्रेस सरकार ने अपनी सेना को न हथियार डालने के लिये कहा और ना सेना ने हथियार डाले। दोनों तरफ अपना ही खून बहने लगा जिस कारण नेताजी को अपनी सेनाओं को वापस करना पड़ा। वह यह कब बरदास्त कर सकते थे कि भाई के हाथों भाई का ही खून हो उनका तो यह ख्याल होगा कि मेरी उपस्थिति का काफी प्रचार हो चुका हैइ सलिए लड़ाई नहीं होगी और मैं अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकूंगा।

खैर जो हो गया सो हो गया जो बीत गया सो बीत गया अब हमें यह देखना है कि अब भारत की मुक्ति के लिये नेता जी की सेना कब और किस तरह से आती है। जिनका आना विश्वनेता के मत से निश्चित है।

चीन के आक्रमण से बचने के वास्ते।

अखण्ड भारत के वास्ते विश्व सरकार बनाने के वास्ते, दूसरे मायनों में गरीबों और तमाम विश्व की पीड़ित मानवता की सेवा के वास्ते! जयहिन्द

आई० बी० लक्सेना

बन्दे प्रभू विश्वमातरम्

## अस्पृश्यता और स्पृश्यता

अस्पृश्यता का अर्थ है परहेज घृणा नही। जैसा कि बीमारी और पर-पत्री आदि से परहेज रखना। अस्पृश्यता को विस्तार और बारीकी से विचारा जाये तो हर कदम में ही अस्पृश्यता है। यहाँ तक की सृष्टि रचना ही असत् और अस्पृश्य है। जैसाकि शास्त्र आदि में तथा विचार में पाया जाता है। इसलिए ही सांसारिक अस्पृश्यता दलदल में फ़ँसने का निषेध है और उससे वैराग्य होने का ही उपदेश है क्योंकि प्रभु भक्ति ही स्पृश्यता माना जाता है और व्यवहार भी करते हैं। एकमात्र प्रभु ही स्पृश्य बाकि अस्पृश्य है। अगर जगत्गुरु शंकराचार्य जी के कथन गलत है तो क्या उनसे विरोध करने वाले स्पृश्यता के हामी और अस्पृश्यता के विरोधी है? कदापि नहीं। पहले सवाल है कि बिना जाँचे परखे उन्हें जगत गुरु माना ही क्यों? जगत गुरु मान कर उनका अपमान तथा उनसे द्रोह करना क्या उचित और स्प्श्यता है? भेदभाव अस्पृश्शता औ मनमानी के कारण ही देश तथा विश्व भी टुकड़े-टुकड़े में परिनत होकर महा अशान्ति में है। जैसा कि एक धर्म या जाति के एक अखंड राष्ट्र न सैकड़ों में छोटे-छोटे राष्ट्र में विभाजित होकर भी उनके और टुकड़े करने की कोशिश की जा रही है, क्या वह भी स्पृश्यता है? भेदभाव अस्पृश्यता और माननीय के आधार पर ही वर्तमान युग के भारत (इण्डिया) के टुकड़े करने के बावजूद भी इसे ही भारत (इण्डिया) नाम से पुकारना मान्यता देना तथा इसके और टुकड़े करने की चेष्टा करना क्या वह स्पृश्यता के कारण ही राष्ट्रभाषा हिन्दी होते हुए भी विरोध हो रही है। चुनाव आदि में कथित हरिजन आदियों के अलग सुरक्षित सीट क्यों है? अब तक किसी ने विरोध क्यों नही किया विधान आदि में भेद-भाव क्यों? शंकराचार्य जी से विरोध कर अपने को हिन्दू जतानेवाले आइना में अपना मुँह देखें कि वह कौन और अब क्या हैं? क्या वह अखंठ स्पृश्यता के लिएं ही काम करते हैं? शंकराचार्य जी से विरोध करने वाले सज्जन पहले अपने को हिंदू हैं घोषणा करें फिर विरोध करें। हिन्दू और हरिजन नाम कब से है। क्या अखंठ स्पृश्यता के आधार पर ही हिन्दू, हरीजन आदि नाम पड़ा है? अगर यह देश हिन्दुओं का है और हम सब हिन्दू ही है तो हिन्दुत्व के आधार पर ही विधान आदि तथा सरकार क्यों नहीं बनी? वेदशास्त्र के अनुसार ही चलन क्यों नहीं है। अगर हम सब हिन्दू हैं तो अलग-अलग त्यौहार क्यों मनाया जाता है? अस्पृश्यता के कारण ही वेष-भूषा और खाना-पीना आदि में भी भेदभाव है। जिसकी जेर बिचारे जानवरों पर भी आती है। अगर आज जगत् गुरु जी देश या धर्म के विरोधी है तो उनसे पहले जिन्होंने देश और धर्म के विरुद्ध आचरण कर खड-खंड किया और कर रहें हैं उनको ही पहले सजा क्यों ना दी जाये। यह सही है कि देश धर्म के विरोधी को सज़ा अवश्य मिलनी चाहिए। जो कि सही अखंड स्पृश्यता तथा देश भक्ति है। अगर अपृश्यता नहीं है तो क्या हिन्दू, मुसलमान, ईसाई आदि में आपने शादी आदि के चलन होंगे? क्याआपस में भेदभाव अपृश्यता के कारण लाठी बाजो, खूनखराबी नहीं होते? अब तक कितने सज्जन कथित हरिजनों को अपनाया है और ऐसा कौन सा सज्जन है जो कि परिजनों का काम करने के लिए अपने को पेश किया? क्या हाथ में झाड़ू और दिखावा टोकरी उठाने से स्पृश्यता होती है? हर कदम पर अस्पृश्यता बरतने के बावजूद भी स्पृश्यता राष्ट्रीयता का डींग हाँकना अराष्ट्रीयता ही है। अतः आशा है कि इन सब तर्क वितर्क में ना जाकर सही स्पृश्यता की एक अखण्ड विश्व या भारत जो कि अस्पृश्वता का शिकार होकर खण्ड-खण्ड हुआ है, उसे सही अखण्ड अस्पृश्य बनाने के लिए हम सब अग्रसर होंगे जो कि सही अखण्ड स्पृश्यता तथा देश भक्ति है' चुप क्यों? आजकल ही हिन्दुत्व में प्रेम कैसे उमड़ पड़ा। क्या इससे आगे या आज भी हिन्दुत्व के ऊपर कुठाराघात नहीं हुई या नहीं हो रहें हैं? उस वक्त मौन क्यों? जब देश ही नहीं तो हम और हमारा धर्म कहाँ। जबकि देश और धर्म आपस में सुदृढ़ सम्बन्धित हैं। अतः विरोध करने वाले सज्जन तो हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं ही लेकिन जगत्गुरु शंकराचार्य जी को साष्ठांग प्रणाम हित हार्दिक धन्यवाद है कि उनेंने सही क्रांति का मार्ग पकड़ा है। जय-हिन्द। (ए० सी० सरकार)

# डा० जाकिर हुसैन के उत्तर पर उत्तर

## यूनियन अध्यक्ष के नाम खुला पत्र

( आई० बी० सक्सेना की कलम से )

दिनांक २४-११-६८ विषय—चैलेन्ज गुप्त क्यों ?

**चैलेंज २० मास में सारी समस्यायें समाप्त न कर दूँ तो गोली से उड़ाया जा सकता हूँ।**

सेवा में राष्ट्रपति डॉ० जाकिर हुसैन जी !
राष्ट्रपति भवन, हिन्दुस्तान सरकार,
नई दिल्ली

जयहिन्द

बाद आदाए आदाब और सलाम के अर्ज़ है कि आपके परसनल असिसटेण्ट साहब के ज़रिये भेजा गया तारीख़ २४-११-६८ का ख़त नं० २३८८ मिला जिसके लिये आप का बहुत-बहुत शुक्रिया। लेकिन गुज़ारिश यह है कि इस जवाब से यह अन्दाज़ा नहीं लगता कि मेरा ख़त आप तक पहुँचा भी या नहीं, दूसरे उसे आपने पढ़ा भी या नहीं, तीसरे उस पर कोई ऐक्शन हो रहा है या नहीं। बहरहाल यह ज़रूर मालूम हो गया कि यह ख़त आपके दफ्तर में आपके परसनल असिसटेण्ट साहब के पास ज़रूर पहुँच गया उन्होंने आप तक उस ख़त को पहुँचाने की ज़रूरत महसूस की या नहीं यह मालूम नहीं हो सका इसलिए बराए मेहरबानी मुन्दरज़ा बाला तफसीलात ज़वाब में लिखने की तकलीफ़ गवारा करें। आपकी नवाज़िश होगी।

दरअसल में वह ख़त था उन चैलेन्ज़ों का ज़वाब जो कि मौजूदा लीडरान श्रीमती गांधी वग़ैरह जनता के प्लेटफ़ार्म से भारतीय जनता को चैलेन्ज़ देते रहे हैं कि जो लोग काम करना चाहते हैं वह सामने क्यों नहीं आते। घर में क्यों चूड़ियाँ पहने छिपे बैठे हैं। दूसरे साहब ने फरमाया था कि अगर किसी के पास ऐसा कोई जादू का चिराग़ या छड़ी है जिससे वह इन मसलों को हल कर सकते हों तो वह सामने क्यों नहीं आते ? सामने आयें—रोक उन्हें किस ने रक्खा है। इन दोनों चैलेन्ज़ों को उन्हें काफी वक्त गुज़र गया लेकिन किसी ने स्वीकार नहीं किया। इसका यह मतलब नहीं कि भारत में ऐसे लोग नहीं जो इस चैलेन्ज़ को कबूल नहीं कर सकते करते हैं। और ज़रूर हैं। लेकिन जनता यह जानती है कि हाथी के दांत खाने के दूसरे और दिखाने के दूसरे होते हैं। यह फक़त कहने की बातें हैं चूँकि मौजूदा ज़माने में क़दर काम करने वालों की नहीं बल्कि बड़ी-बड़ी बातें और बड़े-बड़े भाषण करने वालों की है जो कि सही भी है। लेकिन यह कलंक जनता के मुँह पर मैं अपने होते हुए नही लगने दे सकता कि हम ने तो चैलेन्ज़ दिया था लेकिन हमारे चैलेन्ज़ को स्वीकार करने वाला ही पैदा नहीं हुआ। इसलिए मैंने इस चैलेन्ज़ को कबूल किया है कि मैं आपको वह जादू की छड़ी दिखा दूं जिससे यह सारे मसले बातों से नहीं काम करने से हल हो सकते हैं।

मैंने यह चैलेन्ज़ कबूल करके यह चैलेन्ज़ दिया कि अगर २० माह में इस सारे मसले हल न कर दूँ तो गोली से उड़ा देना लेकिन अफसोस इस बात का है कि मेरे इस खुले चैलेन्ज़ यानी ओपेन चैलेन्ज़ को गुप्त रक्खा गया जबकि सरकार का यह कर्तव्य है और था कि उस खुले चैलेन्ज़ को ओपेन करती या ओपेन करे जिससे जनसाधारण को यह पता चल सके कि मैंने लीडरान के उस चैलेन्ज़ को बखुशी क़बूल कर लिया है, जैसा कि भारत का रिवाज़ है और भारत की मान, मर्यादा, परम्परा, शान और इतिहास बताता है कि इस मुल्क के जितने भी राजा, महाराजा और बादशाह इनसाफ़-पसन्द प्रजातन्त्रीय हुए हैं—उन्होंने किया है यानी ओपेन चैलेन्ज़ दिये और दूसरों के स्वीकार किये भी हैं। लेकिन ऐसी कोई मिसाल इतिहास में नहीं मिलती जिससे यह साबित होता हो कि किसी एक ने भी किसी के चैलेन्ज को गुप्त रक्खा हो ऐसी हालत में मेरा यह चैलेन्ज़ कौन से सिद्धान्त, कौन से मुल्क की मान, मर्यादा, परम्परा के अनुसार अभी तक गुप्त रक्खा गया है। मेरी समझ में नहीं आता इसलिए मेरा आप से अनुरोध है कि आप भारत की मान, मर्यादा, परम्परा के अनुसार इस चैलेन्ज को ओपेन करें। और प्रेसों वग़ैरह को दें जिससे देश के लिए कुछ किया जा सके वरना जनता यही समझेगी कि तारीख २६-१४-६८ के अख़बारों में जो ब्यान श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित का छपा है वह सही है कि अनुभवहीन व्यक्तियों का यह घिराव है यानी मजमा है और कुछ नहीं। और अब इस देश का तो खुदा ही मालिक है लेकिन अब तो उसने भी मदद करनी छोड़ दी है वह तो हर बात में बरअक्स चल रहा है। सरकारी अधिकारी कहते हैं कि हमने भाखड़ा डैम बना लिया कुदरत कहती है मैं उसे बरबाद कर दूँगी। यह कहते हैं कि हमने बांध बना लिये हैं। कुदरत कहती है मैं इन्हें तोड़ दूँगी। यह कहते हैं कि हमने मसनूई खाद के ज़रिये अनाज पैदा कर लिया है, कुदरत कहती है कि मैं तुम्हारी फसल बरबाद करदूंगी। यानी कुदरत की हर बात ही बरअक्स चल रही है यह ठीक है कि ज्यादा पढ़े-लिखे लोग इन बाढ़ों, भूचालों, तूफानों, वग़ैरह को एक एक्सीडेन्ट कहते हैं अगर एक्सीडेन्ट हैं तो हमारा पैदा होना और मरना भी एक एक्सीडेन्ट है। दरअसल यह एक्सीडेन्ट नहीं यह सब अनुभवहीन व्यक्तियों का ख्याल है जो इस देश को लेडूबेगा। अगर आँखें न खुलीं तो। —फ़क़त आपका ख़ैर अन्देश

जयहिन्द

इक़बाल बहादुर सक्सैना

# मानन्या प्रधान मंत्री को पत्र

श्रीमती इन्द्रागांधी जी,
भारत सरकार
नई दिल्ली

दिनांक २८-११-६८

सेवा में निवेदन है कि आपने जो २१ अक्टूबर सन् १९६८ को आज़ाद हिन्द सरकार की सिलवर जुबली के अवसर पर लालकिले के सामने सुभाष मैदान दिल्ली में भाषण दिया जिसमे आपने कहा कि बहुत-सी ऐसी बातें हैं जो कि हमें मालूम ही नहीं हो पातीं और हो जाती हैं तथा अभी कुछ दिन पूर्व श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित ने जो कहा है कि श्रीमती इंद्रागांधी अनभवहीन व्यक्तियों के बीच फंसी हैं, को सुन मैं बहुत परेशान हूँ, क्योंकि मैं एक ऐसा मूर्ख इन्सान हूँ जो कि आज इस कलयुग के ज़माने में भी भगवान यानी कुदरत से हर समय डरता हूँ और इससे डर कर ही हर कार्य करता हूँ, मैं दिल से किसी का भी बुरा नहीं चाहता न ही किसी को अपनी ओर से कोई नुकसान पहुँचाने की ही कोशिश करता हूँ न-ही पहुँचाता हूँ, लेकिन इंसाफ और हक़ हासिल करने के लिए कभी पीछे नहीं रहता। इस लिए मैं यह भी कभी नहीं चाहता कि मेरी क़लम या आवाज़ कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ उठे जो कि अनजान हो या अनजाने में गुनाह कर रहा हो ऐसे व्यक्ति को सावधान करा देना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ। यही वजह है कि आज मैं फिर आपको अपने सिद्धान्तों से मजबूर होकर पत्र लिख रहा हूँ और यह पूछना तथा जानना चाहता हूँ कि क्या आप वास्तव में अनभिग्य हैं—क्या आप नहीं जानती कि इन्क्वायरी कमेटी जिसे शाहनवाज़ कमीशन के नाम से भी पुकारा जाता है एक दम झूठ का पुलन्दा है उसके अन्दर हर आदमी का अपना ही बयान आगे चलकर अपने ही बयान से या दूसरे के बयान से कट जाता है। एक भी तो ऐसा व्यक्ति नहीं जिसका बयान न कटता हो। इस रिपोर्ट के अन्दर पेश किया गया हर सबूत अपने आपको झूठा, जाली और धोखेबाज़ी का नमूना बताता है। क्या आप नहीं जानतीं कि भारतीय जनता के हृदय में नेताजी की कितनी श्रद्धा है और जनता नेताजी के बारे में वास्तविकता जानने की इच्छुक है जो कि इस रिपोर्ट से नहीं मिलती। क्या आप नहीं जानती कि १८-८-४५ को किसी भी हवाई दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु नहीं हुई और इस दुर्घटना तिथि के बाद अनेकों व्यक्तियों ने नेताजी को देखा उनसे मुलाकात की और उनके सम्पर्क में रहे। क्या आप नहीं जानतीं कि इस तथाकथित हवाई दुर्घटना की कहानी की तिथि के बाद के अनेकों ऐसे और गवाह मौजूद हैं, जिनसे साबित होता है कि नेताजी की हवाई दुर्घटना में मृत्यु नहीं हुई क्या आप यह सब बातें नहीं जानतीं, क्या आप इनसे अनभिग्य हैं यदि नहीं जानती तो मैं जना देता हूँ और आप मुझसे इस सम्बन्ध में तुरन्त बात-चीत कर सकती हैं। यदि मुझे आपका जबाव आपको इस पत्र के मिलने के ९६ घंटे बाद तक न मिला तो मैं यह समझूँगा कि आप इन तमाम बातों से भली प्रकार वाक़फियत यानी जानकारी रखती हैं।

जयहिन्द

इक़बाल बहादुर सक्सैना
—सम्पादक
विश्वनेता साप्ताहिक
गोरख पार्क सुभाष गली नं० १
शाहदरा दिल्ली-३२

## श्री ए. सी. सरकार की कलम से प्रधानमंत्री को लिखे गये पत्र का उत्तर।

**Goverment of India**
**Ministry of External Affairs**

New Delhi (ii) the 19th Nov. 1968

No. C/551/2/68/Jp
Shri A. C, Sarkar,
Times of India,
New Delhi.
Dear Sir,

I am directed of acknowledge receipt of your letters dated the 7th September 1968 and the 1st October 1968 addressed to the Prime Minister of India regarding a judicial enquiry Into the death of Netaji Subhash Chander Bose.

2. The Government of India conside that no further enquiry is warranted as no new facts have been brought to light.

Yours faithfully,
Sd/—Y. R Dhawan
Unde Secretary to the Govt. of India.

# डा० ज़ाकिर हुसैन के उत्तर पर उत्तर

## यूनियन अध्यक्ष के नाम खुला पत्र

( आई० बी० सक्सेना की कलम से )

दिनांक २४-११-६८ विषय—चैलेन्ज गुप्त क्यों ?

**चैलेंज २० मास में सारी समस्यायें समाप्त न कर दूँ तो गोली से उड़ाया जा सकता हूँ ।**

सेवा में राष्ट्रपति डॉ० ज़ाकिर हुसैन जी !
राष्ट्रपति भवन, हिन्दुस्तान सरकार,
नई दिल्ली

जयहिन्द

बाद आदाए आदाब और सलाम के अर्ज़ है कि आपके परसनल असिसटेण्ट साहब के ज़रिये भेजा गया तारीख़ २४-११-६८ का खत नं० २३८८ मिला जिसके लिये आप का बहुत-बहुत शुक्रिया। लेकिन गुज़ारिश यह है कि इस जवाब से यह अन्दाज़ा नहीं लगता कि मेरा ख़त आप तक पहुँचा भी या नहीं, दूसरे उसे आपने पढ़ा भी या नहीं, तीसरे उस पर कोई ऐक्शन हो रहा है या नहीं। बहरहाल यह ज़रूर मालूम हो गया कि यह ख़त आपके दफ्तर में आपके परसनल असिसटेण्ट साहब के पास ज़रूर पहुँच गया उन्होंने आप तक उस ख़त को पहुँचाने की ज़रूरत महसूस की या नहीं यह मालूम नहीं हो सका इसलिए बराए मेहरबानी मुन्दरज़ा बाला तफसीलात ज़वाब में लिखने की तकलीफ़ गवारा करें। आपकी नवाज़िश होगी।

दरअसल में वह ख़त था उन चैलेन्ज़ों का ज़वाब जो कि मौजूदा लीडरान श्रीमती गांधी वग़ैरह जनता के प्लेटफार्म से भारतीय जनता को चैलेन्ज़ देते रहे हैं कि जो लोग काम करना चाहते हैं वह सामने क्यों नहीं आते। घर में क्यों चूड़ियाँ पहने छिपे बैठे हैं। दूसरे साहब ने फरमाया था कि अगर किसी के पास ऐसा कोई जादू का चिराग़ या छड़ी है जिससे वह इन मसलों को हल कर सकते हों तो वह सामने क्यों नहीं आते ? सामने आयें—रोक उन्हें किस ने रक्खा है। इन दोनों चैलेन्ज़ों को उन्हें काफी वक्त गुज़र गया लेकिन किसी ने स्वीकार नहीं किया। इसका यह मतलब नहीं कि भारत में ऐसे लोग नहीं जो इस चैलेन्ज को कबूल नहीं कर सकते करते हैं। और ज़रूर हैं। लेकिन जनता यह जानती है कि हाथी के दांत खाने के दूसरे और दिखाने के दूसरे होते हैं। यह फक़त कहने की बातें हैं चूंकि मौजूदा ज़माने में क़दर काम करने वालों की नहीं बल्कि बड़ी-बड़ी बातें और बड़े-बड़े भाषण करने वालों की है जो कि सही भी है। लेकिन यह कलंक जनता के मुँह पर मैं अपने होते हुए नही लगने दे सकता कि हम ने तो चैलेन्ज़ दिया था लेकिन हमारे चैलेन्ज़ को स्वीकार करने वाला ही पैदा नहीं हुआ। इसलिए मैंने इस चैलेन्ज़ को कबूल किया है कि मैं आपको वह जादू की छड़ी दिखा दूं जिससे यह सारे मसले बातों से नहीं काम करने से हल हो सकते हैं।

मैंने यह चैलेन्ज़ कबूल करके यह चैलेन्ज़ दिया कि अगर २० माह में इस सारे मसले हल न कर दूँ तो गोली से उड़ा देना लेकिन अफसोस इस बात का है कि मेरे इस खुले चैलेन्ज यानी ओपेन चैलेन्ज को गुप्त रक्खा गया जबकि सरकार का यह कर्तव्य है और था कि उस खुले चैलेन्ज़ को ओपेन करती या ओपेन करे जिससे जनसाधारण को यह पता चल सके कि मैंने लीडरान के उस चैलेन्ज़ को बखुशी क़बूल कर लिया है, जैसा कि भारत का रिवाज़ है और भारत की मान, मर्यादा, परम्परा, शान और इतिहास बताता है कि इस मुल्क के जितने भी राजा, महाराजा और बादशाह इनसाफ़-पसन्द प्रजातन्त्रीय हुए हैं—उन्होंने किया है यानी ओपेन चैलेन्ज़ दिये और दूसरों के स्वीकार किये भी हैं। लेकिन ऐसी कोई मिसाल इतिहास में नहीं मिलती जिससे यह साबित होता हो कि किसी एक ने भी किसी के चैलेन्ज को गुप्त रक्खा हो ऐसी हालत में मेरा यह चैलेन्ज़ कौन से सिद्धान्त, कौन से मुल्क की मान, मर्यादा, परम्परा के अनुसार अभी तक गुप्त रक्खा गया है। मेरी समझ में नहीं आता इसलिए मेरा आप से अनुरोध है कि आप भारत की मान, मर्यादा, परम्परा के अनुसार इस चैलेन्ज को ओपेन करें। और प्रेसों वग़ैरह को दें जिससे देश के लिए कुछ किया जा सके वरना जनता यही समझेगी कि तारीख २६-१४-६८ के अख़बारों में जो ब्यान श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित का छपा है वह सही है कि अनुभवहीन व्यक्तियों का यह घिराव है यानी मजमा है और कुछ नहीं। और अब इस देश का तो खुदा ही मालिक है लेकिन अब तो उसने भी मदद करनी छोड़ दी है वह तो हर बात में बरअक्स चल रहा है। सरकारी अधिकारी कहते हैं कि हमने भाखड़ा डैम बना लिया कुदरत कहती है मैं उसे बरबाद कर दूँगी। यह कहते हैं कि हमने बांध बना लिये हैं। कुदरत कहती है मैं इन्हें तोड़ दूँगी। यह कहते हैं कि हमने मसनूई खाद के ज़रिये अनाज पैदा कर लिया है, कुदरत कहती है कि मैं तुम्हारी फसल बरबाद करदूंगी। यानी कुदरत की हर बात ही बरअक्स चल रही है यह ठीक है कि ज्यादा पढ़े-लिखे लोग इन बाढ़ों, भूचालों, तूफानों, वग़ैरह को एक एक्सीडेन्ट कहते हैं अगर एक्सीडेन्ट हैं तो हमारा पैदा होना और मरना भी एक एक्सीडेन्ट है। दरअसल यह एक्सीडेन्ट नहीं यह सब अनुभवहीन व्यक्तियों का ख्याल है जो इस देश को लेडूबेगा। अगर आँखें न खुलीं तो। —फ़क़त आपका ख़ैर अन्देश

जयहिन्द

इक़बाल बहादुर सक्सैना

# मानन्या प्रधान मंत्री को पत्र

श्रीमती इन्द्रागांधी जी,
भारत सरकार
नई दिल्ली

दिनांक २८-११-६८

सेवा में निवेदन है कि आपने जो २१ अक्टूबर सन् १९६८ को आज़ाद हिन्द सरकार की सिलवर जुबली के अवसर पर लालकिले के सामने सुभाष मैदान दिल्ली में भाषण दिया जिसमे आपने कहा कि बहुत-सी ऐसी बातें हैं जो कि हमें मालूम ही नहीं हो पातीं और हो जाती हैं तथा अभी कुछ दिन पूर्व श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित ने जो कहा है कि श्रीमती इंद्रागांधी अनभवहीन व्यक्तियों के बीच फंसी हैं, को सुन मैं बहुत परेशान हूँ, क्योंकि मैं एक ऐसा मूर्ख इन्सान हूँ जो कि आज इस कलयुग के ज़माने में भी भगवान यानी कुदरत से हर समय डरता हूँ और इससे डर कर ही हर कार्य करता हूँ, मैं दिल से किसी का भी बुरा नहीं चाहता न ही किसी को अपनी ओर से कोई नुक़सान पहुँचाने की ही कोशिश करता हूँ न-ही पहुँचाता हूँ, लेकिन इंसाफ और हक़ हासिल करने के लिए कभी पीछे नहीं रहता। इस लिए मैं यह भी कभी नहीं चाहता कि मेरी क़लम या आवाज़ कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ उठे जो कि अनजान हो या अनजाने में गुनाह कर रहा हो ऐसे व्यक्ति को सावधान करा देना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ। यही वजह है कि आज मैं फिर आपको अपने सिद्धान्तों से मजबूर होकर पत्र लिख रहा हूँ और यह पूछना तथा जानना चाहता हूँ कि क्या आप वास्तव में अनभिग्य हैं—क्या आप नहीं जानती कि इन्क्वायरी कमेटी जिसे शाहनवाज़ कमीशन के नाम से भी पुकारा जाता है एक दम झूठ का पुलन्दा है उसके अन्दर हर आदमी का अपना ही बयान आगे चलकर अपने ही बयान से या दूसरे के बयान से कट जाता है। एक भी तो ऐसा व्यक्ति नहीं जिसका बयान न कटता हो। इस रिपोर्ट के अन्दर पेश किया गया हर सबूत अपने आपको झूठा, जाली और धोखेबाज़ी का नमूना बताता है। क्या आप नहीं जानतीं कि भारतीय जनता के हृदय में नेताजी की कितनी श्रद्धा है और जनता नेताजी के बारे में वास्तविकता जानने की इच्छुक है जो कि इस रिपोर्ट से नहीं मिलती। क्या आप नहीं जानती कि १८-८-४५ को किसी भी हवाई दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु नहीं हुई और इस दुर्घटना तिथि के बाद अनेकों व्यक्तियों ने नेताजी को देखा उनसे मुलाकात की और उनके सम्पर्क में रहे। क्या आप नहीं जानतीं कि इस तथाकथित हवाई दुर्घटना की कहानी की तिथि के बाद के अनेकों ऐसे और गवाह मौजूद हैं, जिनसे साबित होता है कि नेताजी की हवाई दुर्घटना में मृत्यु नहीं हुई क्या आप यह सब बातें नहीं जानतीं, क्या आप इनसे अनभिग्य हैं यदि नहीं जानती तो मैं जना देता हूँ और आप मुझसे इस सम्बन्ध में तुरन्त बात-चीत कर सकती हैं। यदि मुझे आपका जबाव आपको इस पत्र के मिलने के ९६ घंटे बाद तक न मिला तो मैं यह समझूँगा कि आप इन तमाम बातों से भली प्रकार वाक़फियत यानी जानकारी रखती हैं।

जयहिन्द

इक़बाल बहादुर सक्सैना
—सम्पादक
विश्वनेता साप्ताहिक
गोरख पार्क सुभाष गली नं० १
शाहदरा दिल्ली-३२

## श्री ए. सी. सरकार की कलम से प्रधानमंत्री को लिखे गये पत्र का उत्तर ।

**Goverment of India**
**Ministry of External Affairs**

New Delhi (ii) the 19th Nov. 1968

No. C/551/2/68/Jp
Shri A. C, Sarkar,
Times of India,
New Delhi.
Dear Sir,

I am directed of acknowledge receipt of your letters dated the 7th September 1968 and the 1st October 1968 addressed to the Prime Minister of India regarding a judicial enquiry Into the death of Netaji Subhash Chander Bose.

2. The Government of India conside that no further enquiry is warranted as no new facts have been brought to light.

Yours faithfully,
Sd/—Y. R Dhawan
Unde Secretary to the Govt. of India.

## श्री एच० वी० कामथ एम० पी० का सरकार को सुझाव

Regd D. No. 169

# नेताजी जांच कमीशन को चीन में भेजा जाय—जापान में नहीं


# विश्वनेता

सम्पादक—आई. बी. सक्सैना
गोसरख पार्क सुभाष गली नं० १
शाहदरा दिल्ली-३२

अंक ७८
वर्ष ५
मूल्य १५ पैसे

साप्ताहिक—
प्रति गुरुवार


## नेताजी चीन में हैं

### जनरल ल्यूपोंचिग या नेताजी का भण्डा फोड़

कलकत्ता में प्रोफेसर शिवप्रसाद नाग जो कि ल्यूपोंचिग या नेताजी नामक पुस्तक प्रकाशित होने वाली किताब के लेखक हैं वे नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस के सम्बन्ध में इस पुस्तक के पृष्ठ पाँच पर लिखते हैं कि तिब्बत की मुक्ति के बाद इण्डो तिब्बत और मिसमी आसाम बोर्डर पर कबलियों ने सन १९५२ में स्वागत किया। उस वक्त से नेताजी की कोई खबर नहीं मिलती।



### मुक्ति फिल्म लैब्रेटिड चायना

के बारे में पृष्ठ नं० ६ पर लिखा है कि १९५२ के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म मेला भारत में लगा था खुशकिस्मती से हम लोग देखने के लिए कलकत्ता पहुँचे एक डाकूमैन्ट्री सीन जो कि चायना की मुक्ति की झाँकी का था जिसके अन्दर (आजाद चायना की दो झाँकियों में ल्यूपोंचिग को देखा पहली झांकी १९५० में चीनी रिपब्लिकन डे के बारे में थी, एक सजाये हुए पिण्डाल में श्री माउत्सेतुंग, श्री चयूते श्री ल्यूपोलीली सेन श्री चुएन लाई जनरल ल्यूपोंचिग वगैहरा थे। दाएं हाथ की तरफ आखिर में ल्यूपोंचिग बैठे हुए थे जो कि एक बहुत हृष्ट-पुष्ट लम्बे सीधे व्यक्ति थे जिनके बाल पके हुए थे। फिल्म कमानटेटर ने इन सब का परिचय दिया लेकिन उस आदमी यानी ल्यूपोंचिग का बहुत थोड़ा परिचय दिया जोकि सुभाषचंद्र बोस दिखाई देते थे दूसरी झलक में जनरल ल्यूपोंचिग को फैक्ट्री वर्करों की एक मीटिंग की सदारत करते हुए चायना में दिखाया गया था जोकि चीनी टोपी ओढ़े हुए थे। वर्करस बड़ी खुशी २ आए और उनकी तरफ इशारा किया दोनों सीनों में जो कुछ हमने देखा वह शक्लो-सूरत दूसरी नहीं थी वह बिल्कुल सही नेताजी का चेहरा था और यह चेहरा उस फोटो से बिलकुल मिलता था जोकि श्री सरतचंद्र बोस आस्ट्रेया से लाये थे जोकि उनकी अखबार 'दी डेयली नेशन' में नेताजी नम्बर में प्रकाशित हुआ था। कलकत्ता के जिन २ आदमियों ने भी इस फिल्म तथा नेताजी नम्बर में प्रकासित फोटो को देखा सभी ने स्वीकार किया कि यह नेताजी सुभाषचन्द्र बोस हैं, आगे आप पृष्ठ नम्बर ७ पर लिखते हैं कि अक्टूबर सन् १९५२ के असोज नम्बर मंथली बसूमती में कलकत्ता से प्रकाशित हुआ था। जिसमें एक फोटोग्राफ लिबरेशन आफ चायना जरनलों का था जिसके अन्दर ठीक बाएँ से छठा फोटो नेताजी का ही था जो देखने में आया जोकि चायनीज जनेंलों की वर्दी में था। मैंने खुद एक हजार स्त्री-पुरुषों को इस पिक्चर को दिखाया सभी ने उस छठे जनरल को नेता जी बताया बासूमती पत्रिका ने लिखा था कि इस फ़ोटो-ग्राफ को अमरीकन लाईफ अखबार से दोवारा छापा गया है।

## जनरल ल्यूपोंचिग इन चायनीज टाप कमाण्ड

पृष्ठ ९, १० पर एक बहुत ही दिलचस्प खबर विस्तार के साथ हांगकांग से ६-७ तारीख जो राईटर से भेजी गई थी जोकि २७ जून सन् १९५४ स्टेट्समैंन में प्रकाशित हुई थी उसका कहना था कि चायनीज न्यूज़ एजेंसी ने खबर दी कि मिलट्री कौंसिल के यह जनरल लोग वाइस चेयरमैन चुने गए हैं। जिसमें ल्यूपोंचिग, श्री होलांग चिंग आई, ल्यूचिंगहान, हिसूहिसांगचिंग, हिजंगचिन, और एक श्री चांगआंग हैं। नेताजी की शादी फ्राड है जैसे कि नेताजी। की मृत्यु की खबर।

पृष्ठ १२ पर लिखा है ऐम्ली शंफल जोकि एक आस्ट्रेयन पैदायशी औरत से शादी की है। सन् १९४७ के शुरू से ही यह खबर सरकार के अफसरों के अन्दर फैल रही थी २२ अप्रैल सन् १९४९ को यह खबर बनारस के एक अखबार सनमार्ग में प्रकाशित हुई कि नेता जी की स्त्री है और यह खबर २१ अप्रैल सन् १९४९ को न्यू दिल्ली में आई कि उनका एक आठ साल का लड़का है स्वर्गीय सरतचन्द्र बोस जब आस्ट्रेया गये तो एम्लीशंकल से मुलाकात की थी। इस सम्बन्ध में सरत बाबू ने रामगनी बाबू को जो लैटर लिखा था वह छापा गया है जिसमें नेताजी की शादी और स्त्री की खबर पर ऐतवार ना करने के लिए लिखा है।

### गद्दार को गद्दारी शाहनिबाज खाँ की अपनी किताब में

पृष्ठ नम्बर २५ में शाहनवाज़ खाँ ने अपनी किताब आजादहिंद फौज और नेताजी पुस्तक में लिखा है कि जो कोई भी मेरे पास आया सलाह लेने के लिए मैंने उन लोगों को खबरदार किया कि वह आज़ादहिंद फौज में शामिल ना हों।

(शेष पृष्ठ ४ पर)

## राष्ट्रपति-भवन पर राष्ट्र-ध्वज क्यों नहीं ?

बम्बई—आप मानें या न मानें, साल के किसी भी दिन हमारे इस अनोखे देश में भारत के राष्ट्रपति के सरकारी निवास राष्ट्रपति-भवन पर राष्ट्रीय तिरंगा नहीं फहराया जाता।

झण्डे के बारे में केन्द्रीय गृह-मंत्रालय ने जो कायदे-कानून जारी किये उनके अनुसार १५ अगस्त, २६ जनवरी, ६ अप्रैल से १३ अप्रैल तक राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान. जो जलियाँवाला बाग़ के शहीदों की याद में मनाया जाता है और २ अक्तूबर को महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तिरंगा लहराया जाना चाहिए मगर दिल्ली के राष्ट्रपति भवन पर इन अवसरों पर भी तिरंगा नहीं फहराया जाता।

**बल्कि यह झण्डा जिस का चित्र दिया जा रहा है सदा से राष्ट्रपति कि वायु सैना के बिमानों पर लाग है जिसके अन्दर यून्यन जेक का क्रास तथा कामनवेल्थ का चक्र वाला झंडा है जिस कि ओर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया के यह क्या कारण है।**



(आज वायुसेना केविमानों पर लगा झंडा)

यह मामला उस वक्त सामने आया जब स्वतन्त्रता के प्रसिद्ध सेनानी और गाँधीवादी श्री सी० बी० वारद ने यह सवाल महाराष्ट्र विधानसभा में उठाया। उनका ऐतराज था कि बम्बई के राज्य भवन पर तिरंगा इन राष्ट्रीय अवसरों पर भी क्यों नहीं फहराया गया। इस पर उन्हें जबाव मिला कि राजधानी में राष्ट्रपति-भवन पर भी राष्ट्रीय तिरंगा नहीं फहराया जाता बल्कि उसकी जगह राष्ट्रपति का निजी झण्डा फहराया जाता है।

श्री वारद इस मामले को लेकर जुलाई, १९६८ से गृह-मंत्रालय और खुद राष्ट्रपति के सचिव से बातचीत कर रहे हैं। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि "इस मामले पर सोच-विचार हो रहा है।" और यह कि "इस पर भारत सरकार भी ध्यान दे रही है।"

हमारी समझ में नहीं आता कि इस छोटे से मगर गम्भीर सवाल पर अधिकारी जल्द कोई फैसला क्यों नहीं कर सकते।


## टाइप सीखने के लिए सुनहरी मौका

# विजय टाइपिंग कालेज

छात्र छात्राओं को टाइप सीखने के लिए

### आपकी कालोनी में खुल गया है

जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग मशीनें तथा बैठने का प्रबन्ध मुख्यतौर पर किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| फीस | टाईपिंग केवल | ५ रु० मासिक |
| | शोर्टहैण्ड | ७ रु० मासिक |

नई मशीनों तथा तजुर्बेकार क्वालिफाइड टीचरों द्वारा सीखने के लिए आप आज ही प्रवेश लीजिए। भूलिए नहीं।

[illegible] अपना कालिज है ! एक बार अवश्य पधारिये।

विजय टाइपिंग कालेज
१५८६/१६ B. नवीन शाहदरा
डाक खाने वाली रोड, शाहदरा दिल्ली-३२

## सम्पादकीय

# देश भक्त या देश द्रोही कौन ?

हमारे पूर्वज कहा करते थे कि किसी मनुष्य की पहचान उसकी सूरत शक्ल से नहीं बल्कि उसके कार्यों से होती है। आज आइए हम और आप भारतीय राजनीति में प्रवेश कर देश भक्त तथा देशद्रोहियों को उनके कार्यों से पहचानें क्योंकि आज भारत घोर संकट में है उसके लिए तथा हमारे और आपके भविष्य के लिए यह जानना अत्यन्त आवश्यक हो गया है कि हम अपने देश के राजनीतिज्ञों में देश भक्त या देश द्रोही कौन हैं को पहचानें।

क्या आप तैयार हैं? तो चलिए मेरे साथ आज दिल्ली की सैर करें। यह तो आप जानते हैं कि दिल्ली डिवाइडिड इण्डिया यानी खण्डित भारत की राजधानी है। परन्तु प्रश्न यह पैदा होता है कि इस भारत नामक देश को खण्डित किसने किया वह कौन था यह पाप किसने किया वह पापी कौन था? ठहरिए, ठहरिए जरा ठहरिए! बगैर टिकट गाड़ी में सवार होना ठीक नहीं कहीं दिल्ली की सैर करते-करते जेल की सैर न हो जाए। इसलिए आप इस समय दिल्ली की सैर मेरी कलम के उस फोकस द्वारा अपने-अपने स्थान पर बैठे हुए ही करलें जैसे कोई सनीमा हाल में बैठकर सनीमा मशीन के फोक्स से दुनिया की सैर किया करता है। तो जब हम उस पापी की खोज करने के लिये दिल्ली की तंग और छोटी-छोटी गलियों मकानों की दीवारों से मालूम करते हैं तो तीन पार्टियाँ हमारे सामने आती हैं। नं० एक ब्रिटिश सरकार, दूसरे जनता और तीसरे देश भक्त। परन्तु दिल्ली की दीवारें यह कहती हैं कि ब्रिटिश सरकार का तो सिर्फ़ इतना दोष है कि वह हममें फूट डालकर अपनी प्रभुसत्ता कायम रखना चाहती थी इसलिए वह बँटवारे की हामी थी और यह कोई उनके लिए नई बात न थी। उनकी तो सदा ही यह नीति रही है कि फूट डालो और राज करो जिसे भारतीय जनता अच्छी तरह से जान चुकी थी कि ब्रिटिश सरकार की नीति क्या है इसलिए दोष उनका नहीं दोष भारतीय जनता का है। जो कि जानते-बूझते इस धोके की शिकार बनी और धोका खाया लेकिन देश के बँटवारे जैसा पाप भारतीय जनता ने कभी नहीं किया। वह कभी नहीं चाहती थी और नाहीं आज चाहती है कि देश का बँटवारा हो या किया जाये। तो आखिर फिर यह पाप किसने किया। जब यह बात मैं दिल्ली की दीवारों से पूछता हूँ तो वे रो-रोकर कहती है कि यह काम यह गुनाह किसी और का नहीं देश का बँटवारा, देश भक्तों ने ही किया है? यह गुनाह, यह पाप, यह जुल्म भारत माता के गले पर छुरी देश भक्तों ने ही धरी है। अंग्रेज लाख चाहते यदि यह नहीं चाहते तो विभाजन हो नहीं सकता था। जब मैं पूछता हूँ क्या वे देश भक्त नहीं थे? तो जवाब मिलता है कदापि नहीं ना यह कभी देश भक्त थे ना आज हैं। भारतीय जनता कल भी धोके में थी और आज भी इनके धोके का शिकार है। यदि इनमें देश भक्ति होती तो यह कभी अपने इष्ट यानी देश की प्रतिमा को खण्डित न करते। कारण कोई सिद्धांत नहीं कहता कि देश का बँटवारा किया जाये या उसको मानता दी जाये। देश भक्ति का दूसरा नाम ही सिद्धांत है और कोई भी सिद्धांतिक मनुष्य ऐसा स्वीकार नहीं कर सकता। यदि उसके सामने ऐसा कोई करेगा तो वह उसका मुकाबिला करने पर विवश होता है यही सिद्धाँत कहता है परन्तु मुकाबिला करने की बजाए सभी सीटों और पदों के लालच में फँस कर इन पापियों और देशद्रोहियों का साथ दे रहे हैं। वह विभाजित भारत को भारत के नाम से पुकार कर अपने गुनाह पर पर्दा डाल रहे हैं और जनता को अंधकार में रख रहे हैं। इनकी हर बात एक धोका और फरेब है। तुम जानते हो कांग्रेस का झण्डा कौन-सा था यह झण्डा तिरंगा और इस पर चर्खे का चिन्ह था। क्या तुम बता सकते हो? यदि कांग्रेस पार्टी का राज है तो फिर राष्ट्रीय झण्डे पर कांग्रेस का चिन्ह व चर्खा क्यों नहीं? उसके स्थान पर यह चक्र बनाने की जरूरत क्यों महसूस हुई क्या यह अशोक चक्र है? कदापि नहीं यह भी एक धोखा है ठीक उसी प्रकार का जैसे राष्ट्रपति भवन पर राष्ट्रीय झण्डे के ना होने में है। क्या तुम यह जानना चाहते हो?

तो आँखें खोलो और अपने दिल पर हाथ रखकर देखो क्या ब्रिटिश सरकार के यूनियन जैक यानी झण्डे पर इसी प्रकार की लाल किरण चारों ओर को फैली हुई नहीं थी जैसे कि इस चक्र में है। क्या यह उस यूनियन जैक का दूसरा रूप चक्र नहीं? जिसने चक्र में डाल रखा है, यदि तुम्हें विश्वास नहीं तो जाओ जाकर देखो उस झण्डों की सूची को जिसके अन्दर कामनवैल्थ के झण्डों का विवरण दिया गया है जिसका नाम पेश है। FLAGS OF THE COMMONWEALTH
BRITISH INFORMATION SERVICES BY THE CENTREL
OFFICE OF INFORMATION LONDON QUOTER-5481 JULY 1967.

जिसके ऊपर ब्रिटिश ताज की छाप लगी है जिसके अन्दर कामनवैल्थ के झण्डों का विवरण है न कि कामनवैल्थ कंटरीज के झण्डों का विवरण है जिसके अन्दर तथा कथित हमारा राष्ट्रीय झण्डा भी शानके साथ दिखाया गया है। हमारी यह पुष्टि कर सकती है। ऐसी हालत में हमें सोचना होगा कि क्या एक झंडा दो पार्टियों का हो सकता है? यदि नहीं तो इस झण्डे की असलीयत क्या है?

स्पष्ट है कि यह भी राष्ट्रपति की तरह कामनवैल्थ फ्लेग है जिसके अन्दर चक्कर ही चक्कर हैं और चक्कर के सिवा कुछ नहीं। हमें अपने देश को चक्कर से बचाना होगा इस कामनवैल्थ की दीवार को सरे आम गिराना होगा। मेरे हम वतन साथियों जागो तुम्हें औरों को जगाना होगा खुद को उठाना होगा औरों को उठाना होगा। जयहिन्द

आई० बी० सक्सैना

॥ ओ३म् ॥

वन्दे प्रभु विश्वमातरम्

# सत साधन ही धर्म उसके बिपरीत अधर्म है

जगत् गुरु शंकराचार्य जी हिन्दू, आर्य धर्म-सरकार के प्रधान होने के नाते तब तक उनका अधिकार है कि वह धर्म के सम्बन्ध में कुछ कहें या करें जब तक कि वो पदासीन है जैसा कि कोई राजनैतिक पार्टी या सरकार करती है। किसी को भी अधिकार नहीं कि वो हिन्दू धर्म में दखल-अन्दाजी करें, केवल हिन्दू ही कुछ कर सकते हैं दूसरे नहीं। क्योंकि हिन्दुओं ने ही उन्हें उस पद पर बैठाया है।

अगर संसद सदन से किसी भी कारणवश कोई भी सदस्य बहिर्गमन करता है तो क्या हकूमत तथा संसद गलत है या समाप्त हो जाता है? या वह व्यक्ति सदस्यता से अलग हो जाता है? अगर नहीं। तो हिन्दू-धर्म-सदन से किसी भी कारणवश अगर कोई भी व्यक्ति (हिन्वू) बहिर्गमन करता है तो क्यों हिन्दू धर्म गलत और समाप्त कैसे हो जायेगा? या वह व्यक्ति क्यों कर हिन्दू से अलग हो जायेगा या माना जायेगा? सृष्टि रचना से ही त्रिलोकी तक शाखा-प्रशाखा फैलाये अखण्ड-अद्वैत-उपासक यह भारतीय हिन्दू धर्म विधान अति बर्धूमल, सुदृढ़ और स्थिर है आज तक किसी ने भी इसे समाप्त नहीं कर सका न ही कोई कर सकता है ज़ोर लगाने वाले ही समाप्त हो गये परन्तु यह अजेय अखण्ड-अजर अमर काल से भी राडर और अकाल है। सत्य साधन हिन्दू धर्म पालन से ही प्रहलाद, हरिश्चन्द्र श्री रामचन्द्र जी, कृष्ण पाण्डव आदि शूर-वीर महापुरुषों ने सफलता प्राप्त की और अपने को धन्य माने। इस धर्म पालन से न जाने क्या-क्या मुसीबतें उठाये, लेकिन टस से मस न हुए। ऐसे अनेकों प्रमाण हैं जैसा कि वशिष्ठ जी ने विश्वामित्र जी के और विश्वामित्र ने वशिष्ठ जी के अति कठिन परीक्षा लेने के बाद ही ब्राह्मण माना। अखण्ड शान्ति और मुक्ति दाता यह सुमधुर हिन्दू धर्म है इसलिए ही उन सब महापुरुषों ने हर मुसीबत झेल कर ही इसका पालन किया और सफलता पाई। इसमें आना कठिन है, पालन अति कठिन और इसमें आकर इससे अलग होना तो असंभव ही है, क्योंकि इसमें छोटा बड़ा, उच्च-नीच, हिन्दू-मुसलिम-ईसाई आदि जाति-पाति, अपना-पराय आदि का कोई सवाल ही नहीं है। तथा यह विश्व में भी किसी को ठुकराया नहीं। हिन्दू-धर्म माता-पिता का सबही अपना है। अगर सत कर्म और पवित्रता हेतू असत्, अकर्म, कुकर्म, आदि अधर्म कर्म निषेद से घबराकर ही यदि कोई (अंगूर खट्टा है) कथित बहिगमण करता है तो किसका कसूर है? जबकि सत साधन और पवित्रता ही प्रभु स्थान है? सृष्टि रचना और रक्षा भी हिन्दू धर्म विधान से ही है, यह अद्वेत सनातन प्रभु इच्छा है।

जब जगत् गुरु जी ने वार-बार उस अपने वक्तव्य की गलत प्रकाशन का खंडन किया फिर भी उनके विरुद्ध बावेला क्यों? (भेड़िया-मेमनी किस्से की तरह तू नहीं तो तेरे बाप ने किया।) अगर जगत् गुरु जी केवल कुछ कहा भी है तो इतना बावेला कि उनको अराष्ट्रीय गद्दार, अपराधी और उन्हें अमान्य कर गद्दी से हटाया जाये? और उनके खिलाफ मामला भी? स्वागत है! लेकिन जिन्होंने कहे और देश धर्मों के प्रत्यक्ष खण्ड-खण्ड कर भी दिया और आज भी कर रहे हैं उनके खिलाफ कुछ क्यों नहीं? क्या यह जनतन्त्रीय न्याय है? उनके खिलाफ भी गद्दारी, धोखादेही और जातिवाद भेद-भाव, अस्पृश्यता, हिन्दू-मुसलिम आदि के आधार पर भारत का विभाजन करने का और जन-धन के हानि पहुँचाने का तथा अनाधिकार हिन्दू धर्म में हस्तक्षेप तथा जगत् गुरु जी हिन्दू और हिन्दू धर्म का अपमान करना तथा हकीकत में यह विभाजित भारत सरकार होते हुए भी अपने काले कारनामें को छिपाने के लिए अपने को भारत सरकार नाम से धोखा देना, गद्दारी करने का मामला क्यों ना चलाया जाये? और कठोर सज़ा क्यों ना भुगते। अतः हकूमत सोच-विचार से कदम रखे कहीं लेने का देना ना पड़ जाये।

**क्यों कि अगर अस्पृश्य अस्पृश्यता वस्तु कहीं है ती वह कांग्रेस और कथित भारत सरकार ही है!**

अंग्रेजी छत्र-छाया में हर कदम में मनमानी, धोखा, बेईमानी, तानाशाही, अराष्ट्रीयता और पराधीनता का ही बोलबोला है जैसा कि राष्ट्रपति भवन पर राष्ट्रीय झंडा ना होकर और कोई झंडा लगा हुआ है। ३५० संसद सदस्यों की माँग कि नेता जी के सम्बन्ध में न्यायिक जाँच हो लेकिन कथित भारत सरकार ने उन्हें ठुकरा दिया। जबकि केवल ३०-४० संसद सदस्यों की माँग पर तुरन्त ही, जैसा कि पूर्व आयोजित था यह कथित राष्ट्रीय तथा जनतन्त्रीय सरकार हरकत में कैसे आ गई? जनता विचार करे कि यह राष्ट्रीय सरकार के स्कूलर जनतंत्रीय न्याय है या और कुछ? अतः कथित भारत सरकार या तो अपने को विभाजित भारत सरकार है कहे या त्याग-पत्र दे। जो सरकार अस्पष्ट अराष्ट्रीय और विघटन कारी मनोवृत्ति की हैं वह सरकार अवैध तथा अमान्य है। उसका अधिकार नहीं कि वह किसी के खिलाफ भी कुछ कर सके। जैसा कि शौलमारी बाबा शरदानन्द जी का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकी क्योंकि यह हकुमत खुद ही दोषी है साहस नहीं कि कुछ करे। आज भी शौलमारी बाबा दनदनाये, बेपरवाह विराजमान हैं। जय हिन्द।

ता० ६ बैसाख २०२६ जयहिन्द सं० २६
दिनांक (१८ अप्रेल, १९६९)

ए० सी० सरकार
टाईम्स आफ इण्डिया,
नई दिल्ली

## बिक्रेताओं से अनुरोध

यदि आप सप्ताह के सप्ताह धन राशी भेजते रहा करें? तो आपको प्रति सप्ताह विश्व नेता का अंक क्यों ना मिले।

# जगत गुरु से भेंट

दिल्ली १२ अप्रैल जब पुरी के जगत गुरु शंकराचार्य दिल्ली पधारे हुए थे तो आई. बी. सक्सेना जगत गुरु के खिलाफ स्पृश्यता, और अस्पृश्यता के ऊपर हो रहे प्रचार की वास्तविकता जानने के लिए उनसे भट करने के लिए गए बात चीत के अन्दर जगत गुरु ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं ना छुआ-छात को मानता था नहीं मानता हूँ तथा नाहीं छुआ-छात मानने का हामी हूँ। उन्होंने आगे कहा कि मैंने ऐसा अपने भाषण में कदापी नहीं कहा यह सब झूंट निराधार है। सरकार के पास मेरे उस भाषण का टेप रिकार्ड मौजूद है यदि सरकार अपनी जगह पर सच्ची है तो वह क्यों नहीं उस रिकार्ड को जनता के बीच बजाकर सुनाती मुझे अपनी सच्चाई का प्रमाण देने के लिए यह टेप रिकार्ड काफी है जिसे आल इण्डिया रेडियो के कर्मचारियों ने टेप किया है और सरकार के पास है यदि सरकार इस टेप रिकार्ड को जनता के बीच प्रस्तुत नहीं करती और मेरे विरुद्ध किसी न्यायलय में मामला चलाया गया तो में उसे प्रस्तुत कराउँगा और जनता देखे की यह मामला एक गहरी साजिश के ऊपर मेरी इज्जत जनता की नज़रों में गिराने के लिए उठाया है।

यह साजिश पुरानी साजिश है इसके अनुसार सरकार ने मेरा ७०००० हजार रुपया जो कि बैंक में था उसे बिना कारण व अपराध बताए ज़प्त कर लिया है और बैंक को आर्डर दे दिया है कि यह रुपया इनको ना निकालने दिया जाये उन्होंने आगे कहा कि मैं नहीं जानता कि सरकार का क्या उद्देश्य है परन्तु यह बात स्पष्ट है और हर एक की समझ में आने वाली बात है की सरकार यह जानती है कि मैं गौ वध बन्द कराने के पक्ष में हूँ जिसके लिए पहले भी आन्दोलन चलाया था तथा अब दुबारा चलाने की चेष्टा में हूँ जिसे सरकार नहीं चलाने देना चाहती इसी कारण वह जनता के सामने मुझे अपमानित करने और गिराने के लिए षडयन्त्र फैला रही है। जिससे मुझे तनिक भी भय नहीं में जानता हूँ कि भारतीय जनता इस षडयन्त्र का शिकार नहीं हो सकती। जब सक्सेना ने यह पूछा कि विरोधी पार्टियाँ सरकार के इस षडयन्त्र में सरकार का क्यों साथ दे रही हैं उत्तर में जगत गुरु ने कहा कि जैसा आप जानते होंगे कि गौ वध बन्द कराने का मामला राजनैतिक प्रश्न नहीं था परन्पु अवसर वादी राजनीतिज्ञों ने इस प्रश्न को मौके से लाभ उठाने के लिए इसे राजनीति में घसीट कर तुरन्त इलैक्इन स्टैन्ट वना लिया जिसके फलस्वरूप अनेकों को इलैक्इन में सफलता प्राप्त हुई क्योंकि उन्होंने उस समय जनता को आश्वासन दिये कि हम गौ बध बन्द कराके रहेंगे परन्तु इस समय स्थिति उन अश्वाश्नों के विपरीत है और उनके सामने यह प्रश्न है कि यदि वह लोग आगामी गौ बध बन्द कराने के लिए जो आन्दोलन चलाया जाने वाला है उसमें यदि वह लोग मेरा साथ देते हैं तो सरकार के विरोधी बनते है तथा सरकार की चमचागिरी करके जो उनको लाभ पहुँचता है वह ना पहुँच सकेगा और यदि वह मेरा साथ नहीं देते तो जनता के बीच उनके आश्वाश्न झूटे पड़ते हैं जो उनके हित में ना होंगे ऐसी दिशा में मैं यही समझ पाया हूँ कि वह लोग अफ्ने आपको बचाने के लिए यह निर्णय कर चुके हैं कि गौ वध आन्दोलन को ना चलने दिया जाये और उसके चलाने वाले को समाज के बीच बदनाम कर जिस जनता का उसे समर्थन प्राप्त है उसकी नज़रों से गिरा दिया जाये जिससे कोई भी हरीजन तथा वोह मुसलिम भाई जिन्होंने इस माँग का समर्थन किया था सहयोग प्राप्त ना हो सके।

जब सक्सेना ने यह पूछा कि आपके विचार में विरोधी दलों के नेता भी सरकार के पिट्ठू है तो स्वामी जी ने उत्तर में कहा कि वोह क्या थे और क्या हैं जनता उनके कार्यों से स्वयं अनुभव करेगी मैं अभी इस प्रश्न पर कुछ नहीं कहना चाहता परन्तु यह भली-भाँति जानता हूं कि मेरे हरीजन भाई जिनका मुझसे वास्ता पड़ चुका है या जिन्होंने मेरे उस भाषण को सुना है वोह कभी भी गुमराह नहीं हो सकते क्योंकि उन्होंने अच्छी तरह देखा है कि मुझे हरीजनों से तनिक भी घृणा नहीं मैं तो सभी को भगवान का रूप मानता हूं और हरीजन बस्तियों में जा-जाकर गरीब वे सहारा लोगों को अपने हाथों से खान-पान कराता हूं जिससे स्पष्ट है कि मेरे मन में कोई घृणा नहीं। उन पर इस वे बुनयाद प्रचार का कुछ असर नहीं पड़ सकता।

# नव भारत टाइम्ज़ में सुभाष वादियों के पोस्टर पर आपत्ति

(दिनांक १७ अप्रैल आपकी अपनी बात में)

## यह पोस्टर

मुजफ्फरनगर की दीवारों पर आजकल लगे एक पोस्टर को एक दीवार से उतार कर आपको भेज रहा हूँ।

इस पोस्टर में लिखा है कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने २० फरवरी १९६९ को रात नौ बजे पेकिंग रेडिओ से भाषण करते हुए क्रान्ति का आवाहन किया।

इस पोस्टर में पाकिस्तान से दोस्ती करने के लिए भी कहा गया है।

पोस्टर को देखकर कई प्रश्न उठते हैं।

तथाकथित सुभाष वादियों (सुभाष के प्रति मेरी भी श्रद्धा है) से पूछना चाहूँगा कि यह खबर १९-२-६९ को पूर्व सूचना के रूप में क्यों नहीं छापी गयी जिससे हम भी उस भाषण को सुनते? या भाषण के तुरन्त बाद यह भाषण २२-२-६९ को क्यों नहीं की गयी? इतने दिनों के बाद ध्यान दिलाना क्या कोई षड़यन्त्र है या जनता को गुमराह करने की चाल है?

सुभाष के नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' की परतन्त्र भारत में तो सार्थकता थी परन्तु आज क्या है? क्या हम आजाद नहीं हैं?

देश का नवयुवक अब भी जिन्दा है। याखों कुर्बानियाँ हो सकती हैं एक इशारे पर। अगर हम अब भी परतन्त्र हैं। सरकार को चाहिए कि वह ऐसे लोगों के मुंह बन्द करे। पोस्टर के अनुसार, सुभाष बोल रहे हैं पेकिंग से, हिमायत कर रहे हैं पाकिस्तान की, जो दोनों अब हमारे शत्रु हैं, मैं बता देना चाहता हूँ कि अगर नेताजी शत्रु देश की ओर से बोलते हैं (चाहे कोई भी राष्ट्र हो) तो वे हमारे लिए नेताजी नहीं हैं, और इस देश का नवयुवक उनका गोली से स्वागत करेगा। इस देश का नेता वह है जो इसकी भूमि में पलकर इस देश की चहुमुखी उन्नति के लिए प्रयन्नशील हो। अगर सुभाष भारत की हिमायत लेकर उदय होते हैं तो हम उनका स्वागत अवश्य करेंगे।

सुभाष जीवित हैं या नहीं इस विषय में मैं कुछ नहीं जानता, परन्तु यह जरूर कहना छाहूँगा कि ऐसे पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही होनी चाहिए।

—रामगोपाल  
सचिव अ. भा. वि. परिषद  
मुज्जफरनगर (उ. प्र.)

# आपत्ति का उत्तर

मुज्जफरनगर से का० इन्द्रसिंह तथा डा० सोहनपाल सिंह ने उपरोक्त मुज्जफरनगर के श्री रामगोपाल जी की आपत्ती पर नवभारत टाइम्स को प्रकाशित करने के लिए निम्नलिखित उत्तर भेजा है परन्तु उसके प्रकाशित न करने पर विश्वनेता को भेजा गया है। उत्तर में लिखते हैं—

प्रिय बन्धू आपने जो नेताजी के विषय में पोस्टर उतार कर नवभारत अखबार को भेजा है जिसमें पीकिंग रेडियों द्वारा नेताजी का भाषण है वह या तो आपकी तंग दिल्ली का नतीजा है या फिर आप अनपढ़ हैं। पाकिस्तान भारत का ही एक अंग है वहाँ की जनता हमारा ही खून है हम एक ही देश के बासी हैं वे और हम एक ही हैं। चाहे आप गांधीवादी हों चाहे सुभाषवादी यह दोनों ही नेता कभी भी विभाजन के पक्ष में नही थे। यही नहीं गांधीजी ने तो विभाजन होने के तुरन्त बाद कहा था सर्व सत्यानाश हो गया फिर उन्होंने कहा मैं पाकिस्तान में जाकर रहूँगा। जिस देश के नेताओं के ऐसे विचार हों उस देश की जनता में आप जैसे तंग दिल और छोटे विचारों के लोग ही तो देश का विभाजन कराने तथा स्थाई बनाये रखने के जिम्मेदार हैं। जिन्हें देश भक्त नहीं कहा जा सकता देश भक्त को तो यही मानना होगा कि अखण्ड भारत हमारा है। जिससे पाकिस्तान तथा दूसरे भारत के क्षेत्र अलग नहीं।

यदि हम अपनी संपत्ति से अपना अधिकार हटा लेंगे तब जरूर दूसरा कोई न कोई अधिकार कर ही लेगा यदि हम हाथ से निकली चीज़ पर अपना अधिकार नहीं बताते तो अधिकार सदा के लिए समाप्त हो जायेगा। ऐसा मालूम होताहै कि आप वस्तु स्थिति से या कतई अनभिज्ञ हैं या आपने काला चश्मा लगा रखा होगा। जिस कारण पूरी तरह यह पोस्टर पढ़कर समझ नहीं सके। यदि आपकी आँखें खराब न हीं तो द्वितीय महायुद्ध से लेकर अब तक का इतिहास तथा इस पोस्टर को दुबारा पढ़ें। क्या नेताजी अमरीका और बरतानिया जैसे बेशों से बोल सकते हैं जो कि उनके कट्टर दुश्मन हैं। तदि नहीं तो नेताजी के पेकिंग रेडियो से भाषण पर या साम्राज्यवादी शक्तियों के शत्रु देश से नेताजी को सहायता लेने पर या बोलने पर आपत्ति क्यों, क्यों कोई देश या देश भक्त अपने देश के लिए किसी कम्युनिस्ट देश या साम्राज्यवादी देश से किसी प्रकार की कोई सहायता लेता है? तो क्या वह कम्युनिस्ट या साम्राज्यवादी हो जाता है यदि नहीं तो आपकी आपत्ति और नेताजी का गोलियों से स्वागत करना उस देश द्रोहि के कार्य से कम नहीं।

जिसने हमारे बापू को हमसे छीन लिया। आप जैसे ही अनिभज्ञ कहूँ या गुमराह कहूं। लोगों ने हमारा बापू हमसे छीन लिया और हमेशा-हमेशा के लिए बापू को हमसे दूर कर दिया। यदि आपके दृष्टिकोण से आपकी आपत्ति अब भी ठीक है तो फिर मैं यह पूछना चाहता हूँ कि हमारी सरकार जो साम्राज्यवादी देशों से सहायता ले रही है वे खुद साम्राज्यवादी है या उनकी हामी है उसी प्रकार अपने को स्वयं सोचें कि जब कम्युनिस्ट देशों से आपको नफरत है तो आप फिर साम्राज्यवादियों के हामी या पिट्ठू नहीं। क्या इसी कारण नेताजी के शत्रु बरतानिया की गोद ब्रिटिश कामनवैल्थ के सदस्य बने बैठे हैं।

आपका जो एक प्रश्न है कि क्या हम आजाद नहीं वह ठीक है और यह वास्तविकता है कि हम अभी पूर्ण स्वतन्त्र नहीं इसी कारण हमारी स्वतन्त्रता की लड़ाई अभी भी जारी है। जिसे सुभाष तथा सुभाषवादी लड़ने के लिए प्रयत्नशील हैं। यदि आपको इसमें शंका है तो आप मेरे पास पधार कर मुझे पूर्ण स्वयन्त्रता के वैयक्तिक प्रमाणों से यदि सन्तुप्ट करादें तो अधिक नहीं। मैं आपको दस हजार का नक़द इनाम दे सकता हूँ। या इस प्रश्न को आप किसी न्यायालय में इसकी स्थिति जानने के लिए आयें तो मैं वैधानिक प्रमाणों से सिद्ध कर सकता हूँ कि भारत अभी पूर्ण स्वतन्त्र नहीं। इसी कारण हमारे नेताजी हमारे बीच नहीं वह भारत की स्वतन्त्रता के लिए ही भारत से गये थे और स्वतन्त्रता को साथ लेकर ही आयेंगे।

आपने अन्त में सत्य ही लिखा है कि सुभाष जीवित हैं या नहीं इस विषय में मैं कुछ नहीं जानता यह शब्द आपकी अज्ञानता का स्वयं प्रमाण दे रही है। कि आप कुछ नहीं जानते और अपने भावावेश में आकर वह सब लिख डाला जो कि नहीं लिखना चाहिए था।

आगे जो आपने कहा है कि लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। का हम स्वागत करते हैं और आपसे फिर अनुरोध करते हैं कि आप अपनी सरकार को इसके लिए विवश करें हम आपके आभारी रहेंगे।

जयहिन्द

का० इन्द्रसिंह, डा० सोहनपालसिंह  
मुज़्जफरनगर

## युगरीति राशिचक्र बनाम राशिफल

प्रकृति ने अपना विधान क्या अजीब विधान बनाया है कि जहाँ एक राशी के दो व्यक्ति इकट्ठे हुए संघर्ष आरम्भ हुआ। कृष्ण लीला को लोग बड़ा महत्त्व देते हैं परन्तु मैंने कृष्ण की गाथा में एक बात को सबसे अधिक महत्त्व दिया और वह यह कि आखिर वह क्या कारण था कि कृष्ण को अपने अनेकों नाम बदलने पड़े यह प्रश्न खास तौर पर मेरे दिमाग में इसलिए पैदा हुआ चूंकि हमारे प्रिय नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस हर समय हर स्थान पर नया कार्य आरम्भ नये नाम से ही करते हैं और कृष्ण की भांति उसमें विजयी होते हैं। इस खोज मैं विश्वनेता ने निस्कर्ष निकाला है कि कृष्ण राशीफल तथा राशीचक्र के ज्ञाता थे वह यह बात जानते थे कि शत्रु पर विजय वही प्राप्त कर सकता है कि जिसकी अपनी राशी और शत्रू की राशी एक हो शायद यही कारण है। नेताजी के भी अनेकों नाम रखने का उदाहरण के तौर पर कृष्ण ने कंस को मारा, पाण्डवों ने अपने को पहाड़ों निछारा. यादव कृष्ण को एक यादव ने मारा, राम ने रावण को मारा, सुभाष ने सीताभी पट्टा रमैया को हराया, बम्ब ने भगतसिंह को फांसी पर चढ़ाया, गाँधी ने गवर्नमैन्ट गोरों तथा गर्वनरों को निकारा, गौडसे ने गाँधी को मारा, सुभाष सिंगापुर सेगों में मृत्यु का जाल बिछाकर अज्ञात वास को सिधारा, नेहरू ने नहरों का जाल बिछाया, नहरों ने उसे सताया, बापू नाम जब गाँधी ने पाया तभी बटवारा कराया, शास्त्री स्वर्ण सिह के साथ सिधारा, सोवियत रूस से वापिस न आया, तिरंगा भारत पै लहराया तेरा तीन देश कराया, शास्त्री ने शस्त्र उठाया स्वर्णसिंह के साथ जाकर जिन्दा न आया, आज़ादहिंद फौज इंफाल में आई हुई खत्म तभी उनकी लड़ाई, इंदरा के आते ही आंदोलन आया गौरक्षा आंदोलन ने दिल्ली की गर्वमिट को हराया, श्यामा प्रसाद शेख अबदुल्ला के कब्जे आया जिन्दा ना वापिस घर में आया, अब इकबाल इन्द्रा के बीच चली वैधानिक लड़ाई जानूँ ना किसकी कयामत आई, आज़ाद हिन्द सरकार का नाम जो आए इंदरा सरकार का दिल घबराए।

पण्डित ने पाकिस्तान बनाया इन तमाम व्यक्तियों का संघर्ष अपने ही राशी की वस्तु व्यक्ति अथवा स्थान में ही संघर्ष क्यों हुआ, क्या ज्योतिषी पण्डित या विद्वान मनुष्य इस प्रश्न पर विचार कर विश्वनेता को अपने विचार देने का कष्ट कर सकते है।

—सम्पादक

(पृष्ठ १ का शेष)

पृष्ठ नम्बर ३४ पर लिखा है कि नेताजी का सन १६५२ का एक चित्र सितम्बर सन् १६५२ में प्रेस कर्मचारियों ने श्री एस. एम. गोस्वामी को दिखाया इस तस्वीर में मंगोलिया और [आस्ट्रेयन डेलीगेशन पीकिंग] के एक हस्पताल को देखने गये थे जिसके अंदर पहली लाईन का तीसरा आदमी नेताजी हैं जिसके बारे में नेहरू जी और दूसरे अधिकारियों को खबर दे दी गई थी लेकिन इन लोगों ने इस खबर पर गौर नहीं की। यहाँ तक कि श्री एच. वी कामथ वगैरा ने पार्लियामैंट मैं इस सवाल को उठाने की कोशिश की कि नेताजी चीन में हैं इसलिए कमीशन जापान मैं ना ज़ाकर चीन में जाये और पण्डित जी को बहुत समझाने की कोशिश की परंतु पण्डित जी नहीं माने।

पुस्तक के पृष्ठ ३५ पर लैफ्टीनेंट श्री एन. बी. दास आज़ादहिंद फौज़ का एक बयान प्रकाशित किया गया है जिसके अंदर बताया गया है कि नेताजी के बड़े भाई स्वर्गीय सरतचंद्र बोस ने स्वर्गीय ए. एन. सरकार को कहा था कि नेताजी को पीकिंग में एक तार के द्वारा खबर दो परन्तु कलकत्ता जी. पी. ओ. ने इस तार को लेने से इन्कार कर दिया। इस पुस्तक में दूसरा एक प्रमाण इस बात का दिया गया है कि इण्डियन ट्रेड यूनियन डेलीगेशन को सन १६५२ में चीन नहीं जाने दिया गया जोकि वहाँ जाकर नेताजी से मुलाकात करना चाहता था। इसके अतिरिक्त इस पुस्तक में अनेकों और भी ऐसे ठोस प्रमाण फोटो दिये गए हैं जिनको देखने से हर आदमी के मस्तिष्क पर यह प्रभाव पड़ता है कि नेताजी वास्तव में जीवित हैं और पीकिंग में हैं परन्तु सरकार चूँकि इस सत्य को छुपाना चाहती है इस कारण चीन को अपना शत्रु बताकर भारतीय जनता और नेताजी के बीच एक पर्दे की दीवार खड़ी कर रखी है और ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस राज को उस वक्त तक छुपाना चाहती है कि जब तक नेताजी की आयु पूरी न हो जाय जिससे यह राज़, राज़ ही बना रहे।

## विश्वनेता का एक अंक उर्दू में

**शीघ्र आ रहा है जिसके अन्दर कुछ आज़ाद हिन्द सरकार के दस्तावेज़ात असल रूप में पेश किए जा रहे हैं जो सज्जन ना मंगाना चाहते हों वह शीघ्र पत्र द्वारा सूचना देने का कष्ट करें।**

—सम्पादक

## तृतीय विश्व युद्ध योरुप में होगा

### ८०० वर्ष पुरानी भविष्य वाणियां, जो कतई सही साबित हुयीं

आज से लगभग ८०० साल पहले हिजरी ५४७ में एक मुसलमान सन्त शाह नियामतउल्लाह वली साहब ने जिनका जन्म निजारा (रूस) में हुआ था जो मुसलीम दरगयान की खोज में काश्मीर और मुलतान के इलाके में आए थे। उन्होंने पहले दूसरे विश्वयुद्ध और भारत के विभाजन होने तथा तीसरे विश्व युद्ध के बारे में जो भविष्य वाणियां की थीं वह एक किताब की शक्ल में दस्ती लिखी हुई खुदा बक्श खां पब्लिक ओरियनटीयल लायब्रेरी पटना में सुरक्षित रखी हुई है।

भारत के बारे में उस वक्त उन्होंने लिखा था कि भारत पर मुसलमानों के राज्य के बाद विदेशी लोग राज्य करेंगे। जापान और रूस में लड़ाई होगी जिसमें जापान हावी रहेगा। यह वाकया १६०६ में हुआ था। जब रूस ने कोरिया पर अधिकार कर लिया था, तो जापान में बड़ा भारी जलज़ला आएगा (यह जलजला १६२३ में आया था) इसके बाद पहले विश्वयुद्ध के बारे में लिखा है कि दुनिया में बहुत बड़ी लड़ाई होगी जिसमें लगभग एक करोड़ इक्कीस लाख आदमी मारे जायेंगे। अलीफ नामवाली पार्टी (अंग्रेज) जीमनाम वाली पार्टी (जर्मनी) पर फतह हासिल करेगी। (ब्रिटिश कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार पहले विश्व युद्ध में एक करोड़ तीस लाख आदमी मारे गये थे।) द्वितीय विश्व युद्ध के बारे में शाह साहब लिखते हैं कि पहली लड़ाई के बाद सुलह हो जायेगी। मगर दोनों पार्टियां अन्दरुनी तौर पर लड़ाई की तैयारियाँ करती रहेंगी और पहली लड़ाई के ठीक २१ साल बाद दुनिया में महायुद्ध छिड़ जायेगा। आप हैरान होंगे कि पहला विश्व युद्ध ११ नम्बर सन १६१८ को खत्म हुआ और दूसरी जंग ३ सितम्बर १६३६ को चली लगभग २१ साल बाद शुरू हुई थी। इस लड़ाई में भारत अंग्रेजों का साथ देगा। जो इसके लिए घातक साबित होगा। दूसरी लड़ाई में इस्तेमाल की गयी साइंस की चीजों का भी जिक्र उन्होंने कर दिया था। दूसरी लड़ाई में अलीफ (अंग्रेज और अमरीका) रूस और चीन के साथ मिलकर एलीक (ईटली) जीम (जर्मनी) और दूसरे जीम (जापान) पर तहस-नहस कर देने वाले हथियार चलायेंगे यह लड़ाई ६ साल तक चलेगी इसे अमेरिका की पार्टी वाले लोग जीत जायेंगे। इसके बाद तृतीय विश्व युद्ध के बारे में जनाब शाह साहब ने यूँ लिखा है कि तीसरी लड़ाई में अमरीका नाम का मुल्क एक पार्टी होगा और दूसरी लड़ाई में हारा हुआ जर्मन और रूस यह दोनों दूसरी पार्टी होंगे। यह पार्टीयाँ चन्द ही घण्टों में तबाह कर देने वाले हथियारों को साथ में लेकर मैदान जंग में उतरेंगी। यह मैदान जंग यूरोप और अमरीका होंगे इस लड़ाई के बाद अंग्रेज खत्म हो जायेंगे और फिर वह दुबारा नहीं उठ सकेंगे।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद भारत के दो टुकड़े हो जायेंगे अंग्रेज भारत से चला जाएगा। मगर यह दोनों टुकड़े आपस में लड़ते-झगड़ते रहेंगे और दुनिया का अमन हमेशा खतरे में रहेगा औरतों को बड़ी आजादी मिलेगी वह पर्दा को छोड़ देगी बेशर्मी का चलन होगा यह भी शाह साहब ने उसी किताब में लिखा है। इससे यह जाहिर होता है कि शाह साहब एक उच्च कोटि के महात्मा थे तथा उनके पास योग शक्ति थी जिससे उन्होंने ८०० साल पूर्व आज सब सत्य होने वाली बातें लिखी थीं। तीसरा महायुद्ध यूरोप में होगा भारत मैदान जंग बिल्कुल नहीं बनेगा। बरअक्स इसके भारत की तरक्की होगी और बन्दर बाँट करने वाले अंग्रेज इस दुनिया से अपनी फूट डालने वाली नीति को साथ लेकर खत्म हो जायेगा तब विश्व में शांति होगी।

ये शान्ति विश्व के लिए २५० वर्ष के लिए स्थायी शांति होगी जिसको भारत का एक महान् वृद्ध योद्धा कायम करेगा।

विश्वनेता को अत्यन्त भविष्यवाणी को देखकर यूँ खुशी हुई क्योंकि उसके मत के अनुसार जैसा कि विश्वनेता ने अपने अंक नं० २५ में भविष्य वाणी द्वारा बता चुका है सतप्रतिशत ताल-मेल और सही प्रतीत हो रही है।

## इश्तहारों की चर्चा हर ज़बान पर

**प्राप्त सूचना के अनुसार भारत के कुछ क्षेत्रों में ऐसे संसनीखेज इश्तहार बाँटे गए हैं जिनके ऊपर कुछ पगों के चित्र पग पर पग बढ़ते दिखाये गये हैं। जिसके नीचे यह शब्द लिखे हैं।**

**पधार रहे हैं**

**कौंन ?**

**कब ?**

**कहाँ ?**

**प्रतीक्षा कीजिये**

Printd & Published by I. B. Saxena, Shubash Gali Gorak Park No; 1 & Printed For Kumar Fine Art Perass Charhat Delhi-6

Regd D. N. 196

# ब्रिटेन का ऐलान

# भारतीय जनता के साथ खुल्लम-खुल्ला धोखा ?

# भारत पूर्ण स्वतन्त्र नहीं ब्रिटिश के चंगुल में है ?

## भारत कामनवेल्थ की जंजीरों में है आजाद नहीं ?

इस स्वतन्त्रता के नाटक का आरम्भ लार्ड वेवेल के निजी सचिव श्री लियोनार्ड मोसले की पुस्तक "भारत में ब्रिटिश राज्य के अंतिम दिन" से करते हैं। जिसमें उन्होंने लिखा है, कि अब तक इस कहानी की बहुत सी कड़ियाँ खोई हुई थी। **"सत्ता सौंपने के सरकारी कागजात सन् १९९९ तक प्रकाश में नहीं आएगें।"** लेकिन जबसे लेकर आज तक की अवधि में मुझे उम्मीद है कि इस किताब से उन घटनाओं पर कुछ प्रकाश पड़ेगा जो अब तक अँधेरे में थी। 'विश्व नेता'—उन पर प्रकाश डालने के लिए अब न्यूज रील समाप्त कर नाटक का सीन आरम्भ करता है जो इस प्रकार है—


# विश्वनेता

संपादक—आई. बी सक्सैना
गोरख पार्क सुभाष गली नं० १ वर्ष ५
शहादरा दिल्ली-३२

अंक ७९ साप्ताहिक
मू० १५ पै० प्रति गुरुवार


## ब्रिटिश का प्रचार भारत में तेजी पर

### कामनवेल्थ का षड़यन्त्र बेनकाव : कांग्रेस की काली करतूतों, का भण्डा फोड़।

आजकल भारत में ब्रटिश इन्फीरमेशन सर्विस के भारत में कार्यालय द्वारा भारतीय जनता की आँखें खोलने के लिए धड़ाधड़ प्रचार हो रहा है। जिसके द्वारा हिन्दुस्तान की जनता को यह बताया जा रहा है कि तुम आज भी ब्रटिश सरकार के नियन्त्रण में हो और अधीन हो। इस सिलसिले में एक किताब जिसका नाम दि कामनवेल्थ इन ब्रीफ है, हमारे हाथ आई है। जिसके कुछ अंश आपके सामने पेश है। गौर फरमायें और सोचें, आप कहाँ हैं। तो लीजिए इस फिल्म का पहला डाइलाग यानी बयान चालू होता है, अब आप मिलिये ब्रटिश महारानी से।

### ब्रिटिश महारानी का बयान

"मेरे मन्त्री मित्र राष्ट्रमण्डल के विशिष्ट कार्य का विशेष ध्यान रक्खेंगे जो स्वत: संसार की अनेकानेक चुनौतियों तथा अवसरों को प्रभावित करता है। वे जातीय एकता के आधार पर मित्र राष्ट्रमण्डल का सम्बन्ध बढ़ायेंगे और सदस्य राज्यों से घनिष्ट विचार विमर्श स्थापित करेंगे तथा व्यापार, आर्थिक विकास, शैक्षणिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक सम्पर्कों तथा अन्य प्रकार से राष्ट्रमण्डलीय सहयोग की वृद्धि करेंगे।"

ब्रिटिश संसद के दोनों सदनों के सम्मुख महाराज्ञी द्वारा, ३ नवम्बर १९६४ को दिया गया भाषण राष्ट्रमण्डल इक्कीस स्वतन्त्र सदस्य राज्यों तथा उनके आधीनस्थों की एक सं स्य है।

।सदस्य :—ब्रिटेन, कताड़ा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका घाना, मलेशिया, नाइजीरिया, साइप्रस, साइरा, लियोने, तन्जानिया, त्रिनिडाड तथा टोबागो, उगाण्डा, केनिया, मलावी, मालटा, जम्बिया तथा गम्बिया।

.................................................................

राष्ट्रमण्डल के स्वतन्त्र सदस्यों की जनसंख्या प्राय: तिहत्तर करोड़ पचास लाख है और उनका कुल क्षेत्रफल एक करोड़ वर्ग मील है।

राष्ट्र मित्र मण्डल देशों के लगभग चालीस आधीनस्थ देश हैं और उनमें से बहुत से बहुत ही छोटे द्वीप या कम जनसख्या वाले क्षेत्र हैं। राष्ट्रमण्डल की प्राय: पचहत्तर करोड़ की कुल जनसंख्या में से केवल एक करोड़ बीस लाख आधीनस्थ क्षेत्रों में रहते हैं। इनमें से बहुत से ब्रिटेन के अधीनस्थ हैं और कुछ आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के आधीनस्थ हैं। सदस्य राष्ट्र से सम्बन्धित होने के फलस्वरूप ये आधीनस्थ क्षेत्र राष्ट्रमण्डल का अंग हैं।

राष्ट्रमण्डल के सभी देश महाराज्ञी को राष्ट्रमण्डल का प्रमुख मानते हैं। ब्रिटेन, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, सिलोन, सायरा लियोने, त्रनिडाड तथा टोबागो, मलावी, मालटा और जम्बिया साम्राजी हैं और उनमें (ब्रिटेन को छोड़कर) गवर्नर जनरल साम्राज्ञी का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत, पाकिस्तान, घाना, साइप्रस, नाइजीरिया, तानजानिया, केन्या तथा जम्बिया गणतन्त्र हैं, मलेशिया का अपना सम्राट् है और उगाण्डा का अपना राष्ट्रपति है जो राज्य का प्रमुख है।

दक्षिणी रोडेशिया (जनसंख्या प्राय: चार मिलयन), १९२३ से स्वशासित प्रदेश है, एक स्वतन्त्र राज्य नहीं है और इसलिए वह राष्ट्रमण्डल की पूर्ण सदस्यता का अभी पात्र नहीं है।

### वैस्टमिनिस्टर का अधिनियम

जैसे-जैसे अधिराज्य पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त करते गये उनके वास्तविक पद और ब्रिटेन के अधीनस्थ भिन्न तत्वों में जो कानून की कठोर दृष्टि से अब भी प्रस्तुत हैं, एक

[शेष पृष्ठ तीन पर]

### शौलमारी आश्रम के केस में

## अधिकारियों के वारंट अदालत से जारी

झालरापाटन—शौलमारी आश्रम के बाबा शारदानन्द कथित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वाला मुकदमा, जिसमें संजय के सम्पादक ने उक्त आश्रम के ९ अभियुक्तों पर गत १९६५ से मुकदमा चला रखा है अभियुक्त बंसतगिरि के अनुरोध पर अब कोटा स्थानांतरित कर दिया गया है। इस मुकदमे की आगामी पेशी २२ मई नियत हुई है।

न्यायालय ने उक्त आश्रम के महासचिव डा० रमनीरंजनदास तथा राधाकांत पांडे को जमानत सहित उक्त तिथि को अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। अभियुक्त उत्तमचन्द मल्होत्रा, हीरालाल दीक्षित, श्याम विजय वर्गीय तथा बंसतगिरि को न्यायालय में पेश होने का आदेश जारी हुआ है। शेष तीन अभियुक्त डा० गोपगुरुबक्स देवेन्द्र भौमिक और हलधिरराय के फरारीवारंट जारी हैं।

बाबा शारदानन्द के चेले राकधांत पांडे ने जो मुकदमा संजय के सम्पादक के विरुद्ध कलकत्ता में चलाया था वह कलकत्ता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। झूठा मुकदमा चलाने के विरुद्ध संजय के सम्पादक ने झालावाड़ में दो हजार रुपये का दीवानी दावा किया। मुंसिफ मजिस्ट्रेट श्री बंसल ने ३६१३ रुपये की डिग्री राधाकांत पर दे दी।

### ईंट का जवाब पत्थर से

हांगकांग ११ अप्रैल चीन ने पेकिंग से अपने एक वक्तव्य में लोकसभा में ८ अप्रैल को विदेशी मंत्री श्री दिनेशसिंह द्वारा भाषण पर टिप्पणी करते हुए चेतावनी दी और कहा कि श्री दिनेशसिंह ने चीन के विरुद्ध प्रहार करते हुए उन्होंने रूस चीन सीमा के प्रश्न को भारत चीन सीमा विवाद से सम्बद्ध किया है तथा भारत पर आरोप लगाया कि वह चीन का विरोध करने के लिए रूसी नेतृत्व से सांठगांठ कर रहा है। और रूसी संशोधनवादियों का पक्ष लिया है उसने चेतावनी दी कि यदि चीनी क्षेत्र पर कोई आक्रमण किया गया तो उसे कुचल कर रख दिया जाएगा। भले ही वह अकेला आए या अपने स्वामी रूसी संशोधनवादियों के साथ मिलकर आये चीनियों को पहले ही प्रतिक्रियावादी भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का अनुभव हो चुका है।

स्पष्टत: यह बात १९६२ के हमले के सन्दर्भ में कही गई है।

हमारी समझ में नहीं आता कि कांग्रेस सरकार बैठे बिठाये क्यों दूसरों पर ईंट फेंक कर ईंट का जवाब पत्थर से लेती है।

## एयर इंडिया की पुस्तक पर आपत्ति

नयी दिल्ली, १ अप्रैल—लोकसभा में आज श्री इन्द्रजीत गुप्त ने पर्यटन और नागरिक उड्डयनमंत्री का ध्यान एयर इण्डिया द्वारा प्रकाशित एक पुस्तिका की ओर दिलाया जिसमें भारत नेपाल और कश्मीर को तीन पृथक्-पृथक् देश बताया गया है।

पर्यटनमंत्री श्री कर्णसिंह ने स्वीकार किया कि इस प्रकार कश्मीर को भारत से अलग राज्य बताना अत्यन्त आपत्तिजनक है और मैं तत्काल यह पुस्तिका वितरित न करने और वापस ले लेने का आदेश दूंगा।

श्री एस. एम. बनर्जी ने कहा कि इस प्रकाशन में भारत की केवल एक फोटो है और वह है एक सपेरे की, क्या भारत सपेरों, जादूगरों और राजाओं के देश के रूप में ही जाना जाता रहेगा।

श्री कर्णसिंह ने स्वीकार किया है कि भारत का उचित प्रतिबिम्ब अभी विश्व के सामने ठीक से परिलक्षित नहीं होता इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मैं इस सम्बन्ध में पुन: अपने राजदूतों को पत्र लिखूंगा।

श्री कर्णसिंह ने श्री कंवरलाल गुप्त के एक अल्पकालिक प्रश्न के उत्तर में बताया कि हमारी नीति वैमानिक चार्टरों को प्रोत्साहन देने की है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटन भारत आ सकें। इस वर्ष के लिए हम ऐसे ५२ चार्टरों की अनुमति दे चुके हैं। यदि ये पूरे हो गये तो और चार्टरों को भारत आने की अनुमति दी जा सकती है।

सम्पादकीय—

## न्याय अथवा अन्याय

यह कि प्रार्थी की इस शिकायत में २५ अभियुक्त हैं, जो कि ४ श्रेणियों में हैं, प्रथम श्रेणी में उत्तम चन्द मलहोत्रा, दीक्षित आदि आते हैं जो कि सुभाषवादी जनता नामक स्संथा स्थापित करके बड़े दावे और विश्वास के साथ कहते रहे हैं कि नेताजी जिंदा हैं और शौलमारी के बाबाजी श्रीमद् शारदानन्द महाराज हीं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हैं और इस प्रकार जनता से धन लेते रहे हैं दूसरी श्रेणी में काँग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व सदस्य तथा काँग्रेस सरकार के विशिष्ट मन्त्रीगण आते हैं, जो षड़यन्त्र भरी एक साजिश के अनुसार नेताजी इन्क्वायरी कमैटी बनाकर तथा एक झूठी मनघड़न्त रिपोर्ट उपलब्ध करके जनता को धोखा देते रहे हैं कि नेताजी की मृत्यु हो गई वह अब जीवित नहीं हैं परन्तु नेताजी की स्त्री व पुत्री है। तीसरी श्रेणी में शौलमारी आश्रम के बावा श्रीमद शारदानन्दजी महाराज तथा उनके आश्रम के अधिकारी व सदस्य आदि आते हैं, जो कि अपने आश्रम से और उससे बाहर भीं कहते तथा प्रचार करते रहे हैं कि श्रीमद शारदानन्दजी महाराज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अतिरिक्त और कोई नहीं। और शौलमारी आश्रम के संस्थापक नेताजी श्री सुभाष चन्द्र बोस के अतिरिक्त कोई नहीं कह कर जनता को भ्रम में डालकर धन लेते रहे हैं, परन्तु जब काफी समय बीत गया और भारत की जनता ने इस बात को स्वीकार नहीं किया, तो इनमें से कुछ लोगों ने यह कहना आरम्भ कर दिया, कि—शौलमारी आश्रम के बाबा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस नहीं हैं। प्रार्थी के पूछने पर कि आप अब अपने पहले बयान को काटकर ऐसा क्यों कह रहे हैं तो उन्होंने उत्तर में कहा—नेताजी भारत की जनता के नेताज़ी हैं जब भारतीय जनता इस बात को स्वीकार नहीं करती तो फिर "श्रीमद शारदानन्दजी नेताजी नहीं," यदि ऐसी स्थिति में श्रीमद शारदानन्दज़ी नेताज़ी श्री सुभाष चन्द्र बोस हों भी तो वह नेताज़ी कैसे बन सकते हैं। उस देश में जहाँ की जनता इस बात को स्वीकार न करती हो।

चौथी श्रेथी में वह लोग आते हैं जो कि नेताजी श्री सुभाष चन्द्र बोस ने शादी की तथा उनके पत्नी व पुत्री है इस बात को स्वीकार नहीं करते और काँग्रेस सरकार की इस बात को कि नेताजी की पत्नी, पुत्री है को काटते हैं। इस प्रकार प्रार्थी की शिकायत में चार श्रेणी के लोग अभियुक्त हैं जिन्होंने प्रार्थी से धन लिया प्रार्थी को गुमराह किया। और मुलज़िमों को छूट दी या जिनकीं मिली भगत से यह कार्य किया गया। इस तरह इन चारों सीढ़ियों के अभियुक्तों ने जिनके अन्दर अभियुक्त १ से २५ तक आते हैं ने जो लोग नेंता जो श्री सुभाष बोस में विश्वास रखते थे उनकी ज़ान-कारी तथा संख्या प्राप्त कर उनको लूटने, ठगने गुमराह करने और धोखा देने के साथ-साथ उनकी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए ये एक षडयन्त्र और जाल बनाया। इस गोरख धन्धेको जनता न समझ पाये के वास्ते इन्होंने दो रास्ते अपनाये। और दो ही प्रकार की पार्टियां बनी। एक वो जो कहती है कि नेता जी जीवित नहीं हैं। दूसरी वह जो कहती है कि नेता जी जीवित हैं और शौलीमारी आश्रम के बाबा शारदानन्द ही नेता जी हैं। दूसरी वो जो कहती है कि नेता जी ने शादी की उनकी स्त्री व पुत्री है। इसके अतिरिक्त अन्य कहती है कि नेता जी ने शादी नहीं की उनके कोई स्त्री व पुत्री नहीं हैं। यानि इस प्रकार का एक विवाद खड़ा कर वास्तविकता को जनता से छिपाने की चेष्टा की। इसमें इनका एक यह भी उद्देश्य था कि इस तरह समय व्यतीत होता जाये और नेता जी की आयु पूरी हो जाये या इन लोगों द्वारा नेता जी का ठिकाना मालूम हो जाये जिससे अन्दर ही अन्दर उनको गिरफ्तार कर समाप्त किया जा सके और ये राज बना रह सके। इन तमाम षडयन्त्रों, कोशिशों और शाजिसों को समझने की योग्य महोदया मजिस्ट्रेट ने या तो कोशिश नहीं की या समझने में असफल रहीं।

यह कि कु० कमलिनी सेन गुप्ता न्यायाधीश ने १८-१-६९ को अपने फैसले में जब स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि अभियुक्त न० ९ श्रीमद शारदानन्जी में कतई साहस नहीं कि वह अपनी पहचान दे सकें इसका यह अर्थ नहीं कि वह नेताजी श्री सुभाष चन्द्र बोस नहीं हो सकते मजिस्ट्रेट महोदया के इस फैसले में इन शब्दों से सिद्ध है कि उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि नेताजी इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट तथा नेताजी की मृत्यु की खबर झूठी है और नेताजी जीवित हैं। क्योंकि उन्होंने अपने फैसले में लिखा हैं कि इसका यह अर्थ नहीं कि वह नेताजी 'श्री सुभाष चन्द्र बोस नहीं हो सकते अर्थात हो सकते हैं। अब यहाँ यह प्रश्न पैंदा होता है कि उनके फैसले के अनुसार नेताजी हों तो तभी सकते हैं जबकि ज़िन्दा हों या उनको ज़िन्दा स्वीकार किया जाय जिसे मजिस्ट्रेट महोदया ने स्वीकार किया है इन शब्दों में कि इसका यह अर्थ नहीं कि नेताजी नहीं हो सकते अर्थात हो सकते हैं यानि 'नेताजी जीवित हैं।' यह फैसला देते हुए मजिस्ट्रेट महोदया ने प्रार्थी की शिकायत को ख़ारिज कर २५ के २५ अभियुक्तों को कैसे छोड़ दिया, तथा केस चलाने से कैसे इन्कार कर दिया, जबकि उनके फैसले के अनुसार नेताजी श्री सुभाष चन्द्र बोस की मृत्यु को सिद्ध करने वाले तथा इस षड़यन्त्र भरी रिपोर्ट बनवाने तथा पेश करने वाले अभियुक्तों का अपराध स्पष्टतः सिद्ध हो गया है जिन्होंने कि नेताजी को मृतक सिद्ध कर जनता को धोखा दिया तथा यह साजिश की जिसे मजिस्ट्रेट महोदया का फैसला स्वयं सिद्ध करता है।

जिनमें मुल्ज़िम नं. ३ श्रीमती इन्दिरा गांधी, तथा मुरारजी देसाई, वाई० बी० चौहान, सरदार स्वर्णसिंह, शाहनवाज़ खान, पी० सी० सेन, कांग्रेस अध्यक्ष एस० निजलिन्गप्पा, आदि आते हैं के खिलाफ़ मुकदमा अपराध सिद्ध होते हुए भी क्यों नहीं चलाया व उन्हें कैसे और क्यों छोड़ दिए। बाकी मुल्जिमों का अपराध नहीं, प्रार्थी इस बातको भी स्वीकार नहीं करता, परन्तु इस विषय को यहाँ छोड़ते हुए केवल इस ओर ध्यान ले जाना चाहता है कि यदि मजिस्ट्रेट महोदया केस की अपनी पहली स्थिति में सन्तुष्ट हो गयी हैं इस बात से कि शौलमारी के बाबा 'नेताजी' हो सकते हैं तो यह ठीक है कि प्रथम श्रेणी यानी मल्होत्रा आदि, तथा तृतीय श्रेणी यानी श्रीमद् शारदानन्द जी आदि अभियुक्तों का कोई अपराध नहीं सिद्ध होता और उनको इस केस से अलग कर दिया जाना उचित था। जिसके मजिस्ट्रेट महोदया को इख्त्यारात थे। और इन दोनों श्रेणी के अभियुक्तों को छोड़ कर बाकी के अभियुक्तों पर चार्ज लगाकर केस चला सकती थीं जिन्होंने कि नेता जी की मृत्यु को सिद्ध कर तथा उनकी शादी, स्त्री, पुत्री, है की कहानी को घड़ा और शौलमारी आश्रम के बाबा 'नेताजी' श्री सुभाषचन्द्र बोस हो सकते हैं जैसा मजिस्ट्रेट महोदया ने स्वयं स्वीकार किया है उन पर जनता को धोखा देने तथा एक जीवित महान व्यक्ति को मारने जो कि भारत का प्रथम राष्ट्रपति रहा के विरुद्ध शादी, स्त्री, पुत्री है का झूठा प्रचार करने तथा एक नकली स्त्री, पुत्री, बनाकर जनता को धोखा देने तथा ऐसी साज़िश बनाने व उसमें शामिल होने का अपराध स्पष्टतः सिद्ध होते हुए भी कैसे छोढ़ दिया व इस केस को चलाने से कैसे इन्कार करके खारिज कर दिया। यह कि जैसा प्रार्थी प्रथम में कह चुका है कि मजिस्ट्रेट महोदया आरम्भ से ही इस केस को चलाने के पक्ष में ना थीं। और बार-बार इस केस में अड़चने डाल कर खारिज़ करती रही हैं इन सब बातों से ऐसा प्रतीत होता है कि मजिस्ट्रेट महोदया चूंकि इस केस में बड़े-बड़े पदाधिकारी अभियुक्त हैं से या तो डरती हैंया उनके प्रभाव में हैं या अन्य कारणों वश इनके विरुद्ध कारवाही करने का उनमें साहस न था के अतिरिक्त औंर कोई कारण नज़र नहीं आता जिसके द्वारा यह केस न चलाया जा सकता हो। क्यों कि मजिस्ट्रेट महोदया को अधिकार थे और कानून इस बात की स्पष्ट आज्ञा दे रहा है। कि वह केस की पहली स्थिति में सुनवाई के बाद जिन अभियुक्तों को दोषी समझें को अभियुक्त बना कर शेष अभियुक्तों को छोड़ कर केस चला सकती थीं परन्तु मजिस्ट्रेट महोदया ने कानून की आज्ञा होते हुए भी प्रार्थी की शिकायत को खारिज़ किया है। इस लिए प्रार्थी कानून के अन्तरगत बिना किसी पक्षपात के न्याय हासिल करने के लिए आपकी अदालत में अपनी प्रार्थना लेकर आया है यह आशा करते हुए कि प्रार्थी को आपके द्वारा न्याय प्राप्त हो।

—इकबाल बहादुर सक्सेना

## भारत ब्रिटेन से माल खरीदे ब्रिटेन का दवाब

यह समझा जाता है कि ब्रिटेन ने यहाँ पर भारत के साथ व्यापार के मामलों पर खुलकर बातचीत करते समय भारत से यह आग्रह किया कि वह ब्रिटेन से और अधिक माल तथा मशीनें खरीदे। भारत आये उच्च स्तरीय ब्रिटिश दल ने बातचीतमें इस बात पर कुछ चिन्ता व्यक्त की कि भारत के साथ उसका जो व्यापार हो रहा है, उस में वह भारत से जितने का माल मंगा रहा है, उससे कम का माल यहाँ भेज रहा है। इस बात चीत में इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा गया कि गत वर्ष भारत और ब्रिटेन के बीच जो व्यापार हुआ उसमें भारत ने ब्रिटेन को पाँच करोड़ पौण्ड का अधिक माल भेजा। ब्रिटेन माल का भारत को निर्यात घटने का प्रमुख कारण बताया गया। भारत सरकार की लायसेंस सम्बन्धी नीति। भारत का जो सोवियत गुट के देशों के साथ लगातार व्यापार सम्बन्ध बढ़ रहा है उसका भी यह परिणाम हुआ है कि भारतीय फर्मों की ब्रिटेन से खरीदारी कम करने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। दूसरा कारण यह है कि अब भारत की अधिक फर्में ब्रिटिश लाय सेंस प्राप्त कर के साजसामान बना रही है, जिसके कारण भारत को ब्रिटिश निर्मित पुर्जों की जरूरत कम होती जा रही है।

परिणाम यह है कि भारत को ब्रिटिश सहायता सम्बन्धी जो ऋण योजना है, उसका लाभ भारत की वे फर्म तक नहीं उठा रही हैं, जो सामान्यतया ब्रिटिश साज-सामान इस्तेमाल किया करती हैं।

राजधानी स्थिति भारतीय व्यापार सूत्र इस बात का संकेत दे रहे हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार का ढंग नाटकीय ढंग से बदल गया है। क्योंकि भारत अब विभिन्न प्रकार की इस तरह की आधुनिकतम चीज़ें बना रहा है, ज़िन्हें वह पहले ब्रिटेन से मंगाया करता था।

वैंसे भारत के अधिकारी यह बात जोर देकर कहते हैं कि दरअसल में भारत ने ब्रिटेन से माल मंगाने की अपेक्षा उसे अधिक माल नहीं भेजा है, उनका दावा है कि भारत तथा ब्रिटेन के आपस के व्यापार में कई ऐसी अज्ञात बातें हैं जिनके कारण शायद दोनों देशों का व्यापार संतुलित हो गया है।

नयी दिल्ली में बातचीत के दौरान कहते हैं कि भारतीय अधिकारियों ने ब्रिटिश अधिकारियों को भारत की चतुर्थ योजना की महत्वपूर्ण बातें समझाकर बतायीं तथा यह बात बल देकर कही कि भारत को ब्रिटेन से काफी सहायता मिलनी चाहिए तथा उसे अपना वस्त्र ब्रिटेन को निर्यात करते रहना चाहिए।

(पृष्ठ चार का शेष)

व्यक्तियों द्वारा भिन्न-२ परिस्थितियों में की गई और वे अपराध भी जो विश्वासघात के समान हैं। (१६) नीचे योग्य अदालत के लिये मुकदमे को दर्ज करना, उन दूसरे अपराधों के अन्तर्गत अलावा उन अपराधों के जो शिकायतकुनन्दा ने लगाये हैं। उचित ही है यदि जिरह के समय यह इतना तफसील हो इंसाफ़ की नज़र में, परन्तु नीचे की अदालत ऐसा करने में सफल नहीं रही।

(१७) हुक्मनामा की तसदीक शुदा नकलें मिलने में जितना समय लगा उसको छोड़ कर यह रिवीज़न समय रहते हुये और उचित कोर्ट फीसपर दाखिल किया गया।

इन परिस्थितियों में अत्यन्त नम्रतापूर्वक यह विनती की जाती है कि सम्मानित अदालत प्रसन्नतापूर्वक उस जबरदस्ती ठूँसे गये ख़ारिज वाले हुक्म को जो नीचे की अदालत ने दिया है, एक ओर रख देगी और मुकदमे को उसी स्थिति में (जिस स्थिति में बन्द किया गया) लाकर तहरीर करवायेगी। उन बयानों को जो की शिकायत-कुनन्दा के दूसरे कुछ विशेष और आवश्यक गवाहों के बाकी रह गये हैं।

प्रार्थी

तारीख़: ३ मार्च १९६९ — मार्फत सुयोग्य वकील

(प्रथम पृष्ठ का शेष )

बढ़ती हुई खाई पैदा हो गई । सन् १९२६ के साम्राज्य सम्मेलन में ब्रिटेन तथा अधिराज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में समानता के पद पर, घरेलू और बाह्य मामलों में किसी रूप में भी किसी के आधीनस्थ नहीं, स्वशासित जातियाँ बताया गया यद्यपि वे ब्रिटिश प्रभुत्व के सम्मिलित रूप के कृतज्ञता से एकत्रित हैं और स्वतन्त्रता से ब्रिटिश राष्ट्रमण्डल के सदस्यों के रूप में संगठित हैं।

तथापि कानून की दृष्टि से अधिराज्य संसदों की शक्तियों पर कुछ प्रतिबन्ध शेष रहे जब तक कि उन्हें सन् १९३१ में वैस्टमिनिस्टर अधिनियम द्वारा जो सन् १९२६ और १९३० के साम्राजीय सम्मेलनों के कुछ प्रस्तावों को लागू करने के लिए ब्रिटिश संसद् ने पारित किया था, दूर न किया गया। राज्यों के निवेदन पर इस अधिनियम की कुछ धाराओं को कुछ अधिराज्यों पर लागू होने से रोक दिया गया। जब तक कि उनके संसद् उन्हें अपना न लें, यह कदम आस्ट्रेलियन राज्यों के अधिकारों और कनाडा के प्रान्तों के अतिरिक्त प्रत्येक द्वारा उठाया जा चुका है।

कनाडा की संघीय तथा प्रान्तीय सरकार द्वारा अक्तूबर १९६४ में यह घोषित किया गया कि उन्होंने यह स्वीकृत कर लिया है कि ब्रिटिश उत्तरी अमेरिका अधिनियम को संशोधित किया जाना चाहिए ताकि कनाडा के संविधान में किये जाने वाले आगामी परिवर्तनों के लिए ब्रिटिश संसद् की सहमति की आवश्यकता न पड़े।

## प्रभुसत्ता तथा राष्ट्रमण्डल

स्वतन्त्र भारत के लिए संविधान बनाने के लिए रचित संविधान सभा ने गणतन्त्रीय राज्य का निर्णय किया और इस निर्णय से निकलने वाले संवैधानिक मामलों पर विचार करने के लिए अप्रैल १९४९ में लण्डन में राष्ट्रमण्डलीय प्रधान मन्त्रियों का सम्मेलन बुलाया गया। सम्मेलन द्वारा जारी किये गये वक्तव्य में कहा गया, भारत सरकार ने घोषणा कर दी है और सम्राट् को स्वतन्त्र सदस्य राष्ट्रों की स्वतन्त्र संस्था का प्रतीक और राष्ट्रमण्डल का प्रमुख मानने की इच्छा को स्वीकृत कर लिया है और सम्मेलन की इस घोषणा के अनुसार भारत को सदस्य बने रहने की मान्यता को मान लिया है।

राष्ट्रमण्डल की मान्यता ऐसे ही समान निर्णयों पाकिस्तान द्वारा (१९५६ में), घाना (१९६० में), टोगानियका (१९६२ में), नाइजीरिया (१९६३ में) तथा केन्या (१९६४ में) दी गई। साइप्रस तथा जम्बिया स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद गणतन्त्र बन गये। श्रीलंका ने क्रमशः गणतन्त्रीय संविधान को लागू करने की घोषणा कर दी है। अक्तूबर १९६३ में जब उगाण्डा ने अपना राष्ट्र प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति चुनने के लिए संविधान में संशोधन किया तो आन्तरिक राजनैतिक कारणों से अपने को गणतन्त्र का रूप नहीं दिया। दक्षिण अफ्रीका सन् १९६१ में गणतन्त्र बनने के पश्चात् राष्ट्रमण्डल का सदस्य नहीं रहा। मई १९६० में, कैम्ब्रेज में एक भाषण में इस व्यवस्था पर टीका करते हुए आस्ट्रेलिया के प्रधान मन्त्री सर हरबर्ट मेंजीज ने कहा कि यह सोचना एक दोषान्वेषी भूल होगी कि जब पहला गणतन्त्र राष्ट्रमण्डल के द्वार में प्रवेश कर गया तो पुरानी भावना खिड़की से बाहर उड़ गई। हमारा एक दूसरे के साथ एक लगाव है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यही कारण है कि हम नव स्वतन्त्रता प्राप्त राष्ट्रों राष्ट्रमण्डल में रहने की इतनी उत्सुकता देख रहे हैं। यही कारण है मैं प्रधान मन्त्रियों के सम्मेलन में बैठ सकता हूँ और उसी क्षण घरेलू वातावरण का अनुभव ऐसे ही करता हूँ जैसे मैं अपने मन्त्रिमण्डल में बैठा हूँ।

ब्रिटेन को छोड़कर उन देशों में जहाँ साम्राज्ञी राज्य प्रमुख हैं, गवर्नर जनरल उनका प्रतिनिधित्व करता है जिसकी नियुक्ति सम्बन्धित देश की सरकार की सिफारिश पर की जाती है। वह उस देश की संवैधानिक परम्परा के अनुसार कार्य करता है और ब्रिटिश सरकार से पूर्णतः स्वतन्त्र होता है।

सन् १९५२ के प्रधान मन्त्री सम्मेलन में यह बात मान ली गई कि प्रत्येक सदस्य देश एक शाही उपाधि का प्रयोग करे जो उसके अपने हालात के अनुकूल हो परन्तु फिर भी उसमें अधिकांश मात्रा में सर्व सामान्य अंश शेष रहे।

## उच्चायुक्त

राष्ट्रमण्डलीय सरकारों का दूसरे राष्ट्रमण्डलीय देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है जिनका पद राजदूत के समान होता है और वह अपना कार्यभार सम्भालने कीं तारीख के अनुसार अग्रता ग्रहण करता है। उन राष्ट्रमण्डलीय सदस्यों के बीच जो साम्राज्ञी को राज्य प्रमुख मानते हैं उच्चायुक्त एक राज्य से दूसरे राज्य में नियुक्त किये जाते हैं न कि राजदूत जो एक राज्य प्रमुख द्वारा दूसरे राज्य प्रमुख को भेजे जाते हैं।

उन राष्ट्रमण्डलीय सदस्यों जिनका राज्य प्रमुख साम्राज्ञी के अतिरिक्त होता है उच्चायुक्त एक राज्य प्रमुख से दूसरे राज्य प्रमुख के प्रत्यायित होते हैं।

## प्रधान मन्त्रियों के सम्मेलन

सन् १९४४ से आगे महायुद्ध पूर्व के साम्राजीय सम्मेलन का स्थान कुछ औपचारिक प्रधान मन्त्रियों के प्रायः अठारह मास की अवधि पर होने वाले सम्मेलन ने ले लिया इसके लिए कोई औपचारिक कार्यक्रम प्रकाशित नहीं किया जाता और कार्यवाही निजी रूप में होती है जिसमें खुला विचार-विनिमय पूर्ण अधिवेशन तथा छोटे समूहों की प्रादेशिक मामलों पर विचार के लिए बुलाई गई बैठकों में होता है। इसके अतिरिक्त संयोजित कार्यक्रम के बाहर भी निजी बैठकों में व्यक्तिगूत सम्पर्क का अवसर मिलता है जिसका राष्ड्रमण्डलीय नेताओं की परस्पर घनिष्ठ समझौते और मित्रता की भावना की वृद्धि होती है।

यद्यपि प्रधान मन्त्रियों के सम्मेलन की प्रक्रिया के कोई परिशुद्ध नियम निर्धारित नहीं हैं फिर भी वर्षों के पश्चात् कुछ परम्परायें बन गई हैं। उदाहरणार्थ यह समझा जाता है कि सदस्य देश के आन्तरिक मामलों पर कोई चर्चा नहीं होगी परन्तु सन् १९६१ में दक्षिण अफ्रीका के प्रधान मन्त्री ने स्वेच्छा से इस परम्परा की छूट दी। दूसरी परम्परा यह है कि एक-दूसरे राष्ट्रमण्डलीय देश के आपसी झगड़ों पर (दो दलों की अनुमति के बिना) कोई चर्चा नहीं होगी।

अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिये जाते और न ही विशेष रूप से राष्ट्रमंडलीय नीति निर्धारण का प्रयास किया जाता है यद्यपि किसी अवसर पर यह सम्भव है कि किसी बड़े अन्तर्राष्ट्रीय मामले पर समान दृष्टिकोण बन जाये। उदाहरणतः मार्च १९६१ के राष्ट्रमंडलीय प्रधानमंत्रियों के सम्मेलन द्वारा निशस्त्रीकरण की घोषणा। तो भी बैठकों में विचार-विमर्श से अन्य सदस्य राष्ट्रमंडलीय देशों के हितों के सम्बन्ध में प्रतिनिधि सरकारों की अपनी भविष्य में नीति निर्धारण में सहायता मिलती है। हवाले के तौर पर लार्ड नोरमन ब्रुक (भूतपूर्व ब्रिटिश मन्त्रीमंडलीय सचिव जिसने सन् १९४६ से १९६२ तक राष्ट्रमंडलीय प्रधानमन्त्री सम्मेलन के सचिव का कार्य किया) कहते हैं—

"राष्ट्रमंडलीय सम्मेलनों में विचार-विमर्श का उद्देश्य और तात्पर्य कोई समान नीति या संयुक्त कार्यवाही की योजना बनाना नहीं बल्कि यह निश्चय करना है कि सभी राष्ट्रमंडलीय सरकारें आने वाले विषय पर समान समझौता कर सकें और पृथक अपनाई जाने वाली नीतियों के उद्देश्य और भावनाओं के महत्व को समझ सकें। लक्ष्य की देन यही है कि अधिक से अधिक रूप में समझौता हो सके और कम से कम प्रतिबन्ध हो।"

## विधि (कानून)

राष्ट्रमंडलीय देशों की वैध प्रणालियों में अंग्रेजी कामन ला का पालन एक संगठनात्मक तत्व है। यह सर्वव्यापी नहीं है क्योंकि क्यूबा के प्रान्तों और मारिशिष की बस्तियों का कानून फ्रांसीसी कानून पर आधारित है और रोमन तथा पुर्तगाली कानून श्रीलंका तथा रोडेशिया के कानून का आधार बनाते हैं। राष्ट्रमंडल के कुछ भागों में सारी की सारी प्रचलित कानून व्यवस्था अंग्रेजी कानून ही है, अन्य देशों में अंग्रेजी कानून के साथ-साथ दूसरी प्रणाली प्रस्तुत हैं और भारत तथा पाकिस्तान का निजी कानून अन्य परम्परा से सम्बन्धित है परन्तु इन अन्त में बताये गये देशों में भी अंग्रेजी सार्वजनिक कानून, संविधि का भावार्थ करने का अंग्रेजी तरीका और साक्ष्य तथा अंग्रेजी उदाहरण प्रणाली बहुत हद तक मानी जाती है। आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड और दूसरे नाइजीरिया तथा साइरा लियूने आदि देशों में जो हाल ही में स्वतन्त्र हुए हैं, उनकी निश्चित नीति अंग्रेजी कानून को ही औपचारिक कानून स्रोत मानने की है और अन्यत्र राष्ट्रमंडल में अंग्रेजी प्रथा तथा निर्णय आम प्रचलन की भावना को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण तत्व सिद्ध हुए हैं।

प्रीवी कौंसिल की वैधानिक समिति भूतपूर्व में इंगलैण्ड को छोड़ कर सभी राष्ट्रमंडलीय देशों में कुछ वैध मामलों में अन्तिम अपील न्यायालय था। इस वैधानिक राष्ट्रमंडलीय प्रतिनिधित्व की प्रथा सन् १८९५ से प्रचलित हुई और इस प्रतिनिधित्व को राष्ट्रमंडलीय देशों के प्रमुख न्यायाधीशों को प्रीवी कौंसिल का न्यायाधीश नियुक्त करके लगातार सुदृढ़ बनाया जाता रहा। कुछ देशों ने अपने न्यायालयों की जुडिशियल कमेटी को अपील के अधिकार को समाप्त कर दिया है।

## राष्ट्रीयता और नागरिकता

सन् १९४६ तक कई राष्ट्रमंडलीय देशों के अधिनियमों द्वारा जो प्राय समान ही थे, 'ब्रिटिश नागरिकता' के सम्मिलित पद को मान्यता दी जाती थी। फिर कनाडा ने अधिनियम बनाया जो कुछ महत्वपूर्ण दृष्टिकोण से एक नया परिवर्तन था तो भी यह सम्मानित पद को मान्यता देता रहा। सन् १९४७ में राष्ट्रमण्डलीय अधिवेशन में यह माना गया कि—

(१) प्रत्येक राष्ट्रमंडलीय देश का अपना नागरिकता अधिनियम हो जिसमें यह परिभाषा हो कि वह किस को नागरिक मानता है और किस प्रकार नागरिकता ग्रहण तथा लुप्त की जा सकती है। संयुक्त राज्य (ब्रिटेन) और उसके अधीनस्थों को एक नागरिकता के लिए इकाई माना जाये और उनके नागरिक, 'संयुक्त राज्य तथा बस्तियों के नागरिक' कहलाये।

(२) प्रत्येक राष्ट्रमंडीय देश ब्रिटिश नागरिक (अथवा राष्ट्रमंडलील नागरिक जहाँ इस परिभाषा को उत्तम समझा जाये) उसे अपना नागरिक तथा राष्ट्रमंडलीय देशों का नागरिक माना जाये।

(३) विदेशियों की नागरिकता (और ब्रिटिश संरक्षित व्यक्ति) किसी भी राष्ट्रमंडीय देश के कानून के अनुसार स्वतः ही ब्रिटिश नागरिक (अथवा राष्ट्रमंडीय नागरिक) का पद ग्रहण कर लेगा और उसको सर्वत्र राष्ट्रमंडल में मान्यता दी जायेगी।

(४) स्त्रियों के लिए यह जरूरी नहीं कि वे अपने पतियों की राष्ट्रीय प्रतिष्ठा (पद) ग्रहण करें और उन्हें जहाँ तक संभव हो प्रतिष्ठा के चुनने का अवसर दिया जाये।

(५) राष्ट्रमंडीय देश में नागरिकता ग्रहण या दूसरे राष्ट्रमंडलीय नागरिकों द्वारा अथवा आयरलैण्ड के नागरिकों द्वारा विदेशियों की अपेक्षा अत्यन्त सहज होगी।

तब सदस्य देशों द्वारा जो कानून बनाये गये हैं वे विस्तार में काफ़ी निम्न हैं और कुछ मामलों में सन् १९४७ में अपनाई गई योजना से विपरीत है। सामान्यतः फिर भी महत्वपूर्ण सम्मिलित तत्व हैं और विदेशी तथा राष्ट्रमंडलीय देशों के नागरिकों के बीच भेद जारी है (विस्तृत विवरण के लिये ६०१ संदर्भ-पत्र—'राष्ट्रीयता और राष्ट्रमंडलीय देशों में नागरिकता अधिनियम' शीर्षक देखिए।

# चारसौ बीस के मामले की सिशन जज के यहां रिवीज़न

जैसा कि हम आपको बता चुके हैं कि श्री इक़बाल बहादुर सक्सैना ने एक केस धारा ४२० वी० इंडियन पैनेल कोर्ट के अंतरगत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के सम्बन्ध में नई दिल्ली न्यालय में श्री उत्तमचन्द मल्होत्रा, श्री हीरालाल दीक्षित तथा श्रीमती इन्द्रा गांधी, मुरारजी देसाई, वाई० बी० चौहान सरदार स्वर्णसिंह, पी० सी० सैन, श्री एस० निजलिंग अप्पा, शाह निबाज खां और अन्य सोलह व्यक्तिओं के विरुद्ध चला रखा है जिसके फैसले के विरुद्ध आई० बी० सक्सेना ने सिशन जज के यहाँ तीसरी बार रिवीजन दायर किया है।

## रिवीज़न पढ़िए

महोदय,

प्रार्थी निम्नलिखित निवेदन करता है कि—

प्रार्थी ने एक प्रार्थनापत्र दिनांक १७-१-६६ को पेश किया था। इस बिना पर कि महोदय मजिस्ट्रेट ने अपनी इच्छाओं पर निर्भर होते ही उसकी शहादत १५-१-१९६९ को बन्द कर दी। यह सब कुछ—अडीशनल सेशन जज श्री जे० एन० वर्मा की अदालत में सुना गया और जिसको कि उपयुक्त समय से पहले होने के कारण उन्होंने १८-१-६६ को खारिज कर दिया। अब जब कि महोदया मजिस्ट्रेट ने उपरोक्त शिकायत १८-१-६६ को अपने हुक्म के साथ खारिज करदी है—शिकायतकुनिन्दा दुबारा इस अदालत में आया है व इस आशय से कि सिविल कोर्ट द्वारा दिये गये खारिज के हुक्म को अभी अलग रखवा सके। कुछ दूसरे कारणों के अतिरिक्त—इस दुबारा अपील के कारण यह हैं—

(१) शिकायत-कुन्दा ने यह शिकायत—इण्डियन पैनल कोड के धाराओं ४२०—और १२० बी के अन्तर्गत कु० कमलिनी सेन गुप्ता, सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट नई दिल्ली की अदालत में ११ जुलाई-१९६८ को दाखिल किया था। आदरणीय महोदया मजिस्ट्रेट जो कि आरम्भ से ही इस शिकायत को दाखिल करने में हिचकिचाती रहीं परन्तु जब सी० आर० पी० सी० की धारा २०० के अन्तर्गत जब यह दिखाया गया कि समस्त राजनैतिक अधिकार इस आशय के प्राप्त हैं और कि वह इस शिकायत को अपनी अदालत में दाखिल कर सकती हैं और इस प्रकार वह शिकायतकुनिन्दा के और उसके गवाहों के ब्यानों को लेने का हक रखती हैं—तब कहीं उन्होंने ऐसा करना स्वीकार किया।

(२) शिकायतकुनन्दा का बयान २-८-६८, २७-८-६८ और २-९-६८ को लिया गया—परन्तु जैसा कि ऊपर बताया गया यह अदालत इस केस की सुनवाई करने को इच्छुक नहीं रही—और कि मजिस्ट्रेट महोदया ने इसको सफ़ल न बनाने में २-९-६८ को ख़ारिज कर दिया। एक अर्जी इसी दिन (२-९-१९६८ को)—इस आशय की कि शिकायतकुनन्दा अदालत में हाज़िर है—की दी गई कि उसकी हाज़िरी लगाई जाय—परन्तु वह भी २-९-१९६८ को ही महोदया मजिस्ट्रेट ने "REJECTED"—इन शब्दों के साथ ख़ारिज करदी। इस हुक्म के विरुद्ध—शिकायतकुनन्दा ने एक रिवीजन पेटीशन दी और कि श्री जे० एन० बर्मा, अडीशनल सेशन जज-दिल्ली की अदालत ने प्रसन्नता पूर्वक शिकायत को जारी रक्खे जाने का हुक्म दिया साथ ही यह भी लिखा कि महोदया मजिस्ट्रेट ने कानून के प्रति पूरा-पूरा अनादर प्रदर्शित किया और एक जोखिम प्रकार की अनियमितता इस केस को खारिज करते हुए कि इस भावना से कि शिकायतकुनन्दा का कार्य असफल रहे।

(३) पश्चात् इसके—शिकायतकुनन्दा का ब्यान फिर लिखा जाने लगा इसी निचली अदालत में परन्तु इस बार मजिस्ट्रेट महोदया ने स्वयं ही सुनना और लिखना आरम्भ किया और शीघ्रता से शिकायत को सुने और समाप्त करने को कहा जिस कारण कि जल्दी-२ तारीख पड़ने लगी। २-१-१९६९ की तारीख पड़ी जब कि कुछ ब्यान सुना गया और लिखा गया और फिर ४-१-१९६९ की तारीख पड़ गई। शिकायतकुनन्दा को अपने साथ (७) गवाहों के साथ आना था परन्तु फिर भी महोदया अदालत उस दिन छुट्टी पर थीं। दूसरी तारीख फिर ११-१-६९ की पड़ी जबकि शिकायत कुनन्दा अपने गवाहों के साथ उपस्थित हुये परन्तु अदालत फिर छुट्टी पर थी। शिकायत कुनन्दा के गवाहों की हज़िरी हुक्मनामें लिखी गई। १२-१-६९ को फिर रविवार की छुट्टी हुई। १३-१-६९ की फिर तारीख दी गई जबकि शिकायतकुनन्दा का बयान समाप्त हुआ।

(४) ता० १३-४-६९ को सात गवाहों में से ३ गवाहों के ब्यानात लिये गये जो तारीख पर उपस्थित थे। यह गवाह—मेरठ, जिन्द व रोहतक से आये थे। शिकाकुनन्दा ने भारत के दूर-दूर के स्थानों से गवाहों का भी अदालत में हाज़र होने के लिये प्रबन्ध किया था परन्तु उसको ऐसा करने की आज्ञा नहीं मिली। शिकायतकुनन्दा ने अपने ब्यान में यह साबित किया था और कुछ ३८८ दस्तावेज़ पेश किये जिनमें कुछ पुस्तकें, कुछ फोटो, कुछ ब्यानात, अखबारों की कटिंग, सरकार द्वारा समय २ पर दिये गये आदेश, समय-समय पर छपी पत्रिकायें, इश्तहार और रसीदें इत्यादी भी थीं जिनको कि निचली अदालत में कोई महत्व नहीं दिया गया।

(५) यह केस फिर दूसरे दिन यानी १४-१-६९ को जारी रहा जबकि श्री शशि रतन का ब्यान दर्ज किया गया। दूसरे गवाह श्री एच० सी० गिरि ने एक अर्जी इस आषय की भेजी कि चूंकि वह अपने निजी केस में श्री एम० के० बंसल सब जज, प्रथत श्रेणीदिल्ली की अदालत में था वह वहाँ उस अदालत में उपस्थिति होने के कारण नहीं आ सकते थे—इस बात की इच्छा प्रकट की थी कि उसके ब्यान के लिये कोई दूसरी तारीख दे दी जावे। यह अर्जी निचली अदालत द्वारा ख़ारिज कर दी गई इस बिना पर कि उनकी (गिरि) गवाही इतनी ज़रूरी नहीं थी। इस परिस्थति में शिकायतकुनन्दा ने एक टैक्सी फौरन श्री एच० सी० गिरि को लाने के लिये भेजी और अन्तो:गत्वा उसी तारीख पर ब्यान भी लिखा गया।

(६) शिकायतकुनन्दा ने १४-१-१९६९ को एक दूसरा प्रार्थनापत्र यह माँग करते हुए दिया कि शिकायतकुनन्दा कुछ संसद-सदस्यों और दूर-दूर के स्थानों से लेखकों व श्री सुभाष चन्द्र बोस के बड़े भ्राताजी श्री सुरेश चन्द्र बोस को भी कलकत्ते से बुलाकर उपस्थित करना चाहता था इस कारण से कि वह स्वयं उनकी अपनी लिखी हुई रिपोर्ट जो श्री शाह नवाज़ खाँ कमीशन रिपोर्ट के विरुद्ध लिखी थी ओर कि यह रिपोर्ट पहले ही दी जा चुकी है—इस लिये यह केस २७-१-१९६९ पर मुलतवी किया जाना चाहिये था ताकि शिकायतकुनन्दा अपने गवाहों को पेश कर सकता। योग्य परीक्षिका मजिस्ट्रेट ने कोई भी किसी प्रकार की भावनायें उपरोक्त प्रार्थनापत्र पर प्रगट की और कोई भी हुक्म उस पर नहीं दिया गया। दूसरे दिन यानी १५ जनवरी १९६९ की फिर तारीख मिली। १५-१-१९६९ को शिकायतकुनन्दा का वकील—तीस हज़ारी कचेहरी में उपस्थित थे शिकायकुदन्दा की प्रार्थनायें अनसुनी करते हुये योग्य महोदया मजिस्ट्रेट ने अपनी मनमानी करते हुये शिकायतकुनन्दा की शहादत को उसके वकील की ग़ैरहाज़िरी में बन्द कर दी योग्य महोदया मजिस्ट्रेट ने इस बात को भी आवश्यक नहीं समझा कि एक अवसर शिकायतकुनन्दा के बकील को जिरह करने, केस को समझने और साबित करने के लिये दिया जाय। नीचे की योग्य कचेहरी ने केवल एक बड़ी नाइन्साफी ही नहीं की शिकायतकुनन्दा के साथ बलात् अपने इच्छानुसार मनमानी, बेकायदगी, और कानून के ज्वलन्त धाराओं और सम्मानित कानूनी नियमावली के विरुद्ध भी कार्यवाई की।

(७) प्रार्थी ने ७२ गवाहों को दर्शाया था और भरसक अपनी कोशिश की उन में से कुछ को उपस्थिति करने के लिये अत्यन्त शीघ्रता के साथ भी। इसलिये उस उपस्थिति में कोई भी इंसाफ या उचित स्थान इस बात के लिये योग्य मजिस्ट्रेट के समक्ष नहीं था कि वह इतनी बेदर्दी के साथ उसकी शहादत को बन्द करदे। निचली योग्य कचेहरी ने जो यह सब कुछ अनियमत्ता और कोरी अनुचिन्त्ता की वह सब इंसाफ को जल्दी पैदा करने हेतु ही।

(८) योग्य निचली अदालत ने, अपने हुक्म में, यह स्वीकार किया है कि बहुत पुस्तकें, दस्ती इश्तहार, फोटो, सूचनापत्र ओर दूसरे छपे हुये कागज़ात मिले हैं। यह सब स्वयं ही इतनी प्राप्त है कि मुल्ज़िमों के विरुद्ध प्राथमिक जुर्म इस मुकदमे में लग सकता है परन्तु निचली योग्य अदालत इन बातों को ज्यादा वजन और सहूलियतें देने में असमर्थ रही। योग्य निचली अदालत ने गवाहों के बयानों को गलत-मलत पढ़ने मैं बडी भारी गलती की है और एक गलत हुक्म, कानून और तहरीरी असलियतों के विरुद्ध दिया है।

(९) तहरीरी शहादत के द्वारा और उन कागजातों के द्वारा जो पेश किये गये, शिकायत-कुनन्दा ने भली-भांति वह मुकदमा पहली हालत में मुल्ज़िमों के बिरुद्ध कायम किया है परन्तु नीचे की योग्य अदालत अपने हाथ में आये मुकदमे पर विशेष ध्यान देने में सफल नही हुई।

(१०) योग्य महोदया मजिस्ट्रट ने यह शिकायत अत्यन्त बेइज्ज़ती के साथ और सी. आर. पी. सी की धाराओं २०० और २०२ की सहूलियतों की निगरानीमें होते हुये भी गलती से ख़ारिज कर दिया।

(११) नीचे की योग्य अदालत से शिकायत को ख़ारिज करने को जो सन्देहास्पद हुक्म दिया गया वह हर प्रकार से कानून और वास्तविकताओं को गलत दिशा में समझ लेने का परिणाम है। उसने (लोअर कोर्ट) ने ही तो शहादत को सुचारू रूप से परखा और न ही वह तमाम असली कागज़ात ही देखे जो उसके समक्ष रक्खे गये। मुकद्दमे को खारिज करने की वजूहात गलत दिशाओं में चले जाना और तहरीरी शहादत में उन मसलों पर विचार करने लगना ज़िनका शहादत से कोई दूर का वास्ता नहीं।

(१२) नीचे की योग्य अदालत शिकायत को गलत दिखाने में गलती पर थी जबकि सम समक्ष वह हलफिया बयान जो अनुमोदन करने वाले और आज़ाद गवा हों ने दिये। (१३) नीचे की योग्य अदालत ने उन मुल्जिमों के विरुद्ध भी मुकदमा स्थापित न करने की गलती की है जिनके लिये वह समझती है कि मुकदमा बनाया गया है।

(१४) अधिनियम १२०-बी, आई. पी. सी के अन्तर्गत अंतोगत्वा यदि षड़यन्त्र नहीं बनाया गया है फिर भी साफ सुथरा मुकदमा श्री शाहनवाज़ खाँ (मुल्जिम नं० १४) डॉ० रमणी रंजन दास (मुल्ज़िम नं० ११), श्री उत्तम चन्द मल्होत्रा (मुल्ज़ि नं० १) और दूसरों के विरुद्ध स्थापित किया गया है। और नीचे की योग्य अदालत को चाहिये था कि वह उन मुल्ज़िमों के विरुद्ध कोई रास्ता अपनाती जिनके विरुद्ध कि एक जुर्म अधिनियम ४२० आई. पी. सी. के अन्तर्गत साबित किया गया है।

(१५) नीचे की योग्य अदालत शिकायत-कुनन्दा द्वारा दी हुई बातों की गहराई देखने में असफल रही है जोकि एक साधारण पुरुष द्वारा प्रति व्यक्ति के नाम लेकर जुर्म लगाये गये हैं उन काली करतूतों के लिये जो वजीरों और बड़े-बड़े ओहदों पर विराजमान

(शेष पृष्ट २ पर)

Prind & Published by I. B. Saxena, Shubash Gali Garrk Park No. 1 & Printed For Kumar Fine Art Perass Charhat Delhi-6